भोपाल
शुक्रवार, 13 फरवरी 2026
फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष-11
वर्ष : 12, अंक : 314
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 28
न्यून. 15

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


एमओयू के बाद हस्ताक्षर दिखाते हुए

एक दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला का किया शुभारंभ

## भगवान विश्वकर्मा के साक्षात अवतार हैं इंजीनियर्स :सीएम

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

सड़क एवं भवन विकास कार्यों के लिए हुए 4 एमओयू

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि वर्तमान समय में हमारे इंजीनियर्स साक्षात भगवान विश्वकर्मा के अवतार हैं। जैसा कहो, निर्माण कर देते हैं। लोक निर्माण विभाग ने पिछले 2 वर्षों के कार्यों के आधार पर अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई है। इस अवधि में सराहनीय कार्य हुए हैं। डॉ. यादव गुरुवार को रवींद्र भवन में लोक निर्माण विभाग ▶▶ शेष पेज 6 पर

**कार्यशाला नवाचारों की श्रृंखला का महत्वपूर्ण कदम: सिंह**

पीडब्ल्यूडी मंत्रीराकेश सिंह ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि यह केवल एक प्रशिक्षण कार्यक्रम नहीं, बल्कि विभाग की उस निरंतर सुधार यात्रा का ▶▶ शेष पेज 6 पर ▶▶ पढ़ें पेज 05 भी

## संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने जारी किया नया वीडियो, दावा- विपक्ष का चरित्र सामने आया

# कांग्रेस के 20-25 सांसदों ने स्पीकर को गालियां दी, प्रधानमंत्री को भी धमकी दी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गुरुवार को संसद के बजट सत्र का 12वां दिन रहा। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा स्पीकर के चैंबर में हुए हंगामे को लेकर नया वीडियो पोस्ट किया है। रिजिजू ने ने सोशल मीडिया पर पोस्ट वीडियो के साथ लिखा कि यह कांग्रेस सांसद द्वारा बनाया गया ▶▶ शेष पेज 6 पर


किरेन रिजिजू


निशिकांत दुबे


राहुल गांधी

**वीडियो में तेज आवाज में विरोध जताते दिखे सांसद**



### भाजपा की मांग: राहुल की सांसदी रद्द हो, चुनाव लड़ना बैन किया जाए

भाजपा ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष के खिलाफ एक मूल प्रस्ताव पेश किया। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि उन्होंने नोटिस में बताया है कि राहुल गांधी सोरोस फाउंडेशन, फोर्ड फाउंडेशन और यूएसएआईडी के साथ जुड़े हैं और भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के लिए थाईलैंड, कंबोडिया, वियतनाम और यूएस जैसे देशों की यात्रा की है। निशिकांत ने कहा कि उन्होंने राहुल गांधी की संसद सदस्यता ▶▶ शेष पेज 6 पर

### राहुल के खिलाफ विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव नहीं लाएगी सरकार


राहुल गांधी के खिलाफ सरकार विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव नहीं लाएगी। सरकार इस मामले में सख्त कार्रवाई करने के इरादे में नहीं है। हालांकि, बताया जा रहा है कि राहुल गांधी ने कल लोकसभा में जो भाषण दिया था, उसमें कही गई कुछ बातें और आरोप प्रमाणित नहीं थे। ऐसे में संभावना इस बात की तेज हो गई है कि राहुल गांधी के ▶▶ शेष पेज 6 पर

MSN माता श्री नेत्रालय
1984 से निरंतर सेवा...
मल्टीस्पेशलिटी नेत्र संस्थान
माताश्री नेत्रालय विगत 42 वर्षों से नेत्र सेवा में तन्मयता से सेवारत...
नेत्र सेवा में विश्वास
डॉ. पी.एस. बिन्द्रा
M.B.B.S., M.D., D.O.M.S.
डॉ. प्रीति बिन्द्रा M.B.B.S., M.S., FCRS लेजर विशेषज्ञ
डॉ. चाहवीर बिन्द्रा M.B.B.S., M.S., FRVS रेटिना विशेषज्ञ
जी-2, मनोरा होम्स के पास (ओरा मॉल के पीछे) गुलमोहर कॉलोनी, भोपाल
समय : सुबह 10.30-3 बजे तक शाम 4.30-6.30 बजे (रविवार अवकाश)
फोन : 0755-2562222, 2562233
मो.: 9826084896

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### दूरदर्शन की न्यूज रीडर रहीं सरला माहेश्वरी का निधन



**नई दिल्ली।** दूरदर्शन का जाना पहचाना चेहरा और पॉपुलर न्यूज रीडर सरला माहेश्वरी का गुरुवार को निधन हो गया। उन्होंने 71 वर्ष की उम्र में आखिरी सांस ली। उनके चाहने वालों में शोक की लहर दौड़ गई है।

### रूस में वाट्सएप बैन हुआ मैक्स के उपयोग की अपील



**नई दिल्ली।** रूस ने स्थानीय कानूनों का उल्लंघन करने के आरोप में वॉट्सएप पर देशभर में बैन कर दिया है। क्रेमलिन ने नागरिकों से अब सरकारी मैक्स मैसेंजर इस्तेमाल करने की अपील की है।

### राजपाल की जमानत याचिका की खारिज



**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर राजपाल यादव की चेक बाउंस मामले की दिल्ली हाईकोर्ट में जमानत पर सुनवाई हुई, कोर्ट ने जमानत देने से मना कर दिया। 16 फरवरी को सुनवाई होगी।

**ट्रेड डील : विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इस मामले पर सरकार का मत सामने रखा**

# डील की फैक्टशीट में संशोधन दोनों देशों की आपसी सहमति के बाद हुए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*मंत्रालय ने कहा कि डील को संयुक्त बयान के रूप में पेश किया गया था। यही बयान (फैक्टशीट) इस मामले में हमारी समझ का आधार बना हुआ है।*

भारत और अमेरिका के बीच हुई ट्रेड डील की चर्चा इन दिनों सभी जगह है। इस डील की फैक्टशीट पर हाल ही में व्हाइट हाउस द्वारा कुछ बदलाव किए गए थे। अब इन बदलावों पर जवाब देते हुए विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह संशोधन दोनों देशों की आपसी सहमति के बाद हुए हैं। यह दोनों देशों की साझा समझ को भी प्रदर्शित करते हैं।

मीडिया से बात करते हुए विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इस मामले पर सरकार का मत सामने रखा। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच में पारस्परिक लाभ और व्यापारिक लाभ को ध्यान में रखकर एक अंतरिम समझौते पर सहमति बनी थी। इसे संयुक्त बयान के रूप में पेश किया गया था। यही बयान (फैक्टशीट) इस मामले में हमारी समझ का आधार बना हुआ है। अमेरिका की तरफ से इसमें जो भी संशोधन किए गए हैं, वह पूरी तरह से आपसी समझ को प्रदर्शित करते हैं। गौर हो कि लंबी बातचीत ▶▶ शेष पेज 6 पर




**ये हुए बदलाव**

- *भारत द्वारा जिन अमेरिकी उत्पादों पर टैरिफ कम करने या समाप्त करने की बात पहले कही गई थी, उनमें से कुछ दालों को हटा दिया गया*
- *अमेरिका ने पहले 500 बिलियन डॉलर की खरीद पर भारत के प्रतिबद्ध होने की बात कही थी, इसे बाद में संशोधित करके 'इरादा रखता है' वाली बात जोड़ी गई*



रणधीर जायसवाल

***दोनों देशों के बीच में पारस्परिक लाभ और व्यापारिक लाभ को ध्यान में रखकर एक अंतरिम समझौते पर सहमति बनी थी***

### सरकार ने किसानों के हितों को ताक पर नहीं रखा

ट्रंप के सत्ता में आने के बाद से लगातार भारत और अमेरिका के बीच में तनाव बना हुआ था। यह तनाव इतना बढ़ गया कि ट्रंप ने भारत की अर्थव्यवस्था को भी खरी-खोटी सुनाना शुरू कर दी। ट्रंप प्रशासन द्वारा लगातार बनाए गए दबाव के बाद भी सरकार ने किसानों के हितों को ताक पर नहीं रखा। महीनों की वार्ता के बाद आखिरकार दोनों देश एक समझौते पर पहुंचे। इस समझौते की तरफ ▶▶ शेष पेज 6 पर

### बांग्लादेश के जनादेश के बाद मुद्दों पर आगे विचार

बांग्लादेश में चुनावों को लेकर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि पहले चुनाव के परिणामों का इंतजार करना चाहिए ताकि स्पष्ट हो सके कि जनता ▶▶ शेष पेज 6 पर

### ब्राजील के राष्ट्रपति लूला भारत आएंगे

ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डा सिल्वा के भारत दौरा को लेकर आधिकारिक घोषणा कर दी गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा 18 से 22 फरवरी 2026 तक भारत के राजकीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान राष्ट्रपति लूला दिल्ली में आयोजित होने वाले दूसरे एआई समिट (19-20 फरवरी) में भाग ▶▶ शेष पेज 6 पर

### भारत-कनाडा सुरक्षा सहयोग को मिली मजबूती

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल के कनाडा के ओटावा दौरे के संबंध में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि एनएसए ने अपने कनाडाई समकक्ष से मुलाकात की, जो सुरक्षा मामलों में चल रहे सहयोग और समन्वय का हिस्सा ▶▶ शेष पेज 6 पर

**सिंगरौली में अंधविश्वास से खूनी खेल**

## जादू-टोने के शक में महिला और पुरुष के सिर किए धड़ से अलग

दो अन्य लोग घायल पड़ोस में रहने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगरौली


घटनास्थल पर पड़े शव

जिले के अतरवां गांव में जादू-टोना के संदेह पर एक महिला और एक पुरुष की निर्मम हत्या कर दी गई। आरोपियों ने मरने वालों के सिर धड़ से अलग कर दिए। इस दौरान बीच-बचाव का प्रयास करने पहुंचे दो अन्य लोगों पर भी वार किए, जिन्हें उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपी को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। जियावन थाना क्षेत्र के ग्राम अतरवां स्थित बैरिहवां टोला में रहने वाले छत्रपति सिंह ने पड़ोस में ही रहने वाले कमल नारायण सिंह और फूलकली ▶▶ शेष पेज 6 पर

**'घूसखोर पंडत' के नाम पर कड़ी आपत्ति**

## सुप्रीम कोर्ट: नया नाम बताओ वर्ना इसे रिलीज नहीं होने देंगे

समाज के किसी वर्ग को अपमानित या बदनाम करने की इजाजत नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


फाइल फोटो

फिल्म 'घूसखोर पंडत' के शीर्षक पर सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी आपत्ति जताई है। अदालत ने संकेत दिया कि यदि फिल्म का नाम नहीं बदला गया तो इसकी रिलीज़ की अनुमति नहीं दी जाएगी।

अदालत ने निर्माताओं से कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर समाज के किसी वर्ग को अपमानित या बदनाम करने की इजाजत नहीं दी जा सकती। पीठ ने स्पष्ट किया कि रचनात्मक स्वतंत्रता महत्वपूर्ण है, लेकिन यह पूर्णतः निरंकुश नहीं है। इसे संवैधानिक मूल्यों व सामाजिक संवेदनशीलता के दायरे ▶▶ शेष पेज 6 पर

**अवैध खनन: कार्रवाई करने गई थी टीम**

## वन कर्मचारियों को घेर बंधक बनाया और पीटा

30 से अधिक लोगों ने घटना को अंजाम दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहडोल


मारपीट का फोटो सामने आया

वन विभाग की सीमा में कार्रवाई करने गई वन विभाग की टीम पर कोल माफिया ने हमला कर दिया है,जिसमें रेंजर शहित कई वन कर्मियों के साथ मारपीट की गई है। रेंजर सहित वन अमले को बंधक बनाकर मारपीट की गई है। कोल माफियाओं के साथ 30 से अधिक लोगों की भीड़ ने घटना को अंजाम दिया है। यह घटना बुधवार की बीती रात में हुई है। सोन नदी के किनारे कोल माफिया लंबे समय से अवैध उत्खनन कर कोयले का परिवहन कर रहे ▶▶ शेष पेज 6 पर

**सीहोर में ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी**

## 22 घायल, 9 नर्मदापुरम रेफर शादी से लौटते समय हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

रेहटी थाना क्षेत्र में सलकनपुर के पास नकटीतलाई के निकट गुरुवार को एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। नए रोड से अचानक नीचे उतरने के कारण ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में महिला, ▶▶ शेष पेज 6 पर


घायलों का अस्पताल में उपचार

### पुलिया से गिरकर 3 युवकों की मौत



**नर्मदापुरम।** सिवनी मालवा तहसील के ग्राम हथनापुर स्थित कीर ढाबे के पास गुरुवार सुबह पुलिया के नीचे तीन युवकों के शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। प्रारंभिक ▶▶ शेष पेज 6 पर

## चार नए श्रम कानून के विरोध में ट्रेड यूनियनों का प्रदर्शन



भोपाल के एमपी नगर का दृश्य

**मप्र में 10 लाख करोड़ से अधिक का बैंकिंग व्यवसाय प्रभावित हुआ**

**भोपाल।** केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के ज्वॉइंट प्लेटफॉर्म से जुड़े कर्मचारी शामिल रहे। वे केंद्र सरकार की कथित एंटी-लेबर, एंटी-फार्मर और एंटी-नेशनल एवं प्रो-कॉर्पोरेट पॉलिसी के विरोध में एक दिन की हड़ताल पर थे। एक दिवसीय इस राष्ट्रव्यापी हड़ताल में इंटक, एटक, एचएमएस, सीटू, एआईयूटीयूसी, ▶▶ शेष पेज 6 पर ▶▶ पढ़ें पेज 3 व 10 भी

**रुद्राक्ष महोत्सव: 12 से 21 फरवरी तक डायवर्ट रहेगा इंदौर-भोपाल हाईवे**

इंदौर तक की 192 किमी की दूरी हुई 308 किमी

## ट्रकों को लगाना होगा 116 किमी का अतिरिक्त चक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

कुबेरेश्वर धाम में 14 फरवरी से शुरू होने वाले भव्य रुद्राक्ष महोत्सव और पंडित प्रदीप मिश्रा की शिव महापुराण कथा को लेकर प्रशासन ने अपनी तैयारी पूरी कर ली है। करीब 10 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के जुटने के अनुमान के चलते इंदौर-भोपाल हाईवे पर गुरुवार 12 फरवरी से यातायात व्यवस्था बदल दी गई है।




### ट्रॉलों को ब्यावरा-शाजापुर मार्ग से भेजा जा रहा

इस डायवर्जन का सबसे बड़ा असर भारी वाहनों पर पड़ेगा, जिन्हें अब अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए 116 किलोमीटर का अतिरिक्त फेरा लगाना होगा। सामान्य तौर पर इंदौर से भोपाल की दूरी 192 किलोमीटर है, जिसे तय करने में करीब 4 घंटे लगते हैं, लेकिन ▶▶ शेष पेज 6 पर

**बांग्लादेश चुनाव: 48% वोटिंग हुई, बीएनपी और जमात के बीच सीधा मुकाबला**

15 साल के लंबे राजनीतिक वनवास के बाद तारिक रहमान के लिए यह जीत बेहद महत्वपूर्ण

## बीएनपी की 120 सीटों पर जीत, पूर्व पीएम खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान बन सकते हैं 'सिरमौर'

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश में गुरुवार को पार्लियामेंट्री चुनाव हुए। शाम से काउंटिंग भी शुरू हुई। बांग्लादेश चुनाव में सीधे तौर पर लड़ाई बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) और जमात-ए-इस्लामी के लीडरशिप वाले अलायंस के बीच है। देर रात 299 सीटों में से बीएनपी 120 सीटें जीतने में कामयाब रही। जो बहुमत के करीब है। बांग्लादेश की पूर्व पीएम खालिदा जिया के बेटे नेशनलिस्ट पार्टी के चेयरमैन तारिक रहमान ने भारी मतों से जीत दर्ज की है। बांग्लादेश जमात-ए-इस्लामी पार्टी 38 सीटों पर जीत हासिल सकी। बांग्लादेश जमात-ए-इस्लामी के उम्मीदवार मुस्तफिजुर रहमान ने अनौपचारिक रूप से जीत दर्ज की है।

### बीएनपी चेयरमैन तारिक रहमान दोनों सीटों पर जीते, जमात को लगा झटका


तारिक रहमान खुशी का इजहार करते हुए

### बांग्लादेश की राजनीति में बड़े बदलाव का संकेत है ये जीत

करीब 18 महीने पहले स्टूडेंट्स की बगावत ने तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार गिरा दी थी। शेख हसीना की अवामी लीग को चुनाव लड़ने से बैन कर दिया ▶▶ शेष पेज 6 पर ▶▶ पढ़ें पेज 11 भी

### संसद में 350 सीटें बहुमत 150 पर

बांग्लादेश की संसद में कुल सीटें 350 हैं। इनमें से 300 सीटों पर प्रत्यक्ष मतदान के तहत लोग चुने जाते हैं तो वहीं, 50 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हैं। चुनाव के बाद विभिन्न राजनीतिक दलों को मिली सीटों के अनुपात में ये 50 सीटें सभी को आवंटित कर दी जाती हैं। ▶▶ शेष पेज 6 पर

# भगवान बटेश्वर चांदी के रथ पर सवार होकर दूल्हा के रूप में निकलेंगे

# धूमधाम से मनाई जाएगी महाशिवरात्रि, राजधानी में 20 जगहों से निकलेगी शिव बारात, शिव मंदिरों में जोरों पर चल रही तैयारियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महाशिवरात्रि के अवसर पर राजधानी भोपाल में 20 से अधिक जगहों पर शिव बारात निकाली जाएगी। महाशिवरात्रि के दिन भगवान महादेव का प्रातः काल की पवित्र बेला में स्मरण करके स्नान करने के बाद व्रत के संकल्प के साथ भगवान शिव का पूजन अभिषेक होगा। इस दिन शिवलिंग का बिल्वपत्र, आक, धतूरा, फूल, दूर्वा, अक्षत, भस्म आदि से श्रृंगार किया जाएगा। महाशिवरात्रि पर्व को लेकर शिव मंदिरों में तैयारियां जारों पर चल रही हैं। शहर में कई स्थानों से सुबह से लेकर शाम तक भगवान नीलकंठ शिव की बारात निकलेगी। इसके बाद रात में शिव-पार्वती सात फेरे लेंगे। सुबह से देर रात्रि तक रस्मों के साथ धार्मिक अनुष्ठान होंगे।

मुख्य आकर्षण बड़वाले महादेव मंदिर से निकलने वाली बारात होगी। श्री बड़वाले महादेव मंदिर सेवा समिति एवं ट्रस्ट के तत्वावधान में भगवान बटेश्वर की बारात धूम धाम से निकाली जाएगी, जिसमें भगवान बटेश्वर चांदी के रथ पर सवार होकर दूल्हा के रूप में निकलेंगे। मंदिर समिति के संजय अग्रवाल एवं प्रमोद नेमा ने बताया कि शिव बारात में अर्धनारीश्वर स्वरूप में रत्नों से सजे बाबा भोलेनाथ, माता पार्वती द्वारा कैलाश पर्वत पर भगवान की पूजन एवं तपस्या, दिव्य राम दरबार, भगवान द्वारकाधीश, समुद्र मंथन एवं भोलेनाथ के द्वारा विषपान की झांकी आकर्षण का केंद्र रहेगी।


बड़वाले महादेव मंदिर में पूजा करते श्रद्धालु।

### शीतला माता मंदिर में लगुन पत्रिका का हुआ वाचन

शीतला माता मंदिर में महाशिवरात्रि महोत्सव का शुभारंभ हो गया है। मंदिर के पुजारी श्रीहरि जोशी ने बताया कि शीतला माता मंदिर शॉपिंग सेंटर भोलेनाथ जी के दरबार मैं लगुन पत्रिका का वाचन कर सभी मातृशक्ति बहनों को कार्यक्रम की जानकारी दी। आने वाले दिनों में श्री महाशिवरात्रि महोत्सव के अंतर्गत बाबा महादेव संग माता पार्वती जी को भक्तों द्वारा हल्दी मेंहदी तेल का अर्पण की जाएगी।

### अशोक विहार स्थित दुर्गा धाम मंदिर से निकलेगी शिव बारात

अशोक विहार स्थित दुर्गा धाम मंदिर से शिव बारात निकलेगी। इसमें देवी देवताओं की झांकियां शामिल होंगी। इसके लिए मंदिर प्रांगण में ही कलाकारों ने मिट्टी से प्रतिमाएं बनाई हैं।

### पशुपतिनाथ का 108 गंगाजल कलशों से होगा, अभिषेक

गोविंदपुरा भेल स्थित श्री पशुपतिनाथ नेपाली समाज मंदिर में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर विशाल गंगाजली कलश यात्रा शिव बारात का आयोजन रखा गया है। दोपहर 12 बजे भगवान श्री पशुपतिनाथ जी का रुद्राभिषेक किया जाएगा। विशाल गंगाजल कलश यात्रा में शिव बारात, नेपाल के परंपरागत पन्चेबाजा के साथ माता मंदिर प्लेटिनम प्लाजा से शुरू होगी।

### बाबा महाकाल फूलों के महल में होंगे विराजमान

छोला विश्राम घाट शिवजी के मंदिर में विराजे बाबा मुक्तेश्वर महाकाल का श्रृंगार किया जाएगा। महाशिवरात्रि के अवसर पर भोलेनाथ संग पार्वती का विवाह का आयोजन रखा गया है। मंदिर के पुजारी पं. गोपाल कृष्ण पुरोहित ने बताया कि महाशिवरात्रि पर्व पर बाबा महाकाल फूलों के महल में विराजमान होंगे। बाबा की भस्म आरती होगी।

## महाशिवरात्रि पर भोपाल एवं संत हिरदाराम नगर से उज्जैन के लिए मेला स्पेशल ट्रेने चलेंगी

**भोपाल।** रेलवे द्वारा उज्जैन के लिए संत हिरदाराम नगर से 2 जोड़ी एवं भोपाल से 1 जोड़ी अनारक्षित मेला स्पेशल ट्रेनों को चलाने का निर्णय लिया गया है। यह अनारक्षित स्पेशल ट्रेन 12 कोच की होगी। सीनियर डीसीएम सौरभ कटारिया ने बताया कि मेला के दौरान अतिरिक्त यात्रीभार को क्लीयर करने के उद्देश्य से स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है।

**उज्जैन-संत हिरदाराम नगर-उज्जैन अनारक्षित स्पेशल (प्रतिदिन)**

09305 उज्जैन-संत हिरदाराम नगर स्पेशल 13 से 22 फरवरी तक प्रतिदिन 9 बजे उज्जैन से प्रस्थान करेगी और 13.30 बजे संत हिरदाराम नगर पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी सं या 09306 संत हिरदाराम नगर-उज्जैन स्पेशल 13 से 22 फरवरी तक प्रतिदिन 14.30 बजे संत हिरदाराम नगर से प्रस्थान करेगी और 19.30 बजे उज्जैन पहुंचेगी।

**उज्जैन-संत हिरदाराम नगर-उज्जैन अनारक्षित स्पेशल (प्रतिदिन)**

09313 उज्जैन-संत हिरदाराम नगर स्पेशल 13 से 22 फरवरी तक प्रतिदिन 16 बजे उज्जैन से प्रस्थान करेगी और 21.40 बजे संत हिरदाराम नगर पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी सं या 09314 संत हिरदाराम नगर-उज्जैन स्पेशल दिनांक 13 से 22 फरवरी तक प्रतिदिन 22.30 बजे संत हिरदाराम

## खबर संक्षेप

### विजया एकादशी पर आज भक्त रखेंगे व्रत

**भोपाल।** फाल्गुन माह में कृष्ण पक्ष की विजया एकादशी पर शुक्रवार को व्रत रखेंगे। इस मौके पर राजधानी के श्रीजी मंदिर,बिड़ला मंदिर,गुफा मंदिर सहित अन्य मंदिरों में विशेष पूजा-पाठ व आरती की जाएगी। मां चामुंडा दरबार के पुजारी रामजीवन दुबे ने बताया कि हिंदू पंचांग के अनुसार फाल्गुन माह में कृष्ण पक्ष की एकादशी को विजया एकादशी माना जाता है। यह भगवान विष्णु को समर्पित है। धार्मिक मान्यता है कि इस दिन व्रत रखने से भगवान विष्णु जी का आशीर्वाद प्राप्त होता है। इस व्रत के प्रभाव से व्यक्ति को समस्त पापों से मुक्ति मिलती है और वह विजयश्री को प्राप्त करता है।

### किंगडम एकेडमी का किया उद्घाटन

**भोपाल।** संगीतमय सुंदरकांड पाठ के साथ किंगडम एकेडमी का उद्घाटन किया गया है। करोंद क्षेत्र में मेडिकल, इंजीनियरिंग क्षेत्र की प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के क्षेत्र में एक नई शुरुआत की गई। संस्थान का उद्घाटन विकास चंद्रा, भारती वाड्बुदे, नरेंद्र दांगी और सोनम दांगी द्वारा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ संगीतमय सुंदरकांड पाठ के बाद विधिवत पूजा-अर्चना एवं फीता काटकर किया गया। इस मौके पर अभिभावकगण एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही। संस्थान संचालकों ने बताया कि द किंगडम एकेडमी का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ व्यवस्थित और अनुशासित तरीके से परीक्षा की तैयारी सुनिश्चित करवाना है, जिससे वे नीट जीईई में सफल बन सकें।

### आज हज यात्रियों के लिए टीकाकरण का शिविर

**भोपाल।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा हज यात्रियों के दल का टीकाकरण को लेकर शुक्रवार से विशेष शिविर का आयोजन करने जा रहा है। जो सुबह 11 से शाम 4 बजे तक 17 फरवरी तक रोजना टीकाकरण किया जाएगा। यह चिकित्सकीय दल 17 फरवरी तक सिंगारचोली गुलमोहर गार्डन स्थित मप्र राज्य हज कमेटी हज हाउस में हज यात्रियों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं टीकाकरण करेगा । हज यात्रियों को मेनेनजाइटिस एवं पोलियो के टीके लगाए जा रहे हैं। 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को इन्फ्लूएंजा का टीका भी लगाया जा रहा है।

### उज्जैन में आयुर्वेद एम्स खोले जाने का स्वागत

**भोपाल।** यूनियन बजट 2026 में केंद्र सरकार द्वारा देश में तीन नए आयुर्वेद एम्स खोले जाने की घोषणा के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा उज्जैन में आयुर्वेद एम्स शुरू करने की घोषणा का स्वागत किया गया है। स्वागत करने वालों में आयुष मेडिकल एसोसिएशन, निजी आयुर्वेद महाविद्यालय शिक्षक कल्याण संघ, अभा आयुर्वेद महासम्मेलन की मप्र शाखा मप्र आयुर्वेद सम्मेलन, मप्र आयुर्वेद छात्र संगठन, आयुर्वेद पीजी एसोसिएशन सहित विभिन्न आयुष संगठन शामिल हैं। आयुष मेडिकल एसोसिएशन के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. राकेश पांडेय ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के प्रति आभार व्यक्त किया।

## 'बीडीए' में शुरू किया गया ई-ऑफिस सिस्टम पूरी तरह फेल

# ये कैसा दफ्तर... एक कमरा एक कंप्यूटर और बारी-बारी से नौकरी

- एक ही कंप्यूटर पर कई विभागों का बोझ, पुराने ढर्रे पर ही चल रहा काम
- पूरे परिसर में संचालित हर विभाग में सिर्फ एक-एक कंप्यूटर उपलब्ध
- कर्मचारियों को कंप्यूटर के लिए कतार में लगना पड़ रहा है
- ई-ऑफिस सिर्फ कागजों में लागू, व्यवहार में फाइलें ही दौड़ रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल विकास प्राधिकरण 'बीडीए' द्वारा एक माह पहले बड़े जोर-शोर से शुरू किया गया ई-ऑफिस सिस्टम ज़मीनी हकीकत में पूरी तरह फेल साबित हो रहा है। ई-ऑफिस के नाम पर बीडीए मुख्यालय में आज भी कामकाज पुराने ढर्रे पर ही चल रहा है। हालात यह हैं कि पूरे परिसर में संचालित हर विभाग में सिर्फ एक-एक कंप्यूटर उपलब्ध है, जिस पर कई विभागों का काम किया जा रहा है।


फाइल फोटो

### व्यवस्था में जल्द सुधार होगा

विभाग के अधिकारी ने बताया कि कार्यालय में ई सेवा केंद्र हाल ही में खोला गया है, इसके सुधार के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। कोशिश रहेगी कि पूरा काम पेपरलैस हो, इसके लिए जल्द ही यहां की व्यवस्थाओं में सुधार होगा।

### एक सिस्टम, कई विभाग, लंबी कतारें

राजस्व शाखा, लेखा विभाग, तकनीकी शाखा, स्थापना और ऑडिट जैसे अहम विभागों के लिए एक ही कंप्यूटर है, जिससे काम हो रहा है। एक विभाग का काम पूरा होने के बाद उसी सिस्टम पर दूसरे विभाग की फाइलें खोली जाती हैं। नतीजा यह है कि कर्मचारियों को कंप्यूटर के लिए कतार में लगना पड़ रहा है, जिससे काम की रफ्तार और धीमी हो गई है।

### कर्मचारियों की कमी जनता परेशान

बीडीए की कई शाखाओं में कर्मचारियों की कमी है। लोग रोजाना घंटों दफ्तर में बैठकर अपने काम होने का इंतजार करते रहते हैं। स्थिति यह है कि लगभग 80 प्रतिशत काम आउटसोर्स कर्मचारियों के भरोसे चल रहा है, जबकि नियमित कर्मचारी और अधिकारी अधिकांश समय कार्यालय से नदारद रहते हैं।

### आनन-फानन में लागू हुआ ई-ऑफिस

बीडीए प्रशासन ने बिना पर्याप्त संसाधन जुटाए आनन-फानन में ई-ऑफिस लागू करने का तुगलकी फरमान जारी कर दिया। जरूरी कंप्यूटर, स्टाफ और तकनीकी सुविधाओं को नजर अंदाज कर दिया गया, जिससे अब यह व्यवस्था खुद बीडीए के लिए सिरदर्द बन चुकी है।

### ई-ऑफिस, लेकिन फाइलों का अंबार

ई-ऑफिस लागू होने के बावजूद बीडीए के दफ्तरों में टेबलों पर आज भी फाइलों का ढेर लगा हुआ है। अधिकांश काम कागजों पर ही किया जा रहा है। हालात ऐसे हैं कि ई-ऑफिस सिर्फ कागजों में लागू नजर आ रहा है, जबकि व्यवहार में फाइलें ही दौड़ रही हैं।

### ऑपरेटर छुट्टी पर, काम ठप

जिस कर्मचारी को कंप्यूटर पर काम करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है, वह इन दिनों अवकाश पर है। इसके चलते ई-ऑफिस से जुड़ा काम लगभग ठप पड़ा है। इसका सीधा असर न सिर्फ बीडीए के आधिकारिक कामकाज पर पड़ रहा है, बल्कि आम नागरिकों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## राशन दुकानों पर लग रही उपभोक्ताओं की लंबी-लंबी कतार

# पांच दिन से बंद पड़ा राशन का सर्वर, छठवें दिन भी अटका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महीने की एक तारीख से राशन बांटने का दावा करने वाले खाद्य विभाग के सर्वर ने उपभोक्ताओं को परेशान कर रखा है। शहर की पांच सौ से अधिक पीडीएस दुकानों पर पिछले पांच दिन से राशन का सर्वर बंद पड़ा है। छठवें दिन दोपहर 12 के बाद सर्वर चला, लेकिन अटकने की वजह से उपभोक्ताओं के फिंगर देरी से दर्ज हुए। महीने की 12 तारीख होने की वजह से दुकानों पर राशन लेने वालों की भीड़ भी बढ़ गई है।


फाइल फोटो

जिले के करीब तीन लाख परिवारों को खाद्य विभाग प्रत्येक माह गेहूं, चावल, शक्कर और नमक देता है, जिसके लिए एक तारीख से राशन बांटने का काम शुरू कर दिया जाता है, लेकिन इस बार 12 दिन गुजरने के बाद भी राशन बांटने का काम शुरू नहीं हो पाया है। सात तारीख का सर्वर में एरर आने से प्वाइंट ऑफ सेल मशीनों ने काम नहीं किया, जिसके बाद से सर्वर पूरी तरह से बंद रहा। जिला आपूर्ति नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन ने बताया कि राशन पोर्टल पर अपडेशन का काम चल रहा है, जिसकी वजह से राशन वितरण के काम में रुकावट आई है। हालांकि गुरुवार से राशन बांटने का काम शुरू कर दिया गया है।

## राज्यपाल पुरस्कार समारोह 24 फरवरी को

# बोर्ड परीक्षा के बीच बीएसजी का कार्यक्रम, विद्यार्थियों में असमंजस

25 फरवरी को पीसीएम वाले विद्यार्थियों का है मैथ्स का पेपर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारत स्काउट्स एंड गाइड्स (बीएसजी) का राज्यपाल पुरस्कार समारोह 24 फरवरी को आयोजित होगा। हालांकि कार्यक्रम और परीक्षा की तारीख के बीच तालमेल न बैठ पाने से विद्यार्थियों के सामने असमंजस की स्थिति निर्मित हो गई है। बताया जा रहा है कि विद्यार्थी को यदि सम्मान लेना है तो 23 फरवरी सुबह 11 बजे पहुंचना होगा। इसके बाद 24 फरवरी शाम 5:30 बजे के बाद वापसी होगी।

इधर 24 फरवरी को सीबीएसई का एकाउंट्स का पेपर है, जो बच्चे पीसीएम वाले हैं, उनका मैथ्स का पेपर 25 फरवरी को है। वहीं माशिमं बोर्ड की भी परीक्षाएं हैं। ऐसे में विद्यार्थियों का कहना है कि समारोह 28 मार्च के बाद भी आयोजित किया जा सकता है, ताकि सभी विद्यार्थी इसमें शामिल हो सकें। इधर मामले में जब राज्य सचिव, भारत स्काउट्स एंड गाइड्स मप्र बी एल शर्मा से संपर्क किया तो उनका फोन बंद आया।

### भोपाल-इटारसी एक्सप्रेस का पथरिया पर अतिरिक्त ठहराव

**भोपाल।** रेल प्रसाशन द्वारा यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल के दो ट्रेनों भोपाल-इटारसी-भोपाल एक्सप्रेस का 14 फरवरी से पथरिया एवं भोपाल-बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस का 13 फरवरी से करहिया भाडेली स्टेशन पर दोनों दिशाओं में 02 मिनट का अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया गया है। यह अतिरिक्त ठहराव अगले आदेश तक प्रभावी रहेगा। गाड़ी सं या 11271 इटारसी-भोपाल एक्सप्रेस का पथरिया स्टेशन पर आगमन समय 01.03 बजे एवं वापसी में गाड़ी सं या 11272 भोपाल-इटारसी एक्सप्रेस का पथरिया स्टेशन पर आगमन समय 00.03 बजे होगा।

# मप्र शिक्षक संघ ने परिवार पेंशन दिने का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पिछली कैबिनेट में एनपीएस के तहत नियुक्त कर्मचारियों अधिकारियों को 2005 के बाद नियुक्त 10 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण करने वाले समस्त लोग सेवकों को परिवार पेंशन दिए जाने का निर्णय प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा जो लिया गया है, शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. क्षत्रवीर सिंह राठौर और महामंत्री राकेश गुप्ता ने निर्णय का स्वागत किया है।

संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राठौर ने बताया कि संगठन ने समय-समय पर मुख्यमंत्री से भेंट के दौरान और संघ के द्वारा दिए गए ज्ञापनों में एनपीएस पात्रता धारी कर्मचारियों के परिजनों के हितों के लिए भी मांग रखी है और 28 जनवरी को भोपाल में प्रदेश स्तरीय शैक्षिक गुणवत्ता सम्मेलन सेवानिवृत शिक्षकों के सम्मान और मुख्यमंत्री अभिनंदन कार्यक्रम में, स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत नवीन शिक्षक संवर्ग की नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता दिए जाने और विशेष कर उनके परिवार जनों के हितों को लेकर एवं पेंशन भी सम्मानजनक तरीके से मिलना चाहिए। इसलिए मध्य प्रदेश शिक्षक संघ को पूर्ण विश्वास है जैसा कि मुख्यमंत्री ने अपने उद्बोधन में कहा था कि अभी 2 वर्ष पूर्ण हुए हैं हमने शिक्षकों एवं कर्मचारियों के हितों में अनेक निर्णय लिए हैं। भविष्य में उनकी जो मांगे हैं उनका पूर्ण करेंगे।

## विवि प्रशासन के प्रयास के बावजूद सीएम हेल्पलाइन पर बढ़ जाती हैं शिकायतें

# बीयू: समयमान वेतनमान और अनुकंपा नियुक्ति के इंतजार में कई कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में कर्मचारियों में इन दिनों असंतोष है। कई कर्मचारियों का कहना है कि विवि में अनुकंपा नियुक्ति से लेकर समयमान वेतनमान तक की फाइलें कुलगुरु के केबिन में जाकर अटक रही हैं। इससे एक ओर जहां कई अनुकंपा नियुक्ति के लिए लंबे समय से विवि के चक्कर काट रहे हैं तो कई कर्मचारी सीएम हेल्पलाइन तक गुहार लगा चुके हैं। कर्मचारियों का कहना है कि अनुकंपा नियुक्ति की फाइल पर हर बार कोई न कोई टीप लगकर वापस आ जाती है, जबकि इसके लिए वे हर स्तर पर प्रयास कर चुके हैं।

### ऑनलाइन से सुविधा के साथ समस्याएं भी बढ़ीं

कई कर्मचारियों का कहना है कि विवि प्रशासन का लगभग हर कार्य अब ऑनलाइन हो गया है। इससे सुविधा तो बढ़ी है, लेकिन समस्याएं भी बढ़ रही हैं। यहां तक की पहले विवि में कॉलेजों से छात्र-छात्राओं के परीक्षा फार्म के साथ उनके मार्कशीट सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज आते थे, जिससे फार्म में हुई त्रुटि को आसानी से सुधार लिया जाता था। अब फार्म भरने की जिम्मेदारी कॉलेजों को ऑनलाइन के माध्यम से दे दी गई है। इससे किसी छात्र के फार्म में गलती होती है तो विवि के पास संबंधित छात्र के दस्तावेज नहीं होने से उसमें संशोधन करने के लिए कॉलेज को ही सूचित करना पड़ता है। ऐसे में अगर कॉलेज में देरी होती है तो छात्र को सीएम हेल्प लाइन का रास्ता ही दिखता है। ऐसे में सीएम हेल्पलाइन पर विवि की शिकायतों की फेहरिस्त बढ़ जाती है।

## वेबसाइट पर जारी हुआ परिणाम

# ओपन बोर्ड: 5वीं, 8वीं, 10वीं एवं 12वीं का परिणाम 51.58 प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा मप्र राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोड के माध्यम से 'रुक जाना नहीं' योजना सहित विभिन्न ओपन स्कूल योजनाओं के तहत आयोजित परीक्षा के परिणाम जारी कर दिए गए हैं। विद्यार्थी म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड की वेबसाइट पर परीक्षा परिणाम देख सकते हैं। प्रदेश के हजारों ऐसे विद्यार्थियों को दोबारा परीक्षा देने का अवसर मिला था जो मुख्य परीक्षाओं में अनुत्तीर्ण हो गए थे। माह दिसंबर 2025 में आयोजित 'रुक जाना नहीं' योजना की परीक्षा में कक्षा 10वीं के 16 हजार 356 एवं कक्षा 12वीं के 23 हजार 847 विद्यार्थियों ने आवेदन किया था। परीक्षा 15 दिसंबर 2025 से 6 जनवरी 2026 तक आयोजित की गई थीं। इसके साथ ही बोर्ड द्वारा रुक जाना नहीं (कक्षा 10 एवं 12), राज्य ओपन परम्परागत (कक्षा 5, 8, 10 एवं 12), आ लौट चले (कक्षा 10 एवं 12), सीबीएसई ऑन डिमांड (कक्षा 12), आईटीआई 12 समकक्ष और मदरसा बोर्ड योजनाओं के परीक्षा परिणाम भी घोषित कर दिए गए हैं। इन सभी योजनाओं के अंतर्गत कक्षा 5वीं, 8वीं, 10वीं एवं 12वीं का कुल परिणाम 51.58 प्रतिशत रहा है।

## प्रबंध संचालक ने गोविंदपुरा एरिया स्टोर का निरीक्षण कर दिए निर्देश

# स्टोर में भंडारित सामग्री का नियत अंतराल में भौतिक सत्यापन करें: गर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक ऋषि गर्ग ने गुरुवार को गोविंदपुरा स्थित एरिया स्टोर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रबंध संचालक ने निर्देशित किया कि सामग्री का भंडारण व्यवस्थित ढंग से किया जाये ताकि सामग्री सुरक्षित रहे और उसका परिवहन सुगमता से किया जा सके। उन्होंने कहा कि स्टोर में सामग्री का नियत अंतराल में भौतिक सत्यापन करें और उपभोक्ताओं के सर्वोच्च हित को ध्यान में रखते हुए विद्युत सामग्री के प्रबंधन पर ध्यान दें।


गोविंदपुरा स्थित एरिया स्टोर का निरीक्षण करते ऋषि गर्ग व अन्य।

प्रबंध संचालक ने एरिया स्टोर में विभिन्न विद्युतीय सामग्री के आवक-जावक की ऑनलाइन व्यवस्था का निरीक्षण किया और इसमें सुधार के निर्देश दिये। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसी सामग्री जिसका उपयोग जल्दी किया जाना है उसको सामने की तरफ पहले रखा जाए तथा जिस सामग्री का उपयोग बाद में किया जाना है उसे पीछे की तरफ रखा जाए। गर्ग ने इस दौरान एरिया स्टोर की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिए। सामग्री प्रबंधन को लेकर उन्होंने स्टोर मैन्युअल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि नये पॉवर ट्रांसफार्मर एवं नये वितरण ट्रांसफार्मर तथा जले एवं खराब पॉवर और वितरण ट्रांसफार्मरों का अलग-अलग स्थान पर भंडारण करें, ताकि स्पष्ट तौर पर पता चल सके कि कौन सा ट्रांसफार्मर फील्ड में भेजा जाना है और कौन सा ट्रांसफार्मर स्क्रेप या रिपेयरिंग एजेंसी को भेजा जाना है। इस अवसर पर निदेशक (वाणिज्य) सुधीर कुमार श्रीवास्तव भी मौजूद थे।

### बारिश से बचाव के लिए अतिरिक्त शेड बनाया जाए

प्रबंक गर्ग ने कहा कि एरिया स्टोर में सामग्री के बारिश से बचाव के लिए अतिरिक्त शेड बनाया जाए तथा यार्ड में भरे पानी की निकासी के लिए उचित व्यवस्था की जाए। उन्होंने यार्ड में मौजूद झाड़ियों और पेड़-पौधों को साफ करने तथा नालियों की सफाई कराने के निर्देश दिए। प्रबंध संचालक ने एरिया स्टोर के वरिष्ठ अधिकारियों से कहा कि स्क्रेप के निस्तारण के लिए कंपनी की जो नीति निर्धारित है, उसका पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि एरिया स्टोर में कार्यरत कार्मिकों के अलावा अन्य बाहरी व्यक्ति प्रवेश न करे, ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा सभी कार्मिकों के पास पहचान पत्र होना चाहिए। सुरक्षा को लेकर उन्होंने कहा कि एरिया स्टोर में निगरानी की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और सीसीटीवी के वीडियो फुटेज की सतत स्क्रूटनी की जाए।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने अंतरराष्ट्रीय पैरा तैराक सत्येंद्र को दी बधाई

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने पद्मश्री तथा तेनजिंग नोर्गे राष्ट्रीय साहसिक पुरस्कार से सम्मानित मध्यप्रदेश के गौरव, अंतरराष्ट्रीय पैरा तैराक सत्येंद्र लोहिया को उनकी ऐतिहासिक उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने कहा कि सत्येंद्र लोहिया ने विश्व के अत्यंत चुनौतीपूर्ण समुद्री मार्गों में शामिल न्यूज़ीलैंड के कुक स्ट्रेट की लगभग 30 किलोमीटर लंबी समुद्री तैराकी को सफलतापूर्वक पार कर नया इतिहास रचा है। इस असाधारण उपलब्धि के साथ वे कुक स्ट्रेट को पार करने वाले एशिया के प्रथम पैरा तैराक बन गए हैं।











# इंग्लिश चैनल पार करने के बाद पद्मश्री सत्येंद्र ने पार की न्यूजीलैंड की कुक स्ट्रेट

## 15 डिग्री सेल्सियस के ठंडे पानी में 9 घंटे 22 मिनट में पार की 24 किमी की दूरी

प्रवीण सक्सेना ▶▶ भोपाल

विश्व की कठिनतम समुद्री तैराकियों में से एक न्यूजीलैंड की कुक स्ट्रेट को मप्र के पद्मश्री सत्येंद्र सिंह लोहिया ने गुरुवार को सफलतापूर्वक पार कर लिया है। इससे पहले उन्होंने 24 जून 2018 को इंग्लिश चैनल पार की थी। इसके साथ ही पैरा तैराक सत्येन्द्र अपने दोनों पैर खराब होने के बावजूद कुक स्ट्रेट पार करने वाले एशिया के पहले पैरा स्विमर बन गए हैं। उन्होंने 24 किमी की यह दूरी कुल 9 घंटे 22 मिनट में तय की। उनके इस मिशन में इंडेक्स मेडिकल कॉलेज के सुरेश सिंह भदौरिया और भोपाल के दिलीप सूर्यवंशी का विशेष सहयोग रहा। सत्येंद्र ने हरिभूमि को बताया कि उन्होंने यह तैराकी न्यूजीलैंड के समयानुसार सुबह 10 बजे शुरू की थी, जो शाम को लगभग 7 बजे खत्म की जब उन्होंने दूसरे किनारे की चट्टान को छुआ।

*ऐसा करने वाले एशिया के पहले दिव्यांग तैराक बने*

*न्यूजीलैंड के सुबह 10 बजे शुरू की थी तैराकी*



### 12 घंटे 26 मिनट में की थी इंग्लिश चैनल पार

लोहिया इंग्लिश चैनल पार करने वाले एशिया के पहले पैरा स्विमर हैं। 24 जून 2018 को स्विमर पद्मश्री सत्येन्द्र लोहिया ने लंदन में 36 किलोमीटर इंग्लिश चैनल को 12 घंटे 26 मिनट में पार किया। सत्येन्द्र ने यह सफलता अपने तीन दोस्तों के साथ हासिल की थी। उनके साथ बंगाल से रेमो शाह, महाराष्ट्र से चैतन राउत और राजस्थान से जगदीश सैंड्रा थे। इसके अलावा, इंग्लिश चैनल रिले को पार करने के बाद, उन्होंने 2019 में यूएसए में कैटालिना चैनल को पार करके एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की। उन्होंने 11 घंटे 34 मिनट के समय के साथ कैटलिना चैनल को सफलतापूर्वक पार करके एक एशियाई रिकॉर्ड भी बनाया। इसके साथ ही साल 2022 में लोहिया ने 14 घंटे 39 मिनट तक 12 डिग्री तापमान पर ठंडे पानी में 36 किलोमीटर नॉर्थ चैनल तैरकर विश्व रिकॉर्ड बनाया।

### जैली फिश और शार्क जैसी कई चुनौतियों से निकले

उन्हें कई मुश्किलों का सामना करना पड़ा। इनमें शार्क और जैली फिश के खतरे भी शामिल थे। इनसे बचने उन्होंने अपने शरीर पर ग्रीस लगा लिया था। वहीं 15 डिग्री से. पारे के ठंडे पानी, तेज धारा और प्रतिकूल मौसम के बावजूद दृढ़ संकल्प के साथ इस चुनौती को पूरा किया।

### 17 जनवरी को हुए थे न्यूजीलैंड रवाना

सत्येंद्र इस मिशन के लिए 17 जनवरी को न्यूजीलैंड रवाना हुए थे। इससे पहले मप्र भवन में 16 जनवरी को मप्र के सीएम डॉ. मोहन यादव ने उन्हें इस मिशन की सफलता के लिए अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा था कि श्री लोहिया जैसे खिलाड़ी दिव्यांगजनों के साहस के प्रतीक हैं तथा युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

### इंग्लिश चैनल पार करने के साथ ही देश के लिए जीते 24 पदक

लोहिया ने निशाद नेशनल पैरा स्विमिंग चैंपियनशिप में भाग लेकर देश के लिए 24 पदक जीते हैं। जिसके बाद उन्हें 2020 में राष्ट्रपति द्वारा तेनजिंग नोर्गे पुरस्कार से सम्मानित किया। सत्येंद्र के मुताबिक वह यह पुरस्कार पाने वाले भारत के पहले दिव्यांग खिलाड़ी हैं। उन्हें पीएम नरेंद्र मोदी ने भी बुलाकर सम्मानित किया था। इसके बाद लोहिया को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 16 अप्रैल 2024 को पद्मश्री से सम्मानित किया था। 2014 में मप्र का विक्रम पुरस्कार प्राप्त करने के बाद उन्हें 2016 में वाणिज्यिक कर विभाग में पदस्थ किया गया। वे मूल रूप से ग्वालियर के रहने वाले हैं। फिलहाल वह इंदौर में जीएसटी विभाग में पदस्थ हैं। सिंह ने 2007 में तैराकी शुरू की थी, तब से आज तक उन्होंने 7 राष्ट्रीय और 3 अंतर्राष्ट्रीय पैरा तैराकी चैंपियनशिप में भाग लिया है और लगभग 20 पदक जीते हैं, जिसमें 5 स्वर्ण पदक शामिल हैं।



अपने न्यूजीलैंड के सहयोगियों के साथ तैराक सत्येंद्र।

## सीएम हेल्पलाइन में 5, लापरवाही पर 15 पंचायत सचिव को नोटिस

**भोपाल।** सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण करने में लापरवाही बरतने पर जिला पंचायत सीईओ इला तिवारी ने जपं बैरसिया के मनरेगा परियोजना अधिकारी दयाशंकर श्रीवास्तव, लेखा अधिकारी मनरेगा प्रेमलता मालवीय, वरिष्ठ डेटाबेस मैनेजर हीरालाल महोबिया, एपीओ मनरेगा हेमंत माधुरे, दीप्ति राय को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया है,जबकि सरकारी योजनाओं में लापरवाही पर पंचायत सचिव अचारपुरा मस्तान मीणा, परसोरा, मांगीलाल यादव, कोटरा सरवन सोलंकी, करारिया पुरुषोत्तम गुर्जर, झिरनियां, अवधनारायण विश्वकर्मा गुर्जरतोड़ी ओमप्रकाश गौर, पिपलिया जाहिरपीर मंसाराम पाल, मूंडला दीपक श्रीवास्तव, जमुनियाकलां रूपनारायण जाट, छावनी पठार बालमुकुंद शर्मा, बिसनखेड़ी संतोष औचावर, बरखेड़ा नाथू परमसिंह मारण, सिकंदराबाद अरुण शर्मा, बागसी अवधनारायण विश्वकर्मा और कैलाशनाराण साहू दोराहा को नोटिस जारी किए गए हैं।

## आज छाएंगे बादल, तापमान में मामूली होगा बदलाव

**भोपाल।** राजधानी सहित प्रदेशभर में गुरुवार को दिन और रात के तापमान में मामूली बदलाव रहा। प्रदेश में शुक्रवार से नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। इससे अगले तीन दिन कुछ जिलों में बादल छाएंगे और तापमान में मामूली बदलाव जारी रहेगा। भोपाल में भी बादलों का असर रहने से दिन के पारे में कुछ और कमी आएगी। दो दिन तापमान में ज्यादा बदलाव नहीं होगा, इसके बाद तापमान बढ़ेगा। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार 13 से 16 फरवरी के बीच दो पश्चिमी विक्षोभ आएंगे। इससे बादल छाएंगे, तापमान में बदलाव होगा और 20-22 फरवरी के आसपास मौसम में फिर बदलाव हो सकता है। गुरुवार को भोपाल में दिन का पारा 28.4 डिग्री रहा, जबकि रात का पारा 13 डिग्री के करीब थमा रहा। प्रदेश में सबसे अधिक दिन का पारा खरगौन में 33.2 डिग्री रहा, जबकि चार शहरों में पारा 31 से 33 डिग्री के बीच दर्ज हुआ है। प्रदेशभर में गुरुवार को दिन का औसत पारा 29 डिग्री, जबकि न्यूनतम तापमान 12 डिग्री रहा है। दो दिन अभी बादलों के असर से तापमान में बदलाव होता रहेगा।

## प्रदेशभर के कर्मियों की हड़ताल, जनजीवन पर दिखा मिला-जुला असर

# श्रमिक संगठनों की हड़ताल से राजधानी में 2 लाख 72 हजार करोड़ रुपए का बैंकिंग व्यवसाय प्रभावित

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के जॉइंट प्लेटफॉर्म से जुड़े कर्मियों ने गुरुवार को प्रदर्शन किया। केंद्र सरकार की जन एवं श्रम विरोधी नीतियों के खिलाफ देशभर के 25 करोड़ से ज्यादा मजदूर, कर्मचारी एवं अधिकारी हड़ताल पर रहे। इससे बैंक, बीमा, डाक तार, केंद्र, आयकर, बीमा, बीएसएनएल, आगनबाड़ी, कोयला, परिवहन, तेल, पोर्ट, विमानन, एवं अन्य संस्थानों के कार्यालयों में कामकाज ठप रहा। श्रमिक संगठनों की हड़ताल का जनजीवन पर मिला-जुला असर दिखा। मप्र बैंक एम्पलाइज एसो. महासचिव वीके शर्मा बताया कि 12 सूत्रीय मांगों के समर्थन में राजधानी में ट्रेड यूनियनों के हजारों कामगार एवं कर्मचारी रंग-बिरंगे बैनर, पोस्टर के साथ सुबह इंदिरा प्रेस कांप्लेक्स पीएनबी की शाखा के सामने एकत्रित हुए। उन्होंने अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी कर प्रभावी प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि इस हड़ताल में राजधानी में साढ़े 400 बैंक शाखाओं के 4 हजार बैंककर्मियों के हड़ताल में शामिल होने करीब 2 लाख 72 हजार करोड़ रुपए का बैंकिंग व्यवसाय प्रभावित हुआ।




एमपी नगर से बैंक कर्मियों ने हड़ताल के बाद रैली निकाली।

### वित्तीय संस्थानों की ट्रेड यूनियंस की यह रही मांगें

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और बीमा कंपनियों को मजबूत करो, निजीकरण और विनिवेश पर रोक लगाओ, बीमा क्षेत्र में 100 फीसदी विदेशी निवेश पर रोक लगाओ, सार्वजनिक सामान्य बीमा कंपनियों का एकीकरण करो, पर्याप्त नई भर्तियों करो, आउटसोर्सिंग व ठेका प्रथा पर रोक लगाओ, एनपीएस हटाकर पुरानी पेंशन योजना लागू करो, कारपोरेट से बकाया ऋण वसूली के लिए सख्त कार्यवाही करो, आम ग्राहकों पर सेवा शुल्क में कमी करो, चार नई श्रम संहिताओं/लेबर कोड्स को वापस लो, ट्रेड यूनियन अधिकारों में हस्तक्षेप बंद करो।

### भोपाल में हड़ताली कर्मियों ने कलरफुल इंकलाबी रैली निकालकर जताया आक्रोश




रैली में महिला कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

प्रदर्शन के पश्चात करीब 2000 से ज्यादा कर्मियों की रैली प्रारंभ हुई। रैली में महिलाओं की संख्या उल्लेखनीय थी। इसके बाद हुई सभा में संगठन पदाधिकारियों साथी वीके शर्मा, एसएस मोर्या, प्रमोद प्रधान, विनोद लोगरिया, नजीर कुरैशी, संजय मिश्रा, भूषण भट्टाचार्य,आरए शर्मा, यशवंत पुरोहित, दीपक रत्न शर्मा, पूषण भट्टाचार्य, ए परसाई, शैलेंद्र शैली, संजय कुदेशिया, शैलेंद्र शर्मा आदि ने संबोधित किया।



पीएनबी शाखा के सामने सभा को संबोधित करते श्रमिक संगठना के पदाधिकारी।

## हत्या के बाद लाश ठिकाने लगाने की आशंका

# कमल नगर के सेप्टिक टैंक में मिला बंद पेटी में अज्ञात महिला का शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित छह घरा कमल नगर में गुरुवार दोपहर खाली प्लॉट पर बने सेप्टिक टैंक में महिला की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। लाश बंद पेटी में होने से प्रथम दृष्टया मामला हत्या से जुड़ा नजर आ रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए मर्चूरी भेज दी है। पुलिस ने सेप्टिक टैंक खाली कराया गया। हालांकि ऐसा कोई दस्तावेज नहीं मिला, जिससे की महिला की शिनाख्त की जा सके।

थाना प्रभारी मनोज पटवा ने बताया कि गुरुवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे इलाके में रहने वाले एक व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि छह घरा कमल नगर में सेप्टिक टैंक के पास से उसे असहनीय बदबू आई। वह सेप्टिक टैंक के पास पहुंचा। उसे टैंक का ढक्कन खुला दिखा और उसमें पेटी पड़ी नजर आई। उसने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सफाईकर्मियों की मदद से टैंक से पेटी निकाली। पेटी का ढक्कन खुल गया था। उसमें किसी महिला की लाश मिली।



बक्से को बाहर निकालते पुलिसकर्मी।

### टेटू और जन्म तिथि से पहचान कर रही पुलिस

थाना प्रभारी पटवा ने बताया कि लाश करीब तीन से चार दिन पुरानी लग रही है। पुरानी होने के कारण लाश डिकंपोज होने लगी थी। निरीक्षण करने पर पता चला कि महिला प्लाजो पहने हुई है। हाथ में दीप का टेटू बना हुआ था। साथ ही हाथ पर 26 मई 1992 लिखा हुआ है। अनुमान है कि यह उसकी जन्म तिथि होगी। पुलिस ने आसपास क्षेत्र में महिला का हुलिया सोशल मीडिया पर प्रसारित कर दिया है।

### पीएम रिपोर्ट के बाद दर्ज होगा हत्या का मामला

पुलिस ने फिलहाल शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। पुलिस ने हत्या की बात से इंकार नहीं किया है। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट के बाद हत्या का मामला दर्ज किया जाएगा। पीएम रिपोर्ट में यह पता चल सकेगा कि महिला की हत्या कैसे की गई है।

## पत्रकार कॉलोनी और बावड़िया कलां में भी सेंटर खोले

# कलेक्टोरेट में भी सुलझेंगे परिवार के विवाद, मध्यस्थता केंद्र शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कलेक्टोरेट में आने वाले पारिवारिक झगड़ों को सुलझाने आवेदकों को अन्य जगह पर नहीं भेजना पड़ेगा। गुरुवार को कलेक्टोरेट में ही सामुदायिक मध्यस्थता केंद्र शुरु कर दिया गया है। ऐसे में जनसुनवाई में आने वाले पारिवारिक विवादों को यहां ट्रांसफर कर काउंसलिंग की जाएगी। वहीं आकृति बिजनेस सेंटर बावड़िया कलां और पत्रकार कॉलोनी में दो केंद्र खोले गए हैं।

गुरुवार को सामुदायिक मध्यस्थता केंद्रों का ई-लोकार्पण जबलपुर हाईकोर्ट के न्यायाधीश विवेक रूसिया ने किया। कलेक्टोरेट केंद्र के लोकार्पण के दौरान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार श्रीवास्तव, कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह सहित अन्य अफसर मौजूद रहे।



कलेक्टोरेट में ई-मध्यस्थता केंद्र का शुभारंभ करते न्यायमूर्ति रूसिया, कलेक्टर सिंह व अन्य।

### खुशगवार माहौल में सुलझेंगे विवादः न्यायमूर्ति रूसिया

न्यायमूर्ति रूसिया ने ई-लोकार्पण के दौरान कहा कि इन केंद्रों में पक्षकार उनके मध्य पारिवारिक, साम्पातिक व अन्य विवादों का निपटारा सौहाद्रपूर्ण वातावरण में निशुल्क करवा सकते हैं। उन्होंने सामुदायिक मध्यस्थता केंद्रों का शुरु होना एक बड़ी उपलब्धि बताया।

## सीहोर स्टेशन पर 21 जोड़ी से अधिक ट्रेनों को हाल्ट की सुविधा

*महाशिवरात्रि को लेकर दूर-दूर से आने लगे श्रद्धालु*

# कुबेरेश्वर धाम रुद्राक्ष महोत्सव कल से भोपाल स्टेशन पर बड़ी यात्रियों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल से करीब 48 किमी दूर सीहोर जिले के कुबेरेश्वर धाम में 14 फरवरी से रुद्राक्ष महोत्सव और महाशिवरात्रि मेले का आयोजन होने जा रहा है। इस आयोजन में हर साल लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। इस आयोजन को लेकर दूसरे राज्यों से अभी से भक्तों के आने का सिलसिला शुरू हो गया है। इसके चलते भोपाल स्टेशन पर यात्रियों को अचानक से भीड़ बढ़ गई है तो वहीं भोपाल रेल मंडल की ओर से यात्रियों की सुविधा को लेकर विशेष इंतजाम किए हैं। स्टेशन पर भीड़ को नियंत्रित करने पुख्ता व्यवस्था की गई। इससे यात्री आसानी से जहां स्टेशन पर उतरकर बाहर निकल सकेंगे। यात्रियों की सुरक्षा को लेकर आरपीएफ जवानों द्वारा गश्त की जा रही है तो वहीं कुछ स्टेशल ट्रेन को भोपाल से सिहोर व सिहोर से भोपाल के बीच चलाने को लेकर विचार किया जा रहा है।



भोपाल स्टेशन पर भीड़ का एक दृश्य।

### रुद्राक्ष महोत्सव में यह रहेगा इंतजाम

- रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ) के जवान चौबीसों घंटे संदिग्ध गतिविधियों पर बारीकी से नजर रखेंगे। साथ वेटिंग रूम सहित अन्य जगहों पर यात्रियों के ठहरने के दौरान व्यवस्था पर नजर रखेंगे।
- ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन के जरिए अन रिजर्व टिकट प्राप्त करने की व्यवस्था की गई है।
- पेयजल की उपलब्धता के साथ प्लेटफॉर्म पर स्वच्छता को प्राथमिकता दी गई है।
- 21 जोड़ी ट्रेनें लगेगी हाल्ट
- 21 जोड़ी से अधिक मेल/एक्सप्रेस एवं सुपरफास्ट ट्रेनों का अस्थाई ठहराव दिया जाएगा।

## *आज से 21 फरवरी तक बदली रहेगी यातायात व्यवस्था*

कुबरेश्वर धाम सीहोर में पं. प्रदीप मिश्रा द्वारा शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन को दृष्टिगत रखते हुए विभिन्न मार्गो से डायवर्जन किया गया है। जो शुक्रवार से 21 फरवरी तक प्रभावी रहेगा।

### ऐसी रहेगी यातायात व्यवस्था

- भोपाल की ओर आने वाले भारी वाहन मुबारकपुर जोड़ एवं तुमड़ा जोड़ से होकर श्यामपुर-कुरावर-ब्यावरा-शाजापुर-मक्सी मार्ग से देवास इंदौर जा सकेंगे। इसी प्रकार इंदौर से आने वाले भारी वाहन मक्सी-शाजापुर-ब्यावरा-कुरावर-श्यामपुर होते हुए भोपाल आ सकेंगे।
- भोपाल से आष्टा- देवास- उज्जैन- इंदौर की ओर जाने वाले छोटे एवं सवारी वाहन सीहोर न्यू क्रिसेंट चौराहा से भाऊखेड़ी जोड़ से अमलाहा होते हुए इंदौर की ओर जा सकेंगे। इसी प्रकार इंदौर से भोपाल जाने वाले छोटे एवं सवारी वाहन आष्टा-अमलाहा-भाऊखेड़ी जोड़-न्यू क्रिसेंट चौराहा से भोपाल पहुंच सकेंगे।
- भोपाल एवं इंदौर से कुबरेश्वर धाम आने वाले श्रद्धालुओं के वाहन अपने नियमित मार्ग हाईवे से होकर बिना किसी डायवर्सन के सीधे कुबरेश्वर धाम कथा स्थल तक पहुंचेंगे।

# पांच साल से फरार स्थाई वारंटी महिला से 5.91 ग्राम एमडी जब्त, साथी भी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

क्राइम ब्रांच पुलिस ने संगीन मामले में पांच साल से फरार चल रही स्थाई वारंटी महिला आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक लाख 80 हजार रुपए की 5.91 ग्राम एमडी बरामद की है। पुलिस ने उसके साथी को भी गिरफ्तार किया है। महिला का साथी भी क्राइम ब्रांच में दर्ज एमडी तस्करी के मामले में फरार चल रहा था। दोनों आरोपी झरनेश्वर मंदिर के पास भीम नगर इलाके में एमडी की सप्लाई करने ग्राहक का इंतजार कर रहे थे। पुलिस की नजरों से बचने के लिए महिला अपनी पहचान छिपाकर और स्थान बदल-बदलकर फरारी काट रही थी। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**झरनेश्वर मंदिर के पास से क्राइम ब्रांच ने दबोचा, स्कूटी की डिग्गी में रखा था एक लाख 80 हजार का एमडी**



### ठिकाने बदल-बदलकर फरारी काट रही थी युवती

पुलिस ने बताया कि आरोपी युवती 12वीं कक्षा तक पढ़ी है और उसके खिलाफ क्राइम ब्रांच में अनैतिक देह व्यापार अधिनियम की धारा के तहत प्रकरण दर्ज है। अशोका गार्डन थाने में भी एक प्रकरण पंजीबद्ध हैं। पुलिस को युवती की सरगर्मी से तलाश थी। दूसरी ओर आरोपी उजैर उर्फ माहिर खान के खिलाफ भी पूर्व में नारकोटिक्स एक्ट के तहत दर्ज है।

एडिशनल डीसीपी शैलेन्द्र सिंह चौहान के मुताबिक मुखबिर से सूचना मिली कि स्कूटी सवार युवक और युवती झरनेश्वर मंदिर के पास भीम नगर में संदिग्ध अवस्था में खड़े हैं और संभवतः उनके पास अवैध मादक पदार्थ एमडी (मेफेड्रोन) रखा है। वह किसी ग्राहक का इंतजार कर रहे हैं। सूचना मिलते ही क्राइम ब्रांच की टीम ने इलाके की घेराबंदी कर दोनों को हिरासत में ले लिया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपने नाम निधि ठाकुर (35) निवासी अयोध्या नगर और उजैर उर्फ माहिर खान (21) निवासी जहांगीराबाद का होना बताए। तलाशी लेने पर स्कूटी की डिग्गी में 5.91 एमडी रखा मिला। पुलिस ने दोनों आरोपियों के मोबाइल व स्कूटी भी जब्त कर ली है। बरामद एमडी की कीमत एक लाख 80 हजार रुपए बताई गई है। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है कि वह अवैध मादक पदार्थ एमडी कहां से लाए थे और किसे सप्लाई करने की फिराक में थे।

# डेटिंग एप या डिजिटल जाल: टिंडर-बम्बल पर लव के नाम पर लूट, साइबर पुलिस की कड़ी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

स्मार्टफोन के दौर में दोस्ती और रिश्तों की तलाश अब स्क्रीन पर सिमट गई है। टिंडर, बम्बल, टूलीमैडली जैसे डेटिंग ऐप पर हर दिन हजारों युवा नए कनेक्शन बना रहे हैं, लेकिन डिजिटल दुनिया में साइबर अपराधियों ने भी अपने जाल बिछा दिए हैं। लव, फ्रेंडशिप और रिलेशनशिप के नाम पर ठगी, हनीट्रैप और ब्लैकमेलिंग के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। हालात को देखते हुए साइबर पुलिस ने कड़ी एडवाइजरी जारी की है।

साइबर अपराधी आकर्षक फोटो और प्रभावशाली प्रोफाइल बनाकर लोगों से संपर्क करते हैं। शुरुआती बातचीत में विश्वास जीतने के बाद वे निजी जानकारी हासिल करते हैं। कई मामलों में वीडियो कॉल के दौरान रिकॉर्डिंग कर ली जाती है और बाद में उसे एडिट या डीपफेक बनाकर ब्लैकमेल किया जाता है। पीड़ित से पैसे की मांग की जाती है, नहीं देने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दी जाती है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अधिकांश पीड़ित भावनात्मक दबाव में आकर शिकायत दर्ज नहीं कराते, जिससे अपराधियों का हौसला बढ़ता है। कई मामलों में लाखों रुपए की ठगी सामने आई है।

**कैसे काम करता है गिरोह**

- फर्जी फोटो और नाम से प्रोफाइल बनाना।
- जल्दी भावनात्मक जुड़ाव दिखाना।
- व्हाट्सएप या निजी चैट पर ले जाना।
- वीडियो कॉल या निजी फोटो की मांग।
- रिकॉर्डिंग कर ब्लैकमेल और पैसे की उगाही।

## खबर संक्षेप

### इलेक्ट्रिशियन ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भोपाल।** मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित कृष्णपुरम कॉलोनी में किराए से रहने वाले इलेक्ट्रिशियन ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। हालांकि सुसाइड नोट केवल चार लाइन का है, जिसमें आत्महत्या की वजह का पता नहीं चल सका है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। मुलताई से परिजन भोपाल पहुंचने पर शुक्रवार को शव का पीएम कराया जाएगा। पुलिस के अनुसार बसंत पवार पिता ओझा पवार (32) कृष्णपुरम कॉलोनी समर्धा में रहता था और प्राइवेट इलेक्ट्रिशियन का काम करता था। दो दिन से वह काम पर नहीं जा रहा था। उसके दोस्त उसे दो दिन से कॉल कर रहे थे, लेकिन कॉल भी रिसीव नहीं कर रहा था। उसे देखने दोस्त कमरे पर पहुंचे तो वह फांसी के फंदे पर लटका नजर आया। दोस्तों ने घटना की सूचना पुलिस को दी।

### रमेश बने फिर सिंधी समाज के अध्यक्ष



**औबेदुल्लागंज।** सिंधी समाज के चुनाव संरक्षक चंदी राम मेघानी, जगदीश चंदानी, माधव दास वासवानी, राजा जनक रामानी, रमेश मेघानी, ईश्वर दास वासवानी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जिसमें रमेश वासवानी को सर्वसम्मति से पुनः अध्यक्ष चुना। उपाध्यक्ष भुरामल आडवाणी, कोषाध्यक्ष साजन दास वासवानी, कार्यकारी अध्यक्ष चिराग मेघानी, सचिव रतन मेघानी को सर्वसम्मति से चुना गया। चुनाव होने पर मनोज मेघानी, हरीश नागरानी, सोनू वासवानी आदि ने खुशी जाहिर की।

### पत्नी गई थी मायके पति ने लगाई फांसी

**भोपाल।** अवधपुरी थाना क्षेत्र स्थित एस-5, योजना होम्स में बुधवार शाम एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस को उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। परिजन से प्राथमिक पूछताछ में आत्महत्या की वजह का पता नहीं चल सका है। पुलिस के अनुसार पवन गिरी पिता शिव प्रताप गिरी (35) योजना होम्स एस-5 में रहता था। पवन सीसीटीवी कैमरे लगाने का काम करता था। उसके परिवार में पत्नी के अलावा चार साल का बच्चा है। पत्नी रानू गिरी बेटे को लेकर करीब पंद्रह दिन से मायके गई हुई है। घर में केवल पवन और उसके पिता शिव प्रताप गिरी थे। शिव प्रताप गिरी ने बताया कि वह सांची दुग्ध संघ में नौकरी करते हैं और बुधवार सुबह ड्यूटी चले गए थे। ड्यूटी से शाम करीब साढ़े 5 बजे घर लौटे। इस दौरान उन्होंने पवन की लाश रस्सी के सहारे पंखे पर लटकी देखी थी। शिव प्रताप गिरी की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 8349 | | |
| दिन: | 147 | 25 | 113 |
| रात: | 699 | 42 | 156 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 446 | 41 | 137 |
| रात: | 490 | 30 | 578 |

## संत आसाराम आश्रम में गेट बंद कर बिल्डर और कर्मचारियों को बनाया बंधक

# जमीन का सीमांकन कराने पहुंचे बिल्डर से मारपीट, मर्सिडीज कार में तोड़फोड़

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

**पुलिस ने दर्ज किया मामला, साथ ही पटवारी की शिकायत पर भी शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने की एफआईआर दर्ज की**

गांधी नगर थाना क्षेत्र स्थित संत आसाराम नगर आश्रम से लगी जमीन का सीमांकन करवाने पहुंचे बिल्डर और उनके कर्मचारियों के साथ बंधक बनाकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। हॉकी और डंडे से हुए हमले में बिल्डर और उनके कर्मचारियों को गंभीर चोट आई है। किसी तरह जान बचाकर गेट से कूदकर भागे बिल्डर और कर्मचारी अस्पताल पहुंचे, वहां अपना इलाज कराने के बाद थाने में शिकायत दर्ज कराई। भीड़ ने बिल्डर की मर्सिडीज कार में भी तोड़फोड़ की है। पुलिस ने बिल्डर की शिकायत पर बंधक बनाकर मारपीट करने और वाहन में तोड़फोड़ करने की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। एक अन्य एफआईआर पटवारी की तरफ से पुलिस ने की है। उक्त एफआईआर शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने की है। दरअसल, भीड़ ने सीमांकन करने पहुंचे राजस्व निरीक्षक और पटवारी से भी अभद्रता की और धमकी दी है।

पुलिस के अनुसार नमन अग्रवाल चूनाभट्टी में रहते हैं और बिल्डर हैं। उनकी संत आसाराम नगर में गुरुकुल आश्रम के पास जमीन है। जमीन का सीमांकन कराने उन्होंने तहसीलदार को आवेदन दिया था। राजस्व विभाग ने 3 फरवरी को सीमांकन की कार्रवाई में उन्हें उपस्थित रहने का कहा। गुरुवार सुबह उनके पास राजस्व निरीक्षक प्रदीप यादव का कॉल आया।



### पड़ोस की जमीन मालिक भी पहुंचा

नमन अग्रवाल आसाराम आश्रम पहुंचे तो वहां पड़ोस की जमीन के मालिक अमित और दिलीप कुकरेजा भी खड़े थे। उन्हें भी राजस्व टीम ने बुलाया था। इसी बीच कुछ महिलाएं और पुरुष उनके पास पहुंचे और कहने लगे कि तुम यहां आ तो गए, लेकिन अब यहां से जाकर बताओ। हाथ पैर तोड़ देंगे और जूते मारेंगे। उन्हें खतरे का आभास हुआ और उन्होंने राजस्व टीम से कहा कि मुझे जाना है। राजस्व टीम कहने लगी कि पंचनामा कार्रवाई के बाद चले जाना। पंचनामा में आपके हस्ताक्षर होंगे।

प्रदीप यादव ने कहा कि सीमांकन की प्रक्रिया करने जा रहे हैं और आप भी जल्द जमीन पर पहुंच जाए। नमन अग्रवाल अपने ड्राइवर मनोज बघुल को लेकर मर्सिडीज कार से आसाराम आश्रम पहुंचे। पीछे दो पहिया वाहन से उनके कर्मचारी अतुल गुप्ता, मानस राजवैद्य, कन्हैयालाल धुर्वे और अजय अहिरवार भी चूने की लाइन डालने के लिए पहुंचे।

### गेट बंद कर पीटा

कुछ देर बाद स्थिति बिगड़ने लगी और राजस्व की टीम ने नमन अग्रवाल को जाने की इजाजत दे दी। नमन अग्रवाल गेट की तरफ कार से पहुंचे। इस दौरान गेट पर मौजूद कर्मचारियों ने गेट बंद कर दिया। उन्होंने गेट खोलने का कहा तो कर्मचारी कहने लगे कि संस्था के संचालक रविंद्र पटेल ने गेट बंद करने के आदेश दिए है। ड्राइवर ने कार रिवर्स की और अंदर पहुंचे। इस दौरान भीड़ ने उनकी कार घेर ली। भीड़ ने उन्हें कार से उतारने का प्रयास किया। वे सीट बेल्ट लगाए हुए थे तो भीड़ ने कार पर डंडे बरसा दिए। इससे उनके सिर में चोट आई, जबकि ड्राइवर मनोज बघुल को बाहर निकालकर पीटा। भीड़ ने हॉकी डंडे और स्टीक से मारपीट की। किसी तरह जान बचाकर वह गेट कूदकर बाहर निकले। इसके बाद अस्पताल में इलाज कराया।

*लाइफ लाइन पब्लिक स्कूल में मातृ-पितृ पूजन दिवस मनाया*

# बच्चों ने किया दादा-दादी, नाना-नानी का सम्मान, भावविभोर हुए पालक

हरिभूमि न्यूज ⏩ संतनगर

संत हिरदाराम नगर की अग्रणी शिक्षण संस्था लाइफ लाइन पब्लिक स्कूल में बुधवार को मातृ-पितृ पूजन दिवस मनाया गया। वहीं बच्चों के दादा-दादी, नाना-नानी का सम्मान शॉल ओढ़ाकर उनके बच्चों ने किया। स्टूडेंट्स ने अपने पलकों की आरती उतारी, टीका किया। भगवान गणेश की तरह परिक्रमा कर फूल माला पहनाई और मिठाई खिलाई। भावविभोर हुए पालकों ने भी उन्हें गले लगाया। इस दौरान तू कितनी अच्छी हे, तू कितनी भोली हे, प्यारी प्यारी है... गीत बजने पर सबकी आंखे नम हो गईं।

प्राचार्य द्वारा समझाइश दी गई, कि माता-बाप ही आपके हितैषी हैं। आप उनकी खूब सेवा करें। दुनिया में सब कुछ दुबारा मिल सकता है, लेकिन मां नहीं मिलती, उनका आदेश सर आंखों पर लें। पालकों को भी समझाइश दी गई कि बच्चों को समय दें, हफ्ते में एक बार बच्चों को किसी भी नजदीकी मंदिर में ले जाएं।



~~पार्श्व गायिका महालक्ष्मी अय्यर की~~

### शक्कर की गर्म चाशनी से झुलसकर हुई थी बुजुर्ग की मौत

**भोपाल।** ईंटखेड़ी इलाके में शक्कर की गर्म चासनी से झुलसे एक बुजुर्ग व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। पुलिस ने मर्ग जांच के बाद फैक्ट्री संचालक के खिलाफ सुरक्षा में लापरवाही बरतने का मामला दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार अर्जुन सिंह राजपूत (65) सुदामा सिटी ईंटखेड़ी में रहते थे और अचारपुरा स्थित एक टोस्ट फैक्ट्री में काम करते थे। 22 नवंबर वह फैक्ट्री में काम कर रहे थे, तभी फर्शी टूटने के कारण शक्कर की गर्म चाशनी वाला ड्रम उनके ऊपर लुढ़क गया था, जिसके चलते अर्जुन सिंह बुरी तरह से झुलस गए थे। परिजनों ने उन्हें इलाज के लिए एम्स अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां दस दिसंबर को इलाज के दौरान अर्जुन सिंह की मौत हो गई थी।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने महिला एवं बाल विकास विभाग को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏩ औबेदुल्लागंज

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका एकता यूनियन (सीटू) के बैनर तले आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने महिला एवं बाल विकास विभाग को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के नाम दिया गया। यूनियन ने बताया कि यह कदम 12 फरवरी 2026 से प्रस्तावित देशव्यापी हड़ताल के समर्थन में उठाया गया है।

ज्ञापन में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की लंबे समय से लंबित समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। यूनियन ने मांग की कि सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को शासकीय कर्मचारी का दर्जा दिया जाए, ग्रेड–तीन और ग्रेड–चार के रूप में नियमित किया जाए। साथ ही 45वें और 46वें भारतीय श्रम सम्मेलनों की सिफारिशों को लागू करने की भी मांग की गई। कार्यकर्ताओं ने न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपए प्रतिमाह और सहायिकाओं को 10 हजार रुपए प्रतिमाह पेंशन देने की मांग दोहराई। पूरे देश में समान सेवा शर्तें लागू करने और योजना कर्मियों के लिए वेतन आयोग गठित करने की बात भी ज्ञापन में शामिल रही।



आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ज्ञापन सौंपते हुए।

# घोषणा के एक माह बाद भी जनपद सदस्यों की 15 वित्त आयोग की जनसंपर्क निधि नहीं आई

## जनपद सीईओ ने कहा था कि निधि से भूमि पूजन कराएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏩ औबेदुल्लागंज

23 जनपद सदस्यों ने बताया कि एक माहपूर्व जनपद कार्यालय में जनपद सदस्यों की बैठक हुई थी। उस बैठक में बताया गया था कि जनपद सदस्यों की 15 वित्त आयोग की जनसंपर्क निधि आ गई है। बैठक में जनपद सीईओ ने कहा था कि जनपद सदस्यों की निधि से भूमि पूजन कराएंगे, मगर अभी तक जनपद निधि अधर में लटकी है। जनपद सदस्यों ने कहा की जनपद सदस्यों की निधि में कमीशन मांगा जा रहा है एवं जनपद पंचायत में खुलेआम कमीशन बाजी के कारण करोड़ों का भ्रष्टाचार हो रहा है, जिसमें फर्जी ठेकेदारों के नाम के लेटर हेड लगे हैं। प्रत्येक पंचायत में न दुकान का पता, न फॉर्म का पता, मगर लोहा, सीमेंट, रेट गिट्टी, ईंट, टाइल्स आदि बिजली फिटिंग की सामग्री फर्जी फॉर्म, फर्जी दुकानों के नाम बिल वाउचर बने हैं। वेंडर फर्जी मजदूरों के नाम पर फर्जीकरण पंचायतों में मौजूद हैं। पंचायत का केस रजिस्टर, भुगतान रजिस्टर पंचायत की एमबी एवं पंचायतों में हुई फर्जी ऑडिट रिपोर्ट जब्त कर जांच की जाए तो मामला सामने आएगा।

### जनपद सदस्य पिछले 4 साल से से कर रहे मांग

जनपद सदस्यों ने बताया कि हम औबेदुल्लागंज के जनपद सदस्य पिछले 4 साल से लगातार जनपद निधि की मांग करते आ रहे हैं, मगर जनपद सदस्यों की निधि में टाला मटोली कर रहे हैं। जनपद सदस्यों ने बताया कि हम सभी 23 जनपद सदस्य कलेक्टर विधायक सांसद एवं पंचायत मंत्री को ज्ञापन देंगे। औबेदुल्लागंज जनपद सीईओ निखिलेश कटारे ने फोन पर बताया कि जनपद सदस्यों की निधि पर कार्रवाई जारी है, शीघ्र ही इस पर कार्य होंगे। जनपद उपाध्यक्ष साधना सरदार सिंह ने बताया कि जनपद निधि शीघ्र आए। जिला जनपद सदस्यों की अध्यक्ष सुलेखा चौहान ने बताया कि आश्चर्य यह है कि जनपद में जनपद सदस्यों से कहा की शीघ्र ही भूमि पूजन करवाएंगे मगर एक माह गया जनपद सदस्यों को कोई सूचना नहीं कि जनपद निधि कहां है।

# तनाव में युवती ने लगाई फांसी, अस्पताल पहुंचने से पहले हुई मौत

**मंडीदीप।** मंडीदीप थाना क्षेत्र के वार्ड 4, राधा कृष्ण मंदिर के पास रहने वाली 27 वर्षीय अश्विनी राजपूत ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद परिवार में मातम का माहौल है। मामा बलवंत सिंह ने थाने पहुंच कर रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि सुबह करीब 11 बजे उनकी भांजी शिवानी का फोन आया, जिसमें सूचना दी गई कि अश्विनी ने फांसी लगा ली है और उसे उपचार के लिए नोबल अस्पताल, मिसरोद ले जाया जा रहा है।

सूचना मिलने पर वे तत्काल अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने बताया कि अस्पताल पहुंचने से पहले ही अश्विनी की मृत्यु हो चुकी थी। इसके बाद परिजन शव को मंडीदीप सिविल अस्पताल लेकर आए। मृतिका के पिता अमीर सिंह ने बताया कि अश्विनी ने सुबह करीब 8 बजे अपने कमरे में रस्सी से फंदा बनाकर पंखे से लटककर आत्महत्या की। परिजनों के अनुसार, वह पिछले कुछ समय से मानसिक तनाव से ग्रस्त थी और भोपाल में निजी अस्पताल में उसका इलाज चल रहा था। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ कर दी है।

# महाशिवरात्रि पर 3 दिवसीय 'महादेव भोजपुर महोत्सव' 15 फरवारी से

## कलेक्टर ने तैयारियों का लिया जायजा, अधिकारियों को दिए निर्देश

**15 को लोकगायन एवं लोकनृत्य के साथ लक्खा का भक्ति गायन होगा**

हरिभूमि न्यूज ⏩ मंडीदीप

महाशिवरात्रि के अवसर पर ऐतिहासिक भोजपुर शिव मंदिर प्रांगण में 15 से 17 फरवरी तक तीन दिवसीय 'महादेव-भोजपुर महोत्सव' का आयोजन प्रतिदिन सायं 6.30 बजे से किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन संस्कृति विभाग द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से किया जा रहा है। गुरुवार को रायसेन कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा भोजपुर पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया।

कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ने भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा, यातायात और मूलभूत सुविधाओं को लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। 15 फरवरी को लोकगायन एवं लोकनृत्य की प्रस्तुतियों के साथ मुंबई के सुप्रसिद्ध भजन गायक लखबीर सिंह लक्खा का भक्ति गायन मुख्य आकर्षण रहेगा। 16 फरवरी को पार्श्व गायिका महालक्ष्मी अय्यर की प्रस्तुति होगी। 17 फरवरी को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन के साथ महोत्सव का समापन होगा।



रायसेन कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा मंदिर प्रांगण का निरीक्षण करते हुए।

## एमपी पुलिस अकादमी में एससी-एसटी एक्ट और आरटीआई पर गहन प्रशिक्षण

# पुलिस अधिकारियों की विधिक दक्षता बढ़ाने के लिए दो दिवसीय सेमिनार में कानूनी व्याख्याओं से कराया अवगत

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

मध्यप्रदेश पुलिस अकादमी, भौंरी (भोपाल) में अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम तथा सूचना का अधिकार अधिनियम विषयों पर आयोजित दो दिवसीय सेमिनार का सफलतापूर्वक समापन हुआ। सेमिनार का उद्देश्य पुलिस अधिकारियों की विधिक समझ को सुदृढ़ करना, संवेदनशील मामलों में कानून सम्मत कार्रवाई सुनिश्चित करना तथा सूचना का अधिकार अधिनियम के प्रभावी पालन के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।



सेमिनार में उपस्थित पुलिस अधिकारी।

कार्यक्रम में मध्यप्रदेश पुलिस की विभिन्न इकाइयों से आए अधिकारियों ने भाग लिया। उन्हें एससी-एसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम एवं आरटीआई अधिनियम से जुड़े नवीनतम संशोधनों, प्रक्रियात्मक प्रावधानों तथा न्यायालयों द्वारा दिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों और उनकी कानूनी व्याख्याओं से अवगत कराया गया।

### जटिल प्रकरणों के क्रियान्वयन का बताया तरीका

विशेषज्ञ वक्ताओं द्वारा केस स्टडी के माध्यम से जटिल प्रकरणों के प्रभावी क्रियान्वयन, विवेचना की विधि, साक्ष्य संकलन, आरोप पत्र प्रस्तुतीकरण और न्यायालयीन प्रक्रिया के व्यावहारिक पक्षों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया। अधिकारियों को यह भी बताया गया कि संवेदनशील प्रकरणों में समयबद्ध और पारदर्शी कार्रवाई किस प्रकार कानून के उद्देश्य को साकार करती है। सेमिनार के दौरान सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत अभिलेख प्रबंधन, जवाबदेही, समयसीमा के पालन तथा पारदर्शिता बनाए रखने के विषय में भी विस्तार से चर्चा की गई। समापन अवसर पर मध्यप्रदेश पुलिस अकादमी के उपनिदेशक डॉ. संजय कुमार अग्रवाल ने प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए और कहा कि विधिक दक्षता पुलिस कार्य की गुणवत्ता और विश्वसनीयता को मजबूत करती है। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे प्राप्त ज्ञान का उपयोग अपने-अपने कार्यक्षेत्र में प्रभावी ढंग से करेंगे।

# भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. नागर का धूमधाम से मनाया जन्मदिन

## केंद्रीय मंत्री शिवराज व विधायक पटवा ने दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ⏩ औबेदुल्लागंज

जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष एवं औबेदुल्लागंज भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर का जन्मदिन हर्षोल्लास से मनाया गया। जाखला धाम पर पौधरोपण किया। मीडिया प्रभारी पंकज कोठारी के चेंबर में, सीताराम चौराहे पर समर्थकों ने केक काट कर जन्मदिन मनाया। विधायक सुरेंद्र पटवा ने बधाई दी। वहीं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने फोन पर बधाई दी।

जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा, जिला भाजपा उपाध्यक्ष ओम प्रकाश मीणा, हेमराज मीणा, शैलेंद्र गिरी, नरेंद्र शर्मा, डॉ. कैलाश विनय, कन्हैया नंदवंशी, देवेंद्र सिंह राजू, दीपू परमार, विक्रम धाड़ी, नीरज चावला, पुरुषोत्तम शर्मा, गजेंद्र नागर, नरेश सेठी, गिरीश चावला, मनोज चौरसिया, वरिष्ठ पत्रकार ऋषभ जैन, आशीष दीक्षित, माधव यादव, महेंद्र चौहान, कोमल चौहान, माया राय, आरती यादव, वचन लोधीआदि लोगों ने बधाई दी।



## नवाचारों के लिए लोक निर्माण मंत्री एवं विभाग को दी बधाई

# यह आधुनिक संरचनाओं के निर्माण को गति प्रदान करने की है महत्वपूर्ण पहल: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर्स की यह कार्यशाला आधुनिक संरचनाओं के निर्माण को गति प्रदान करने के लिए महत्वपूर्ण पहल है। हमारे इंजीनियर्स ने सांदीपनि विद्यालय सहित बड़े-बड़े अधोसंरचनात्मक विकास के निर्माण कार्य किए हैं।

सड़क, पुल, स्टेडियम और भवन जैसे निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग के माध्यम से ही किए जाते हैं। विभागीय इंजीनियर्स की क्षमता संवर्धन के लिए समय-समय पर प्रशिक्षण की आवश्यकता भी है। डॉ. यादव लोक निर्माण विभाग अन्तर्गत मध्यप्रदेश भवन विकास निगम द्वारा आयोजित एक दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ करने के बाद बोल रहे थे।

### लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर्स की कार्यशाला आयोजित



### इंजीनियर्स को काम करने में कई चुनौतियां

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इंजीनियर्स को अपना काम करने में अनेक चुनौतियों का भी सामना करना पड़ता है। आज की कार्यशाला में एमपीआईडीसी सहित देश की विभिन्न संस्थाओं के साथ समझौते हुए हैं। प्रदेश में ग्रीन बिल्डिंग के विकास को लेकर सहमति बनी है। डॉ. यादव ने सभी कार्यों और नवाचारों के लिए लोक निर्माण मंत्री एवं विभाग को बधाई दी। उन्होंने कहा कि वैचारिक प्रतिबद्धता और कार्यशैली में जड़ता से बचने और बदलती तकनीकों के अनुरूप स्वयं को अद्यतन रखने के लिए कौशल संवर्धन अत्यंत आवश्यक है। ऐसी कार्यशालाएं अभियंताओं की स्किल्स को रिफ्रेश करती हैं और उन्हें नई ऊर्जा प्रदान करती हैं। उन्होंने निर्माण कार्यों में दीर्घकालिक दृष्टि, नवाचार और पारदर्शिता को प्राथमिकता देने पर जोर दिया।

### एक वर्ष का प्रशिक्षण कैलेंडर तैयार:सिंह

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि सड़कों, पुलों और भवनों का वास्तविक आधार प्रशिक्षित एवं सक्षम मानव संसाधन होता है। इसी उद्देश्य से विभाग ने राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ मिलकर एक वर्ष का प्रशिक्षण कैलेंडर तैयार किया है, जिसमें प्रत्येक त्रैमास के लिए सड़क, पुल, भवन, पर्यावरण और नवीन तकनीकों जैसी थीम निर्धारित की गई हैं। उन्होंने बताया कि विभाग ने 10 करोड़ रुपए से अधिक लागत वाले भवनों को ग्रीन बिल्डिंग मानकों के अनुरूप निर्मित करने के निर्देशों के पालन में त्वरित कार्रवाई करते हुए अभियंताओं को इस विषय पर प्रशिक्षण देना प्रारंभ कर दिया है। लोक निर्माण विभाग के कार्यों के लिए ट्री शिफ्टिंग की कार्यशाला भी जल्द आयोजित की जाएगी। भास्कराचार्य संस्थान ने लोक निर्माण विभाग के 500 से अधिक लोक कल्याण सरोवरों की कार्य योजना तैयार कर ली है।

### वर्कशॉप में प्रोजेक्ट मैनेजमेंट सिस्टम 2.0 पोर्टल लॉन्च

कार्यशाला में प्रशिक्षण कैलेंडर एवं प्रोजेक्ट मैनेजमेंट मैन्युअल का विमोचन किया गया तथा पीएमएस पोर्टल-2.0 डिजिटल प्रबंधन प्रणाली को प्रेजेंटेशन के साथ लांच किया गया। डॉ. विक्रांत सिंह तोमर ने 'कैपेसिटी बिल्डिंग थ्रू इंस्पायर्ड लिविंग' पर प्रेजेंटेशन दिया। राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित विशेषज्ञों ने ग्रीन बिल्डिंग कॉन्सेप्ट, आधुनिक भवन निर्माण तकनीक, गुणवत्ता नियंत्रण तथा निर्माण क्षेत्र में नवाचार जैसे विषयों पर विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया गया। प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग सुखबीर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में लोक निर्माण विभाग निरंतर अपनी योजनाओं को मूर्तरूप दे रहा है। लोक निर्माण मंत्री सिंह ने अभियंताओं के प्रशिक्षण का नवाचार किया है। आज भवन निर्माण में बेहतर प्रबंधन के लिए कार्यशाला आयोजित की गई है।

## खबर संक्षेप

### बजट सत्र के पहले तीन मंत्री बर्खास्त किए जाएं



**भोपाल।** पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर बजट सत्र से पहले तीन मंत्रियों को बर्खास्त करने की मांग की है। पटवारी ने तीन मंत्रियों के संदर्भ में नैतिक जवाबदेही तय करने की मांग की है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का कहना है कि विजय शाह पर देश की बेटी और भारतीय सेना के अपमान से जुड़े गंभीर आरोप है। राजेंद्र शुक्ल के कार्यकाल में छिंदवाड़ा में जहरीली सिरप से बच्चों की मौत का मामला उठा। जीतू ने कैलाश विजयवर्गीय पर अपने क्षेत्र में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने में विफल रहने का आरोप लगाया।

### मंदिर के पास वाइन शॉप कार्रवाई के दिए निर्देश

**भोपाल।** मानव अधिकार आयोग ने राजधानी के अरेरा कॉलोनी क्षेत्र में मंदिर के समीप स्थित शराब दुकान के मामले में संज्ञान लिया है। मामले में आयोग ने सख्त रूख अपनाते हुए भोपाल कलेक्टर को चार सप्ताह के भीतर ठोस कार्रवाई कर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। आयोग ने यह भी चेतावनी दी है कि निर्धारित समय सीमा में निष्पक्ष कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 की धारा 13 के अंतर्गत आयोग भोपाल कलेक्टर पर सख्त कार्रवाई करेगा। बता दें कि चार दिन पहले ही आयोग सदस्य प्रियंक कानूनगो शराब दुकान का निरीक्षण भी कर चुके हैं। इस मामले में रहवासियों ने आयोग से शिकायत की थी। उनका कहना है कि 100 मीटर के दायरे में ही शराब दुकान और मंदिर है।

### डॉ. अजय को पितृशोक गंगाजलि पूजन 14 को



**भोपाल।** राजधानी स्थित ट्रिपल आईटी के जनसंपर्क अधिकारी डॉ. अजय श्रीवास्तव के पिता सुरेंद्र नाथ लाल का देवलोक गमन 2 फरवरी को हुआ। उनकी आत्मशांति के लिए तेरहवीं एवं गंगाजलि पूजन का कार्यक्रम 14 फरवरी को सुबह 10 बजे से ए- 41 महाबली नगर, कोलार रोड में होगा।

## दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान के रिसर्च फेलोशिप के पोस्टर और वेबसाइट का हुआ विमोचन

# शोध मात्र अकादमिक गतिविधि नहीं, यह समाज-राष्ट्र की दिशा बदलने वाली शक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि शोध अकादमिक गतिविधि मात्र नहीं, यह समाज और राष्ट्र की दिशा बदलने वाली शक्ति है। कोई भी शोध इतना उच्च कोटि का होना चाहिए, जो हम सबकी सोच को एक नई दृष्टि, नई दिशा भी दे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी शोधार्थियों से आह्वान किया कि वे देश के विकास के लिए अपनी जिज्ञासा और रुचि के अनुसंधान क्षेत्रों में निर्भीक होकर आगे बढ़ें।

जैसे आवश्यकता आविष्कार की जननी है, वैसे ही शोध विज्ञान और सभी वैज्ञानिक पद्धतियों का जनक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को मप्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् (मेपकास्ट) के विज्ञान भवन में दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान द्वारा आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय शोधार्थी समागम (नेशनल रिसर्चर्स मीट) 2026 को संबोधित कर रहे थे। उद्घाटन सत्र में मैपकास्ट के डीजी डॉ. अनिल कोठारी, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विवि के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी सहित शिक्षक एवं शोधार्थी विद्यार्थी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शोधार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे परंपरागत धारणाओं तक सीमित न रहें, बल्कि नवीन विचारों और वैज्ञानिक दृष्टि के साथ ऐसे शोध प्रस्तुत करें, जो समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकें।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मेपकास्ट में राष्ट्रीय शोधार्थी समागम (नेशनल रिसर्चर्स मीट) में की सहभागिता



राष्ट्रीय शोधार्थी समागम में पोस्टर का विमोचन करते सीएम व अतिथि।

### पाण्डेय ने शोधार्थियों को दिया मार्गदर्शन

उच्च शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि यह आयोजन राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में भारत केंद्रित परंपरा, संस्कृति और विरासत के शोध को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। भारत केंद्रित शोध और शिक्षा के माध्यम से हम पुनः विश्व गुरू बनेंगे। स्वागत उद्बोधन राष्ट्रीय शोधार्थी समागम की संयोजिका डॉ. अल्पना त्रिवेदी ने दिया। विषय प्रवर्तन डॉ. मुकेश कुमार मिश्रा ने दिया। दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान के अध्यक्ष अशोक पाण्डेय ने समागम की विषय वस्तु पर प्रकाश डाला। डॉ. यादव ने विज्ञान भवन परिसर में पौधरोपण भी किया।

### हमें समग्र रूप से सभी दिशाओं में सोचते हुए करना है शोध: आचार्यश्री

मिथलेशनन्दिनीशरण महाराज ने कहा कि मध्यप्रदेश ने महाकाल की प्रतिष्ठा से विश्व को अवगत कराया है। हम दुनिया को सर्वस्व दे रहे हैं, क्योंकि हमारे पास महाकाल हैं। पश्चिम की केवल आलोचना करने से कुछ नहीं होने वाला। हमें समग्र रूप से सभी दिशाओं में सोचते हुए शोध करना है। वरिष्ठ लेखक एवं चिंतक सुरेश सोनी ने बीज वक्तव्य में कहा कि भारत के भौगोलिक स्वरूप में वेद आधारित सांस्कृतिक परिदृश्य नजर आता है।

### सात पुस्तकों का विमोचन किया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महाकाल: द मास्टर ऑफ टाइम वेबसाइट का शुभारंभ, महाकाल ब्रोशर सहित मैपकास्ट द्वारा आयोजित होने वाले 41वें मध्यप्रदेश युवा वैज्ञानिक सम्मेलन एवं विज्ञान उत्सव के पोस्टर का विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान द्वारा अनुसंधान परक लेखन पर आधारित सात पुस्तकों का भी विमोचन भी किया। राष्ट्रीय शोधार्थी समागम में देशभर से आए शोधार्थियों, शिक्षाविदों और विशेषज्ञों की सहभागिता रही। भारतीय समाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद के अध्यक्ष और भगवान बिरसा मुंडा जनजातीय विवि के कुलगुरु प्रो. मधुकर एस पड़वी ने कहा कि भारत के पुनरोत्थान के लिए हमारी सभ्यता और ज्ञान की पुनः प्रतिष्ठा करने की आवश्यकता है।

## मुख्य सचिव जैन के सुझाव पर बदली प्लानिंग

# फॉरेस्ट एरिया में कम होंगे अंडरपास वेस्टर्न भोपाल बायपास प्रोजेक्ट की लागत 250 करोड़ रुपए घटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वेस्टर्न भोपाल बायपास प्रोजेक्ट की प्लानिंग में एक बार फिर बड़ा बदलाव किया गया है। मुख्य सचिव अनुराग जैन के सुझाव पर फॉरेस्ट एरिया में प्रस्तावित अंडरपास की संख्या कम करने का निर्णय लिया गया है। इस संशोधन से परियोजना की लागत में करीब 250 करोड़ रुपए की कमी आने का अनुमान है।

मुख्य सचिव को हाल ही में परियोजना का प्रेजेंटेशन दिया गया था। इसमें फॉरेस्ट और टाइगर मूवमेंट एरिया में प्रस्तावित अंडरपास की संख्या और लागत का पुनर्मूल्यांकन प्रस्तुत किया गया। चर्चा के बाद सीएस ने अंडरपास की संख्या युक्तिसंगत करने के निर्देश दिए। संशोधित प्रस्ताव अब दोबारा उनकी मंजूरी के लिए रखा जाएगा। हरी झंडी मिलने के बाद ही परियोजना को जमीन पर उतारने की प्रक्रिया तेज होगी। वेस्टर्न भोपाल बायपास प्रोजेक्ट शुरूआत से ही गलत एस्टीमेशन और एलाइनमेंट में बदलाव की वजह से अटका रहा। सूत्रों के अनुसार फॉरेस्ट एरिया में अंडरपास और कोलांस नदी पर बनने वाले पुल के स्पान का सही आकलन नहीं किया गया था। वन विभाग और मध्यप्रदेश रोड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एमपीआरडीसी) के बीच चर्चा में इन खामियों का खुलासा हुआ।

### 2024 में कंपनी चयनित, अब तक काम शुरू नहीं

*एमपीआरडीसी ने इस परियोजना की कुल अनुमानित लागत 2993 करोड़ रुपए तय की थी, जिसमें सिविल वर्क पर 1323.94 करोड़ रुपए खर्च प्रस्तावित था। वर्ष 2024 में वेस्टर्न भोपाल बायपास प्राइवेट लिमिटेड का चयन हाइब्रिड एन्युटी मोड पर किया गया था। कंपनी 1174 करोड़ रुपए में काम करने को तैयार हुई थी और 15 वर्षों तक मेंटेनेंस की जिम्मेदारी भी उसी की रहेगी। हालांकि डेढ़ साल से अधिक समय बीतने के बावजूद काम शुरू नहीं हो पाया है। एलाइनमेंट में बदलाव के चलते भू-अर्जन की प्रक्रिया दोबारा करनी पड़ रही है। साथ ही चयनित कंपनी (पूर्व में पीएनसी इंफ्राटेक) के साथ सप्लीमेंट्री एग्रीमेंट भी करना होगा।*

### बायपास की सवा पांच किमी कम हुई लंबाई

*प्रारंभिक योजना के अनुसार बायपास की लंबाई 40.90 किमी प्रस्तावित थी, जो मंडीदीप के पास इटाया कलां से शुरू होकर रातीबड़ के आगे फंदा तक जाती। अब संशोधित रूट भोपाल-जबलपुर मार्ग के ग्राम रतनपुर से शुरू होकर कोलार-रातीबड़ होते हुए भोपाल-देवास रोड के ग्राम फंदा कलां तक जाएगा। इसके कारण अब नई लंबाई करीब 35.60 किमी होगी।*

## विधानसभा सत्र के पहले विधायकों के प्रश्न

# साढ़े तीन हजार सवालों के जवाब देगी मप्र सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विधानसभा सत्र से पहले विधायकों ने साढ़े तीन हजार से अधिक सवाल लगाए हैं। इन सवालों के लिखित जवाब बजट सत्र के दौरान राज्य सरकार के मंत्री देंगे। विधानसभा सचिवालय के अनुसार अब तक कुल 3478 सवाल मिले हैं।

इनमें 2253 प्रश्न ऑनलाइन और 1225 प्रश्न ऑफलाइन पूछे गए हैं। सभी प्रश्न अलग-अलग विभागों से संबंधित हैं, जिनके उत्तर निर्धारित तिथियों पर सदन में दिए जाएंगे। 11 फरवरी तक की स्थिति में 8 स्थगन प्रस्ताव, 132 ध्यानाकर्षण प्रस्ताव, शून्यकाल में सूचना पढ़ने के 45 प्रस्ताव और 41 अशासकीय संकल्प प्राप्त हुए हैं। इसके अलावा 14 याचिकाएं और नियम 139 के अंतर्गत चर्चा के 2 प्रस्ताव भी विधानसभा सचिवालय को मिले हैं। नियम 139 के तहत प्राप्त प्रस्तावों पर सदन की कार्यवाही के दौरान विधानसभा अध्यक्ष समय निर्धारित करेंगे। विधानसभा के बजट सत्र की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर एक-दो दिन में सचिवालय का निरीक्षण करेंगे। वे सदन के भीतर विधायकों और मंत्रियों की बैठक व्यवस्था, संचार प्रणाली तथा दर्शक दीर्घा की व्यवस्थाओं की समीक्षा करेंगे।

### वंदे मातरम गायन को मप्र में लागू करेगी राज्य सरकार: सीएम

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने राष्ट्रगान जन-गण-मन से पहले सभी कार्यालयों और स्कूलों में राष्ट्रगीत वंदे मातरम के छह छंदों के गायन का निर्णय लिया है। यह अत्यंत सराहनीय एवं अभूतपूर्व पहल है। इसके जरिए पूरा देश अमर शहीदों के बलिदान को स्मरण करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में हमारे वीर सेनानियों ने वंदे मातरम गाते हुए स्वयं को देश के लिए बलिदान कर दिया। मध्यप्रदेश सरकार, केंद्र सरकार के इस निर्णय के साथ खड़ी है और वंदे मातरम गायन के निर्णय को त्वरित रूप से प्रदेश में लागू कर रही है।

## यूजीसी के समर्थन में आंबेडकर जयंती मैदान में जुटे कार्यकर्ता

# भीम आर्मी ने किया प्रदर्शन, सीएम हाउस घेराव के लिए बढ़े तो पुलिस ने चलाई वाटर कैनन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

यूजीसी के समर्थन में गुरूवार को राजधानी के आंबेडकर जयंती मैदान में भीम आर्मी भारत एकता मिशन और आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) ने प्रदर्शन किया। आंबेडकर जयंती मैदान पर सभा को संबोधित करने के बाद भीम आर्मी के कार्यकर्ता सीएम हाउस घेराव के लिए रवाना हुए।

जैसे ही वे प्रकाश तरण-पुष्कर की तरफ बढ़े पुलिस ने बैरिकेडिंग करके रोक लिया। पुलिस की समझाइश के बाद भी जब कार्यकर्ता नहीं माने तो पुलिस ने वाटर कैनन चलाई और कार्यकर्ताओं और कई पदाधिकारियों को पुलिस वैन में भरकर ले गईं। इस प्रदर्शन में भीम आर्मी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील बैरसिया, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुनील अस्तेय, पूर्व विधायक आरडी प्रजापति, दलित पिछड़ा समाज संगठन के अध्यक्ष दामोदर यादव मौजूद रहे। मुख्यमंत्री के नाम 17 सूत्रीय ज्ञापन सौंपते भीम आर्मी ने मांगे पूरी नहीं होने की स्थिति में उग्र आंदोलन की बात कही।





### 28 तारीख को यात्रा छतरपुर पहुंचेगी

*कार्यक्रम को संबोधित करते हुए छतरपुर जिले की चंदला के पूर्व विधायक आरडी प्रजापति ने कहा हमारी एक यात्रा 27 फरवरी को सागर में होने वाली है। मैं किसी दल का नहीं हूं। मैं दिल वाला हूं। जहां दलित, आदिवासी, पिछड़ों की बात होगी। मैं वहां पहुंच जाता हूं। 28 तारीख को हमारी यात्रा धीरेन्द्र शास्त्री के गांव छतरपुर में पहुंचेगी।*

### पूर्व धार कांग्रेस जिलाध्यक्ष गौतम के पुत्र को अनुशासनहीनता का नोटिस

**भोपाल।** गत दिनों धार जिले के पीथमपुर में कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें कांग्रेस की सह प्रभारी उषा नायडू, धार जिला प्रभारी रघु परमार एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष स्वतंत्र जोशी उपस्थित रहे। इस दौरान कुछ व्यक्तियों द्वारा हंगामा कर संगठन की मर्यादा भंग किए जाने की घटना सामने आई थीं। इस कृत्य को अत्यंत गंभीर अनुशासनहीनता मानते हुए जयवर्धन सिंह गौतम पुत्र बालमुकुंद सिंह गौतम, अर्पित नगर पुत्र राकेश (नगर), धनंजय थोरात, पार्षद पुत्र अशोकराव थोरात, गजानंद पथरिया पुत्र जगन्नाथ पथरिया को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। उक्त सभी से सात दिन में लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने को कहा गया है।

## 98 दिन में गणना पत्रक सहित सुनवाई हुई पूरी

### 1656 लोगों की सुनवाई शेष, 30 हजार नए नाम भी पेंडिंग

# नरेला और दक्षिण-पश्चिम में 100 प्रतिशत एसआईआर, हुजूर व बैरसिया में 99 फीसदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी की बैरसिया, नरेला, उत्तर, दक्षिण पश्चिम, मध्य, गोविंदपुरा और हुजूर विधानसभा में से नरेला और दक्षिण-पश्चिम विस में सबसे पहले स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) का काम पूरा कर लिया है, जबकि हुजूर और बैरसिया में भी 99.99 प्रतिशत काम कंपलीट कर लिया गया है।

शेष विधानसभाओं में भी 99 फीसदी से अधिक काम हो गया है। हालांकि 1656 लोगों की सुनवाई बाकी है। इधर 30 हजार से अधिक नाम जोड़ने के आवेदन भी पेंडिंग चल रहे हैं। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि चार नवंबर से शुरु हुए एसआईआर का काम भोपाल में लगभग पूरा हो गया है। 14 फरवरी के पहले ही काम खत्म कर लिया जाएगा। जिसके बाद 21 फरवरी को एसआईआर की फाइनल वोटर लिस्ट जारी होगी।

### लॉजिकल डिस्पेंसी वाले नामों ने बढ़ाई मुश्किल



एसआईआर के काम के दौरान दस दिन पहले अचानक से जिले के सवा दो लाख मतदाताओं के नाम, पिता का नाम, उम्र, पति का नाम और पते में गड़बड़ी को लेकर जिला निर्वाचन कार्यालय ने सवा दो लाख मतदाताओं को नोटिस जारी कर दिए। जिसके बाद अतिरिक्त एईआरओ को तैनात कर सुनवाई को पूरा किया गया।

### ऐसे चला एसआईआर का काम

चार नवंबर से गणना पत्रक बांटने का काम शुरु किया गया, जो 45 दिन चला। इसके बाद 23 दिसंबर को ड्राफ्ट रोल जारी कर दिया गया। इसके साथ दावे आपत्तियों के फेस में नए नाम जोड़ना, आपत्तियां लेना, वोटर लिस्ट में दर्ज नाम में संशोधन, नो मैपिंग वाले मतदाताओं की सुनवाई का काम चलता रहा।

### दस हजार आपत्तियां हुईं खारिज

जिन आपत्तियों को लेकर शुरु से ही विवाद खड़ा हो गया था। उनमें से अधिकतर आपत्तियों को खारिज कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि एक नाम से तीस से लेकर डेढ़ सौ लोगों के नाम काटने के लिए प्रिंटेड फार्म-7 को भरकर पेश किया गया था। जिसके बाद हंगामा खड़ा हो गया। बीएलओ ने जब इन आपत्तियों की जांच की तो उसमें अधिकतर लोग सही पाए गए। अब इन मतदाताओं के नाम नहीं काटे जाएंगे। गुरुवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रवीण सक्सेना ने भी कलेक्टर से मिलकर आपत्तियों के संबंध में नाम नहीं काटने की बात कही। एसआईआर का ड्राफ्ट रोल जारी होने के बाद जिले की सात विस से करीब 80 हजार नए नाम जोड़ने के आवेदन पेश किए गए हैं। जिसके तहत अब तक करीब 52 हजार नाम वोटर लिस्ट में शामिल कर लिए गए हैं, जबकि तीस हजार आवेदनों की जांच चल रही है। शुक्रवार को यह पूरा होने का दावा है।

## बड़े जिलों में 51 और छोटे में 31 सदस्य की सीमा तय

# कांग्रेस में संगठन सर्जरी: 71 जिलों की कार्यकारिणी नए सिरे से बनेगी, चार जंबो टीमें हुई निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश कांग्रेस में जिला स्तर पर बड़ी संगठनात्मक सर्जरी की तैयारी शुरू हो गई है। अब प्रदेश के सभी 71 जिलों में कार्यकारिणी का गठन नए सिरे से किया जाएगा। जनवरी के आखिर में घोषित सागर, छिंदवाड़ा, मऊगंज और झाबुआ की जंबो जिला कार्यकारिणी को निरस्त कर दिया गया है। इन जिलों में भी नई कार्यकारिणी बनाई जाएगी।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) की ओर से प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीसीसी) और जिला अध्यक्षों को भेजे गए पत्र में जिला कार्यकारिणी का नया स्वरूप तय किया गया है। निर्देश के अनुसार बड़े जिलों में अधिकतम 51 और छोटे जिलों में 31 सदस्य ही कार्यकारिणी में शामिल किए जा सकेंगे।

### कमलनाथ के जिले में बनी जंबो कार्यकारिणी

प्रदेश संगठन महामंत्री डॉ. संजय कामले ने पुष्टि करते हुए कहा कि सभी जिलों की कार्यकारिणी नए सिरे से बनाई जाएगी। प्रयास है कि फरवरी में सभी जिलों की कार्यकारिणी घोषित कर दी जाए। गौरतलब है कि छिंदवाड़ा जिले की कार्यकारिणी सबसे बड़ी थी, जिसमें कुल 261 सदस्य शामिल थे। इसमें 73 महामंत्री, 68 सचिव, 62 आमंत्रित सदस्य और अन्य पदाधिकारी थे। सूत्रों के अनुसार, इसी तरह की भारी-भरकम कार्यकारिणियों को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने आकार सीमित करने का निर्णय लिया है, ताकि संगठन अधिक चुस्त-दुरुस्त और सक्रिय बने तथा पदाधिकारियों की जवाबदेही तय हो सके।

### नाम काटने पर संगठन के सामने बनेगा चुनौती

नई सीमा लागू होने के बाद जिला अध्यक्षों के सामने सबसे बड़ी चुनौती पहले से घोषित या प्रस्तावित नामों में कटौती की है। जिन नेताओं के नाम कार्यकारिणी से हटाए जाएंगे, उनकी नाराजगी स्वाभाविक मानी जा रही है। वहीं, पीसीसी को भी सभी जिलों की संशोधित सूचियों का दोबारा परीक्षण करना होगा, जिसके बाद ही अंतिम घोषणा संभव होगी।

**कपड़े और पुराने बर्तन 100 रुपए किलो पर एक्सचेंज**

# रोजमर्रा की जरूरतों के लिए 'स्मार्ट बाजार' एक किफायती विकल्प

*सबसे बड़ा स्मार्ट बाजार एक्सचेंज लांच, एक ही छत के नीचे बचत*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंबई

भारत के भरोसेमंद किफायती रिटेल डेस्टिनेशन, स्मार्ट बाजार ने अपना अब तक का सबसे बड़ा स्मार्ट बाजार एक्सचेंज लांच किया है। यह एक राष्ट्रव्यापी पहल है जिसका उद्देश्य परिवारों को एक ही छत के नीचे ज्यादा बचत करने और स्मार्ट तरीके से खरीदारी करने में मदद करना है।

स्मार्ट बाज़ार एक्सचेंज एक सरल और व्यावहारिक समाधान प्रदान करता है। घर की बेकार पड़ी चीज को आज की ज़रूरतों के लिए बचत में बदलें।

**स्मार्ट विकल्प होते हैं स्मार्ट बाजार से शुरू**

स्मार्ट बाजार एक्सचेंज के माध्यम से ब्रांड एक बार फिर बचत को सरल, समझदारी भरा और सुलभ बनाने के अपने वादे को दोहराता है यह साबित करते हुए कि जब मूल्य की बात आती है, तो स्मार्ट विकल्प स्मार्ट बाज़ार से शुरू होते हैं।



राष्ट्रव्यापी पहल

## यह सबसे प्रतिस्पर्धी एक्सचेंज मूल्यों में से है एक

## अभियान का स्लोगन 'पुराना बेचो महंगा' और 'नया खरीदो सस्ता'

ग्राहक स्मार्ट बाजार स्टोर्स पर पुराने अखबार, इस्तेमाल किए हुए कपड़े और पुराने बर्तन 100 रुपए प्रति किलो की दर से एक्सचेंज कर सकते हैं, जो बाजार में सबसे प्रतिस्पर्धी एक्सचेंज मूल्यों में से एक है। एक्सचेंज मूल्य स्टोर कूपन के रूप में जारी किया जाता है, जिसे किराने का सामान, घरेलू जरूरत की चीजें और फैशन सहित विभिन्न श्रेणियों में भुनाया जा सकता है, जिससे हर भारतीय परिवार के लिए लचीलापन और प्रासंगिकता सुनिश्चित होती है। स्मार्ट बाजार के सीईओ दामोदर मॉल ने कहा कि स्मार्ट बाज़ार में, मूल्य का मतलब है परिवारों को उनके दैनिक खर्चों को बेहतर ढंग से प्रबंधित करने में मदद करना। स्मार्ट बाजार एक्सचेंज के साथ हम ग्राहकों को एक सरल और पारदर्शी तरीका दे रहे हैं जिससे वे अपनी जरूरत से ज्यादा चीजों को बचत में बदल सकें और तुरंत अपने मासिक जरूरतों पर खर्च कर सकें। यह पहल भारत के सबसे भरोसेमंद मूल्य गंतव्य होने के हमारे वादे को और मजबूत करती है।

---

## मप्र शासन द्वारा "एकीकृत टाउनशिप नियम–2026" का प्रकाशन

**समयबद्ध 'फास्ट-ट्रैक' व्यवस्था सुनिश्चित करे**

# क्रेडाई ने कहा- राज्य के शहरी विकास में स्वागत योग्य कदम

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश शासन द्वारा 'एकीकृत टाउनशिप नियम–2026' के प्रकाशन पर क्रेडाई भोपाल के प्रेसीडेंट मनोज मीक ने कहा कि राज्य के शहरी विकास के लिए एक निर्णायक और स्वागत योग्य कदम है। ये नियम टाउनशिप विकास को मेट्रो तथा राजधानी स्तर की सुनियोजित, इंफ्रास्ट्रक्चर, सक्षम और रोजगारयुक्त शहरी इकाई के रूप में स्थापित करते हैं।

**राजधानी में सुनियोजित इंफ्रास्ट्रक्चर स्थापित हो**


फाइल फोटो

**भोपाल के डेवलपमेंट प्लान को प्राथमिकता से अंतिम रूप दें**

क्रेडाई का आग्रह है कि सरकार टाउनशिप नियमों के समानांतर भोपाल के डेवलपमेंट प्लान को प्राथमिकता से अंतिम रूप दे। ट्रंक इंफ्रास्ट्रक्चर की एजेंसी-वार समय-सीमा घोषित करे, और छोटे मझौले डेवलपर्स व अफोर्डेबल हाउसिंग के लिए सरलीकृत, समयबद्ध "फास्ट-ट्रैक" व्यवस्था सुनिश्चित करे ताकि नियमन के साथ-साथ वास्तविक आवास-आपूर्ति और रोजगार-आधारित विकास भी तेज हो सके।

**नियमों के सफल क्रियान्वयन के लिए 3 बिंदुओं पर विशेष ध्यान दिया जाए: मीक**

क्रेडाई के अध्यक्ष मीक ने आग्रह किया है कि इन नियमों के सफल क्रियान्वयन के लिए तीन बिंदुओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। पहला- ट्रंक इंफ्रास्ट्रक्चर मुख्य सड़कें, बल्क वॉटर, पावर, सीवरेज कनेक्टिविटी के लिए स्पष्ट समय-सीमा और एजेंसी-वार उत्तरदायित्व तय हों, ताकि परियोजनाएं अनावश्यक देरी से न जूझें। दूसरा- स्वीकृति प्रणाली को वास्तविक अर्थों में सिंगल-विंडो और डिजिटल-टाइमलाइन के अनुरूप संचालित किया जाए, जिससे उद्योग और शासन दोनों की दक्षता बढ़े



और तीसरा -प्रत्येक टाउनशिप के लिए पब्लिक-डोमेन में पारदर्शी प्रोजेक्ट डैशबोर्ड बनाया जाए जिसमें चरणवार प्रगति, बुनियादी सेवाओं की उपलब्धता और अनुपालन स्थिति स्पष्ट रहे। मीक ने कहा कि क्रेडाई एक जिम्मेदार उद्योग-साझेदार के रूप में, सरकार के साथ "प्लांड अर्बन ग्रोथ" की इस दिशा में पूर्ण सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा स्पष्ट मत है कि अच्छे नियम तभी सार्थक हैं जब वे तेज, पारदर्शी और निष्पक्ष क्रियान्वयन के साथ नागरिकों तक परिणाम पहुंचाएं।

*कुछ व्यावहारिक चुनौतियां उभरेंगी भोपाल में क्योंकि नया मास्टर प्लान 21 साल से है लंबित*

*साथ-साथ हम यह रेखांकित करना चाहते हैं कि छोटे और मझौले डेवलपर्स तथा अफोर्डेबल हाउसिंग के सामने अब कुछ व्यावहारिक चुनौतियां उभरेंगी विशेषकर भोपाल में, जहां नया मास्टर प्लान 21 साल से लंबित है। टाउनशिप में बड़े न्यूनतम क्षेत्रफल, क्षमता-आधारित पात्रता, पंजीयन व अनुपालन लागत, और चरणबद्ध विकास की शर्तें छोटे प्लेयर्स के लिए प्रवेश-बाधा बढ़ा सकती हैं, साथ ही मास्टर प्लान के अभाव में ट्रंक इंफ्रास्ट्रक्चर व लैंड-यूज स्पष्टता के बिना अफोर्डेबल प्रोजेक्ट्स की वायबिलिटी भी प्रभावित हो सकती है।*

---

## पोलारिस स्मार्ट मीटरिंग ने 10 लाख स्मार्ट मीटर का आंकड़ा पार किया

**नई दिल्ली।** पोलारिस स्मार्ट मीटरिंग ने अपनी एएमआईएसपी एवं बिजली वितरण यात्रा में भारत सरकार की पुनर्गठित वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस) के तहत बाजारों में 10 लाख से अधिक स्मार्ट मीटरों का विनिर्माण कर उन्हें लगाने का एक बड़ा कीर्तिमान हासिल करने की घोषणा की। यह उपलब्धि इस देश में वृहद स्तर पर स्मार्ट मीटरिंग को अपनाने और बिजली क्षेत्र के डिजिटलीकरण में पोलारिस की अहम भूमिका रेखांकित करती है। सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों और उद्योग के भागीदारों की उपस्थिति में जयपुर में पोलारिस की अत्याधुनिक इकाई में 10 लाखवें स्मार्ट मीटर का अनावरण इस उपलब्धि का प्रतीक था।

यह इकाई देशज विनिर्माण, प्रौद्योगिकी उत्कृष्टता और राष्ट्रीय सुधार प्राथमिकताओं के हिसाब से बड़े पैमाने पर काम करने की प्रतिबद्धता को दिखाती है। मुख्य अतिथि आईएएस, अपर मुख्य सचिव और राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड के चेयरमैन अजिताभ शर्मा ने आरडीएसएस के उद्देश्यों को हासिल करने में स्मार्ट मीटरिंग का महत्व रेखांकित किया।

---

## पुराने भोपाल के पुनः विकास एवं व्यापारियों के व्यापार उत्थान के लिए जरूरी

# यूनानी शफाखाना का हो पुनर्विकास, बनाया जाए बहुमंजिला भवन एवं अंडरग्राउंड पार्किंग

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

पुराने शहर के व्यापारियों और व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने कहा कि पुराने भोपाल के पुनःविकास और यहां के व्यापार उत्थान के लिए यूनानी शफाखाना का पुनर्विकास आवश्यक है। संगठनों के प्रतिनिधियों ने यूनानी शफाखाना स्थल पर बहुमंजिला भवन एवं अंडरग्राउंड पार्किंग का सुझाव शासन-प्रशासन को दिया है साथ व्यापारियों की शीर्ष संस्था के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों सहित समस्त कार्यकारिणी का इस ओर ध्यान आकर्षित करने शासन -प्रशासन के नाम ज्ञापन सौंपा।

श्री होलसेल सर्राफा एसोसिएशन भोपाल के अध्यक्ष संजीव गर्ग, सचिव विजय वर्मा, कोषाध्यक्ष अखिलेश मित्तल सहित समस्त पदाधिकारियों ने कहा कि राजा भोज एवं गोंड रानी कमलापति की झीलों का शहर भोपाल अपने ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत के लिए देशभर में प्रसिद्ध है। वर्तमान समय में पुराने भोपाल का प्रमुख व्यापारिक केंद्र सराफा चौक माना जाता है, जहां प्राचीन जड़ी-बूटियों सहित विभिन्न प्रकार के होलसेल एवं फुटकर व्यापार संचालित होते हैं।

*पुराने भोपाल के व्यापारियों एवं रहवासियों के लिए इस प्रस्ताव पर क्रियान्वयन सिद्ध होगा लाइफलाइन*

*सुझाव दिया किया उक्त स्थल पर बहुमंजिला भवन एवं अंडरग्राउंड पार्किंग बनाई जा सकती है। साथ ही तीसरी मंजिल पर आधुनिक यूनानी, होम्योपैथिक एवं आयुर्वेदिक अस्पताल की स्थापना की जाए। ऐसा होने से पुराने भोपाल के व्यापारियों एवं रहवासियों के लिए लाइफलाइन सिद्ध होगा। संजीव गर्ग ने बताया कि पुरातत्व विभाग के अनुसार यूनानी शफाखाना परिसर हैरिटेज संपति की श्रेणी में नहीं आता है। उन्होंने भोपाल सांसद आलोक शर्मा सहित चेंबर की नवगठित समस्त कार्यकारिणी से अनुरोध कि या कि पुराने के व्यापार विकास के साथ आमजन के हित में व्यापारियों के इस प्रस्ताव को प्रशासन एवं शासन के समक्ष प्रस्तुत कर शीघ्र क्रियान्वयन के लिए आवश्यक पहल शुरू करवाया जाए।*

**व्यापार में आ चुकी है लगभग 60 फीसदी से अधिक गिरावट**

वर्तमान में इस क्षेत्र में अत्यधिक अतिक्रमण, पार्किंग की उचित व्यवस्था का अभाव, सुलभ कॉम्प्लेक्स एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की कमी के कारण व्यापार की स्थिति अत्यंत दयनीय हो गई है। परिणामस्वरूप व्यापारी एवं स्थानीय निवासी इस क्षेत्र से पलायन करने को विवश हो रहे हैं तथा व्यापार में लगभग 60 फीसदी से अधिक गिरावट आ चुकी है। व्यापारिक संगठनों ने प्रतिनिधियों ने कहा कि सांसद आलोक शर्मा द्वारा अतिक्रमण हटाने एवं व्यापारियों के हित में किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं, जिसके लिए समस्त व्यापारी एवं रहवासी उनका आभार व्यक्त करते हैं, लेकिन यूनानी शफाखाना एक महत्वपूर्ण स्थल है, जिसे पुनर्विकसित किया जाना जरूरी है।

---

## सीआईआई ने किया जापान की एएलएमओ-जे के साथ रणनीतिक समझौता

# आर्थिक विकास और व्यापक रोजगार सृजन के लिए एक मजबूत औद्योगिक आधार को अनिवार्य बताया

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने का दृष्टिकोण है, जिसमें सतत आर्थिक विकास और व्यापक रोजगार सृजन के लिए एक मजबूत औद्योगिक आधार को अनिवार्य बताया गया है।

इसी दृष्टिकोण के अनुरूप, विनिर्माण उत्कृष्टता केंद्र ने विनिर्माण उत्कृष्टता में सहयोग को और गहरा करने के लिए जापान के लीन मोनोज़ुकुरी नेटवर्क के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। सीआईआई-सीएमई और एएलएमओ-जे के बीच हुए समझौता ज्ञापन का उद्देश्य जापान की सुस्थापित लीन मोनोज़ुकुरी पद्धतियों को स्वचालन और इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) जैसी उन्नत तकनीकों के साथ एकीकृत करना है। इसका मुख्य उद्देश्य ज्ञान साझा करना, प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करना और


समझौता ज्ञापन प्रदर्शित

उन भारतीय कंपनियों को व्यावहारिक कार्यान्वयन सहायता प्रदान करना होगा जो अपने परिचालन को वैश्विक मानकों के अनुरूप उन्नत करना चाहती हैं। भारत के लिए, इस साझेदारी से निर्माताओं को सुव्यवस्थित उत्पादन प्रक्रियाओं को अपनाने, अपव्यय को कम करने, गुणवत्ता में सुधार करने और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी परिचालन स्थापित करने में मदद मिलने की उम्मीद है।

***मजबूत अवसर***

*जापान के लिए, यह तेजी से बढ़ते बाजार में अपनी विनिर्माण विशेषज्ञता का विस्तार करने और भारत के साथ अपने दीर्घकालिक आर्थिक संबंधों को और मजबूत करने का अवसर प्रदान करता है। जापान अपने अनुशासित विनिर्माण प्रणालियों, सटीक इंजीनियरिंग और निरंतर सुधार की संस्कृति के लिए प्रसिद्ध है। इस सहयोग को इन खूबियों का लाभ उठाने की दिशा में एक कदम के रूप में देखा जा रहा है, साथ ही यह भारत की एक विश्वसनीय और प्रतिस्पर्धी विनिर्माण केंद्र के रूप में उभरने की महत्वाकांक्षा का समर्थन भी करता है।*

---

**खबर संक्षेप**

### डीपी ज्वेलर्स का 'वेडिंग कार्निवल 2026'

**भोपाल।** सेंट्रल इंडिया के सबसे बड़े और भरोसेमंद ज्वैलरी ब्रांड डीपी ज्वेलर्स ने भोपाल में 'डीपी वेडिंग कार्निवल 2026' आयोजित किया है। यह ब्राइडल ज्वेलरी प्रदर्शन 11 से 22 फरवरी 2026 तक चलेगा। शादी के सीजन को देखते हुए इस आयोजन में एक ही जगह पर शादी से जुड़ी ज्वेलरी के कई विकल्प प्रस्तुत किए जा रहे हैं। वेडिंग कार्निवल में ब्राइडल और सेमी-ब्राइडल ज्वेलरी का विस्तृत कलेक्शन प्रदर्शित किया जा रहा है, जिसमें पारंपरिक डिज़ाइनों के साथ आधुनिक स्टाइल की ज्वेलरी भी शामिल है।

### थम्स अप के नए एंथम के लांच पर 'टेस्ट द थंडर' रिलीज

**मुंबई।** भारत के प्रतिष्ठित अरबों डॉलर के ब्रांड थम्स अप ने हनुमानकिंड और विशाल ददलानी के साथ मिलकर एक धमाकेदार गाना 'टेस्ट द थंडर' रिलीज किया है। यह गाना थम्स अप की पहचान रहे जोश, बेबाकी और तूफानी अंदाज़ को पूरी ताकत के साथ पेश करता है। गाने की आत्मा वही मशहूर पंक्ति है "आज कुछ तूफानी करते हैं", जो आज के युवाओं की सोच और एनर्जी से सीधा जुड़ती है। दोनों कलाकारों का जुनून और तीखापन थम्स अप के कड़क स्वाद और तूफानी व्यक्तित्व से पूरी तरह मेल खाता है।

### आशापुरी गोल्ड का शुद्ध लाभ 17.21 करोड़ रुपए पहुंचा

**अहमदाबाद।** आशापुरी गोल्ड ऑर्नामेंट लिमिटेड ने वित्तवर्ष 2026 के तिमाही और नौवें महीने का वित्तीय परिणाम घोषित किए। नतीजों के मुताबिक नौवे महीने में कंपनी की कुल आय 246.61 करोड़ रुपए रही। एबिटडा 24.50 करोड़ रुपए, एबिटडा मार्जिन 9.93 फीसदी दर्ज हुआ। जबकि कंपनी का शुद्ध लाभ 17.21 करोड़ रुपए पहुंच गया। कंपनी के संयुक्त प्रबंध निदेशक जितेंद्र कुमार सोनी ने कहा कि इस अवधि में हमारा शुद्ध लाभ साल-दर-साल 7.76 फीसदी बढ़ा, जबकि एबिटडा में 22.01 फीसदी की वृद्धि हुई।

---

## 30 बीपीएस की कमी के बाद ब्याज दर 7.60 फीसदी प्रति वर्ष हुई

# बॉब ने की कार लोन की ब्याज दरों में कटौती ब्याज दर अब 7.60 फीसदी प्रति वर्ष से शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंबई

बैंक ऑफ बड़ौदा (बॉब) ने कार लोन की ब्याज दरों में 30 बेसिस पॉइंट्स (बीपीएस) की कटौती की घोषणा की, जो तत्काल प्रभाव से लागू होगी। बैंक की अनियत ब्याज दर अब 7.60 फीसदी प्रति वर्ष से शुरू होगी (जो पहले 7.90 फीसदी प्रति वर्ष थी)। बैंक 8.50 फीसदी प्रति वर्ष से शुरू होने वाली आकर्षक नियत ब्याज दर पर बड़ौदा कार लोन की पेशकश भी कर रहा है।

7.60 फीसदी प्रति वर्ष से शुरू होने वाली यह नई दर नई कार की खरीद पर उपलब्ध है और यह उधारकर्ता के क्रेडिट प्रोफाइल से लिंक्ड है। बैंक ऑफ बड़ौदा के कार्यपालक निदेशक, संजय वी. मुदालियर ने कहा कि ब्याज दर में कटौती के साथ-साथ, बैंक व्यक्ति उधारकर्ताओं के लिए अनियत ब्याज दर पर कार लोन के लिए समय पूर्व चुकौती,आंशिक पूर्व-चुकौती पर शून्य प्रभार की पेशकश भी कर रहा है। इसके अलावा, बड़ौदा कार लोन पर ब्याज की गणना 'दैनिक घटते शेष' पद्धति के आधार पर की जाती है, जो इसे उधारकर्ताओं के लिए और भी किफायती बनाती है। 84 महीने तक की बढ़ी हुई चुकौती अवधि के साथ ग्राहक बेहतर एवं सुविधाजनक वित्तीय विकल्पों का लाभ उठा सकेंगें। उन्होंने बताया कि कार लोन की ब्याज दरों में कमी यह उपभोक्ताओं को किफायती तथा सुलभ ऋण प्रदान करने की दिशा में हमारे निरंतर प्रयासों को दर्शाती है। बैंक देश भर के कार खरीदारों की बढ़ती आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए ग्राहक-केंद्रित, डिजिटल रूप से सक्षम फाइनेंसिंग समाधान प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

---

**बिजनेस न्यूज**

### वीआईटी भोपाल विवि और जेएचयू ने किया हेल्थ-हैक 2026 का शुभारंभ



**भोपाल।** वीआईटी भोपाल विश्वविद्यालय ने जॉन्स हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी (जेएचयू), अमेरिका के सहयोग से हेल्थ-हैक 2026 का भव्य शुभारंभ किया। दो दिवसीय इस प्रतिष्ठित आयोजन का उद्देश्य स्वास्थ्य क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देना और भविष्य की स्वास्थ्य तकनीकों के लिए प्रभावी समाधान तलाशना है। इस कार्यक्रम में देश-विदेश के शिक्षाविद, शोधकर्ता और नवाचारकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्घाटन वीआईटी के चांसलर डॉ. जी. विश्वनाथन के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर वाइस प्रेसिडेंट शंकर विश्वनाथन, ट्रस्टी रमणी बालासुंदरम, असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट कादंबरी एस. विश्वनाथन, प्रो वाइस चांसलर टी. बी. श्रीधरन और एक्टिंग रजिस्ट्रार केके नायर की गरिमामयी उपस्थिति रही। उद्घाटन समारोह में पारंपरिक दीप प्रज्वलन एवं प्रार्थना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ, जो स्वास्थ्य क्षेत्र में नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक रहा। हेल्थ-हैक 2026 के संयोजक डॉ. सिद्धार्थ मैती ने बताया कि यह आयोजन अकादमिक जगत और उद्योग के बीच सेतु का कार्य करते हुए सार्थक स्वास्थ्य नवाचारों को प्रोत्साहित करता है।

### ओरिएंटल यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों ने किया आईआईएम का शैक्षणिक भ्रमण

**इंदौर।** ओरिएंटल यूनिवर्सिटी इंदौर ने बीबीए एवं एमबीए पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों के लिए भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) इंदौर का एक शैक्षणिक भ्रमण सफलतापूर्वक आयोजित किया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रबंधन शिक्षा से जुड़े व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना था। यह शैक्षणिक भ्रमण फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट, कॉमर्स एवं मीडिया स्टडीज़ द्वारा प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट विभाग के सहयोग से आयोजित किया गया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को देश के प्रमुख प्रबंधन संस्थान आईआईएम इंदौर के शैक्षणिक वातावरण, शिक्षण पद्धतियों, कैंपस संस्कृति एवं संस्थागत कार्यप्रणाली को नजदीक से समझने का अवसर प्राप्त हुआ। यह शैक्षणिक भ्रमण डीन प्रो. मनमीत सिंह एवं विभागाध्यक्ष डॉ. मंजरी गुप्ता के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जिनके सहयोग एवं नेतृत्व से कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजित किया जा सका। कार्यक्रम के सफल संचालन में संयोजक हर्षा पिपलोदिया एवं रितिक सक्सेना की महत्वपूर्ण भूमिका रही। विश्वविद्यालय पदाधिकारियों कुलाधिपति प्रवीण ठकराल, प्रो-कुलाधिपति प्रो. ध्रुव घई, प्रो-कुलाधिपति गौरव ठकराल, मुख्य प्रबंध निदेशक प्रो. गरिमा घई, कुलपति प्रो. अमोल गोरे तथा उप पंजीयक अजेयेंद्र नाथ के प्रति आभार व्यक्त करता है।

### एमआईटी यूनिवर्सिटी के एचआर कॉन्क्लेव में 20 संगठन हुए एकजुट

**पुणे।** एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी का एचआर कॉन्क्लेव 2026 का आयोजन बेहद सफल रहा। इस कॉन्क्लेव में20 से ज्यादा संगठन एकजुट हुए । क्योंकि उद्योग और शिक्षा जगत के बीच राष्ट्रीय स्तर के इस संवाद का उद्देश्य छात्रों को आज के जमाने में लगातार बदल रहे कामकाजी माहौल के लिए तैयार करना था, ताकि वो उम्मीद की कसौटी पर खरे उतर सकें। इस सम्मेलन में चर्चा का मुख्य विषय नई पीढ़ी को हुनरमंद बनानाः उम्मीदें बनाम सच्चाई था। पैनल सदस्यों के बीच हुई चर्चा में इन्फोसिस बीपीएम, नोवार्टिस, कल्याणी ग्रुप, एसकेएफ इंडिया, यूनाइटेड एयरलाइंस, विप्रो इंजीनियरिंग, मेट्रो ग्लोबल सॉल्यूशंस, बीएनवाई मेलॉन, सर्से, पीडब्ल्यूसी और इनोमैटिक्स रिसर्च लैब्स सहित देश-विदेश के कई बड़े संगठनों के एचआर लीडर शामिल हुए। इस मौके पर एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी के वाइस-चांसलर, डॉ. आरएम चिटनिस ने कहा कि एचआर प्रोफेशनल्स सही मायने में कर्मचारियों की तरक्की और उनकी खुशी का ख्याल रखते हैं।

---

### ट्रू-कॉलर कम्युनिटी ने 1,200 करोड़ अनचाही कॉल्स को रोका

**नई दिल्ली।** भारत में लोगों को 4,000 करोड़ से ज्यादा स्पैम कॉल आए जो धोखाधड़ी, परेशानी और डिजिटल जोखिम के बढ़ते खतरे को दिखाते हैं। रिपोर्ट के अनुसार 2025 में भारत भर में ट्रूकॉलर ने 4,168 करोड़ से ज़्यादा स्पैम कॉल की पहचान की। इनमें से 1,189 करोड़ अनचाही कॉल ट्रूकॉलर यूज़र्स द्वारा ब्लॉक कर दी गईं। इसके अलावा, 770 करोड़ फर्जी कॉल का पता लगाया गया, जिनमें से कई बैंक, सरकारी विभागों, पेमेंट प्लेटफ़ॉर्म और जाने-माने ब्रांड्स की नकल करके किए गए थे। वर्ष के दौरान 12,903 करोड़ से अधिक स्पैम एसएमएस की पहचान की गई, जिनकी संख्या 2025 की दूसरी छमाही में तेज़ी से बढ़ी। रिपोर्ट के मुताबिक इनमें से 1,189 करोड़ अनचाही कॉल उपयोगकर्ताओं तक पहुंचने से पहले ही ब्लॉक कर दी गईं। इससे लाखों लोगों को ठगी, समय की बर्बादी और बेवजह के तनाव से बचाया जा सका, खासकर ऐसे समय में जब देश की अर्थव्यवस्था तेजी से डिजिटल रूप से जुड़ रही है।

### भारत की पहली डी-प्लस सेगमेंट एसयूवी 'एमजी मैजेस्टर' का अनावरण

**गुरुग्राम।** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने एमजी मैजेस्टर को पेश किया। यह भारत की पहली डी प्लस एसयूवी है। इसे उन ग्राहकों के लिए तैयार किया गया है जो बोल्ड,



प्रभावशाली, बेहतर क्षमता से लैस, अटल विश्वसनीयता और बेजोड़ सुंदरता वाली जीवनशैली चाहते हैं। भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में शानदार पदार्पण के बाद मैजेस्टर अब एमजी की सबसे मजबूत, टिकाऊ और प्रीमियम एसयूवी बन गई है। इसकी इनोवेशन, लग्जरी फीचर्स, शीर्ष स्तर की सुरक्षा और स्थायी निर्माण गुणवत्ता इसे बेहतरीन बनाते हैं। आज से मैजेस्टर प्री-बुकिंग के लिए उपलब्ध है, जबकि पूर्ण रेंज की कीमत और बाजार उपलब्धता लॉन्च के निकट घोषित की जाएगी। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया के प्रबंध निदेशक अनुराग मेहरोत्रा ने कहाकि भारत का प्रीमियम एसयूवी ग्राहक तेजी से विकसित हो रहा है, वह केवल जगह की नहीं, बल्कि एक ऐसे वाहन की तलाश में है ।

### कोटक महिंद्रा बैंक ने शुरू किया 'सेहत का सफर 4.0'

**मुंबई।** कोटक महिंद्रा बैंक ने अपने प्रमुख कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) कार्यक्रम 'सेहत का सफर 4.0' के चौथे संस्करण की शुरुआत की घोषणा की है। यह पहल खास तौर पर देश के ट्रक ड्राइवरों, ट्रांसपोर्टरों और उनके परिवारों के लिए निःशुल्क निवारक स्वास्थ्य जांच सुविधा उपलब्ध कराती है। 'सेहत का सफर 4.0' की शुरुआत 18 दिसंबर 2025 से हो चुकी है और यह 31 मार्च 2026 तक चलेगा। इस अवधि में देश के प्रमुख परिवहन मार्गों पर 45 से अधिक स्वास्थ्य और नेत्र जांच शिविर आयोजित किए जाएंगे। इस वर्ष बैंक का लक्ष्य करीब 4,500 ट्रक ड्राइवरों और उनके परिवारों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने का है।

---

pnb Housing Finance Limited
Ghar Ki Baat

**परिशिष्ट–IV-A अचल संपत्ति/यों हेतु ई–नीलामी सार्वजनिक बिक्री सूचना**
वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 और प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के सहपठित नियम 8(6) के प्रावधान के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय ई–नीलामी सूचना
पंजीकृत कार्यालय : 9वां तल, अन्तरिक्ष भवन, 22, के.जी. मार्ग, नई दिल्ली–110001, फोन नं. 011–23357171, 23357172, 23705414,, वेबसाइट : www.pnbhousing.com
शाखा कार्यालय भोपाल : दूसरा तल, 131/8, मैन रोड, झोन–2, एम.पी. नगर, झूमरवाला के पास, भोपाल–462011 मध्य प्रदेश

एतद्द्वारा आम तौर पर जनता को और विशेष रूप से कॉलम नंबर–ए में इंगित उधारकर्ता(ओं) और गारंटर(ओं) को सूचना दी जाती है कि निम्न वर्णित अचल संपत्ति(यों) जो कॉलम नंबर–डी में वर्णित है प्रत्याभूत ऋणदाता को बंधक/प्रभारित हैं, जिसमें से रचनात्मक/भौतिक कब्जा (जैसा कि कॉलम नंबर–सी में वर्णित है) को **मैसर्स पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड** /प्रत्याभूत ऋणदाता के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **''जो जहां है, जो है जैसा है, और वहां जो कुछ भी है आधार''** पर निम्न उल्लेखित विवरण के अनुसार बेचा जाएगा। एतद्द्वारा संबंधित उधारकर्ताओं/बंधककर्ता(ओं)/कानूनी उत्तराधिकारी, कानूनी प्रतिनिधि, (चाहे ज्ञात हो या अज्ञात), निष्पादक(ओं), प्रशासक(ओं), उत्तराधिकारी(ओं), संपत्तिभागि(यों) को सूचना दी जाती है चूंकि इस मामले को आज की दिनांक में संशोधित प्रतिभूतिहित प्रवर्तन नियमों के नियम–8(6) और 9 के तहत कॉलम संख्या–ए में दर्शाया जा सकता है।बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तों के लिए कृपया **मैसर्स पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड / प्रत्याभूत ऋणदाता की वेबसाइट यानी www.pnbhousing.com** में दिए गए लिंक का संदर्भ लें।

| ऋण सं./उधारकर्ता /सह–उधारकर्ता/ गारंटर(ओं)/कानूनी उत्तराधिकारी का नाम (A) | मांग राशि और दिनांक (B) | कब्जे का प्रकार (C) | बंधक संपत्तियों का विवरण (D) | आरक्षित मूल्य (आरपी) (E) | ईएमडी (आरपी का 10%) (F) | बोली प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक (G) | बोली वृद्धि मूल्य (H) | निरीक्षण की दिनांक और समय (I) | नीलामी की दिनांक और समय (J) | ज्ञात ऋण भार/ न्यायालय मुकदमा अगर कोई है |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| HOU/BHO/1118/610484 धनीराम अहिरवार / लक्ष्मी बाई, शाखा : भोपाल | रुपये 10,60,085.15/– 07–03–2025 | भौतिक कब्जा | प्लॉट नंबर 90, प्लॉट बी सुर नंबर 30/5, पीएच नंबर 67 हसनाबाद, गिरधर कॉलोनी, विदिशा, मध्य प्रदेश – 464001, विदिशा, भारत। | रु. 9,30,000 | रु. 93,000 | 27.02.2026 | रु. 10,000 | 17.02.2026 दोपहर 12:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे | 28.02.2026 अपराह्न 02:00 बजे से अपराह्न 03:00 बजे | *कोई नहीं/ ज्ञात नहीं |

***आकस्मिक खर्च, लागत, शुल्क आदि भुगतान की दिनांक तक खर्च किए और/या वसूली के रूप में एक साथ लागू @18% वार्षिक भविष्य के ब्याज के साथ** पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी और सूचना में ऊपर वर्णित अचल/प्रत्याभूत परिसंपत्तियों के संबंध में कोई अन्य भार/दावा नहीं है, केवल कॉलम नंबर–के में उद्धाटित को छोड़कर। इसके अलावा सफल क्रेता/बोलीदाता द्वारा अपने द्वारा इस प्रकार की भार ओं को पूरा/भुगतान किया जाना चाहिए। संभावित क्रेता/बोलीदाताओं से अनुरोध किया जाता है कि वे उल्लेखित भार की सत्यता का स्वतंत्र रूप से पता लगाएं।**

**(1)** आज की दिनांक में, पीएनबीएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी को उरोक्त अचल संपत्तियों/प्रत्याभूत परिसंपत्तियों को बेचने, विमुख करने और/या निपटाने से कोई आदेश निरोधक और/या न्यायालय निषेधाज्ञा नहीं है। **(2)** संभावित क्रेता/बोलीदाता और इच्छुक पक्ष स्वतंत्र रूप से कार्यवाही/पारित आदेशों आदि में सिफारिश का निरीक्षण कर सकते हैं। यदि कोई हो, कॉलम नं. के में वर्णित है। जिसमें पीएनबीएचएफएल के पास उपलब्ध दस्तावेजों के शीर्षक के शीर्षक तक सीमित नहीं है और निविदा/बोली आवेदन पत्र जमा करने या प्रस्ताव(ओं) बनाने से पहले सभी मामलों में खुद की संतुष्टि कर लें। बोली लगाने वाले को बोली फॉर्म के साथ–साथ इस नीलामी के नियमों और शर्तों पर हस्ताक्षर करने होंगे। **(3)** कृपया ध्यान दें कि प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(3) के संदर्भ में, बोलीदाता(ओं)/क्रेता कानूनी रूप से बिक्री मूल्य की राशि का 25% जमा करने के लिए बाध्य है, (बयाना पैसे शामिल है, यदि कोई हो, जमा) एक ही दिन या अगले कार्य दिवस से बाद में नहीं। प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(2) के अनुसार प्रत्याभूत ऋणदाता द्वारा बिक्री मूल्य का 25% प्राप्त होने के बाद ही (बोलीदाता(ओं) के पक्ष में बिक्री कीपुष्टि की जा सकती है। बिक्री राशि का शेष 75% बिक्री पुष्टि पत्र की पावती की दिनांक से 15 दिनों के भीतर क्रेता द्वारा जमा किया जाना है और इस जमा के चूक में, संपत्ति/प्रत्याभूत परिसंपत्ति कीफिर से बेचा जाएगा। **(4) मैसर्स सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ई–नीलामी के माध्यम से बिक्री करने में प्राधिकृत अधिकारी की सहायता करेगा। जिसका कॉर्पोरेट कार्यालय: प्लॉट सं.68, तीसरा तल, सेक टर 44, गुड़गांव, हरियाणा 122003, वेब साइट–www.bankeautions.com संपत्ति के निरीक्षण या बोली दस्तावेज प्राप्त करने या किसी अन्य जानकारी या पंजीकरण से संबंधित किसी भी सहायता के लिए, आपको पीएनबीएचएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी श्री विवेक लोधा से टोल फ्री नं. 1800 120 8800, के साथ समन्वय करना होगा या www.pnbhousing.com का संदर्भ लेना होगा।**

स्थान : भोपाल  दिनांक : 13.02.2026  हस्ता./– प्राधिकृत अधिकारी, पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

## चिंतन

# लोकतांत्रिक सरकार संबंध सुधारने पर दे सकती है जोर

बांग्लादेश में संपन्न हुए 13वें संसदीय चुनाव केवल एक राजनीतिक प्रक्रिया भर नहीं हैं, बल्कि ये दक्षिण एशिया की कूटनीतिक दिशा तय करने वाले महत्वपूर्ण पड़ाव भी हैं। चुनाव परिणामों को लेकर भले ही विभिन्न दलों और पर्यवेक्षकों के बीच मतभेद हों और उनकी विश्वसनीयता पर प्रश्न उठ रहे हों, लेकिन यह निर्विवाद है कि ढाका की सत्ता में बैठने वाली नई सरकार का रुख भारत के लिए महत्वपूर्ण होगा। भारत और बांग्लादेश के बीच 4000 किलोमीटर से अधिक लंबी साझा सीमा है, जो दोनों देशों को सुरक्षा, व्यापार, सांस्कृतिक संपर्क और रणनीतिक दृष्टि से गहराई से जोड़ती है। ऐसे में बांग्लादेश की राजनीतिक स्थिरता और उसकी विदेश नीति का स्वरूप भारत के राष्ट्रीय हितों से सीधे जुड़ा हुआ है। चुनाव से पहले आवामी लीग और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) दोनों ने पड़ोसी देशों के साथ बेहतर संबंधों की बात कही थी। यह संकेत आशावादी है। यदि लोकतांत्रिक ढंग से गठित नई सरकार क्षेत्रीय सहयोग और संतुलन की नीति अपनाती है, तो हाल के वर्षों में आई कूटनीतिक दूरी कम हो सकती है। मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के कार्यकाल में चीन और पाकिस्तान के साथ बढ़ती नजदीकियों तथा भारत के साथ रिश्तों में आई ठंडक ने नई दिल्ली की चिंता बढ़ाई थी। ऐसे माहौल में लोकतांत्रिक जनादेश से बनी सरकार यदि संतुलित विदेश नीति अपनाती है, तो यह दोनों देशों के लिए राहत की बात होगी। यह भी ध्यान रखना होगा कि बांग्लादेश में चीन की आर्थिक उपस्थिति लगातार बढ़ी है। बुनियादी ढांचे, बंदरगाह, ऊर्जा और निवेश के क्षेत्र में चीन की सक्रियता ने ढाका को नए विकल्प दिए हैं। पाकिस्तान के साथ भी ऐतिहासिक और राजनीतिक समीकरण समय-समय पर चर्चा में आते रहे हैं। ऐसे परिदृश्य में भारत के लिए चुनौती यह है कि वह प्रतिस्पर्धा के बजाय विश्वास और विकास साझेदारी के माध्यम से संबंधों को मजबूत करे। भारत को बांग्लादेश के आर्थिक विकास, कनेक्टिविटी परियोजनाओं और जन-जन के संपर्क को प्राथमिकता देकर रिश्तों को स्थायी आधार देना होगा। भारत की ओर से आई आधिकारिक प्रतिक्रिया परिपक्व और संतुलित रही है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने स्पष्ट किया कि पहले चुनाव परिणामों का इंतजार किया जाएगा और उसके बाद जनादेश की प्रकृति को देखते हुए आगे की रणनीति तय होगी। यह बयान केवल कूटनीतिक औपचारिकता नहीं, बल्कि इस बात का संकेत है कि भारत पड़ोसी देशों में स्थिर और लोकतांत्रिक शासन को अपने हितों के अनुरूप मानता है। भारत और बांग्लादेश के रिश्ते केवल रणनीतिक समीकरण नहीं हैं, वे साझा इतिहास, संस्कृति और भावनात्मक जुड़ाव पर आधारित हैं। 1971 के मुक्ति संग्राम में भारत की भूमिका ने दोनों देशों के बीच विश्वास की मजबूत नींव रखी थी। हाल के वर्षों में व्यापार, ऊर्जा सहयोग, सीमा प्रबंधन, रेल और जलमार्ग संपर्क जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। इन उपलब्धियों को राजनीतिक उतार-चढ़ाव का शिकार नहीं बनने देना चाहिए। नई लोकतांत्रिक सरकार के सामने चुनौती होगी कि वह घरेलू राजनीतिक स्थिरता कायम रखते हुए संतुलित और व्यावहारिक विदेश नीति अपनाए। भारत को भी चाहिए कि वह बड़े भाई की छवि से आगे बढ़कर समानता और सम्मान के आधार पर संबंधों को विकसित करे। लोकतंत्र की मजबूती और पड़ोसी सहयोग ही क्षेत्र को स्थिर और समृद्ध भविष्य की ओर ले जा सकते हैं।



मुद्दा
महेन्द्र तिवारी


# विवाद की जड़ बनी अप्रकाशित आत्मकथा

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पूर्व थलसेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की अप्रकाशित आत्मकथा की पीडीएफ कॉपी के सोशल मीडिया और मैसेजिंग प्लेटफॉर्म्स पर प्रसार को लेकर औपचारिक जांच शुरू कर दी है। यह मामला किसी अपराध या घोटाले से जुड़ा नहीं, बल्कि एक ऐसी आत्मकथा से संबंधित है, जो अभी प्रकाशित भी नहीं हुई और व्यापक रूप से पढ़ी जा रही है। प्रश्न यह नहीं रह गया कि पुस्तक लीक कैसे हुई, बल्कि यह बन गया कि वह अब तक प्रकाशित क्यों नहीं हो सकी। जांच और प्रतिबंध के रास्ते ने न केवल लेखक और प्रकाशक को असमंजस में डाला है, बल्कि पाठकों को भी अधूरी और असंतुलित जानकारी के भरोसे छोड़ दिया है।

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पूर्व थलसेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की अप्रकाशित आत्मकथा 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' की पीडीएफ कॉपी के सोशल मीडिया और मैसेजिंग प्लेटफॉर्म्स पर प्रसार को लेकर औपचारिक जांच शुरू कर दी है। यह मामला किसी अपराध या घोटाले से जुड़ा नहीं, बल्कि एक ऐसी आत्मकथा से संबंधित है, जो अभी औपचारिक रूप से प्रकाशित भी नहीं हुई और फिर भी व्यापक रूप से पढ़ी जा रही है। पूर्व थलसेना प्रमुख नरवणे द्वारा लिखी गई इस पुस्तक की डिजिटल प्रति अचानक विभिन्न संदेश माध्यमों और सामाजिक मंचों पर फैल गई। देखते ही देखते यह रचना केवल सैन्य इतिहास की किताब न रहकर राष्ट्रीय बहस का विषय बन गई।

प्रश्न यह नहीं रह गया कि पुस्तक लीक कैसे हुई, बल्कि यह बन गया कि वह अब तक प्रकाशित क्यों नहीं हो सकी। यह आत्मकथा चार दशकों से अधिक लंबे सैन्य जीवन का विवरण देती है। एक युवा अधिकारी के रूप में सीमावर्ती क्षेत्रों में तैनाती से लेकर देश की थलसेना के सर्वोच्च पद तक की यात्रा इसमें दर्ज है। इसमें पूर्वी सीमा पर हुए टकराव, पश्चिमी मोर्चे पर तनाव, पड़ोसी देशों के साथ संघर्षविराम और एक भीषण वैश्विक महामारी के दौरान सेना की भूमिका जैसे प्रसंग शामिल हैं। ऐसे समय में जब देश का सैन्य इतिहास अक्सर आधिकारिक वक्तव्यों और संक्षिप्त प्रेस विज्ञप्तियों तक सीमित रह जाता है, यह पुस्तक घटनाओं के भीतर झांकने का अवसर देती है। शायद यही कारण है कि इसकी प्रतीक्षा लंबे समय से की जा रही थी। प्रकाशन की प्रक्रिया सामान्य नहीं रही। पुस्तक के प्रकाशन की घोषणा पहले ही हो चुकी थी, अग्रिम आदेश भी लिए गए, परंतु अचानक सब कुछ रोक दिया गया। पाठकों को धन वापस कर दिया गया और कहा गया कि आवश्यक स्वीकृतियां लंबित हैं। पूर्व सैन्य अधिकारियों द्वारा लिखी जाने वाली स्मृतियों के लिए रक्षा मंत्रालय की पूर्व अनुमति आवश्यक होती है, यह कोई नई बात नहीं है। परंतु जब सूचना के अधिकार के अंतर्गत प्राप्त आंकड़ों से यह सामने आया कि उसी अवधि में दर्जनों अन्य पुस्तकों को अनुमति मिल चुकी है और केवल यही एक रचना अटकी हुई है, तो संदेह स्वाभाविक हो जाता है। लेखक स्वयं कई अवसरों पर स्पष्ट कर चुके हैं कि उन्होंने अपना कार्य पूरा कर दिया था और उसे प्रकाशक को सौंप दिया था।

अनुमति प्राप्त करना उनका दायित्व नहीं था। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि पुस्तक की सामग्री उनकी अपनी लिखी हुई है और उसमें किसी प्रकार की असत्य जानकारी नहीं है। यही नहीं, पुस्तक के मसौदे को पहले ही कई वरिष्ठ रक्षा विशेषज्ञों और पूर्व अधिकारियों ने पढ़ा था और उसकी सराहना भी की थी। इन प्रतिक्रियाओं से यह संकेत मिलता है कि सामग्री न तो मनगढ़ंत है और न ही हल्की। इसके बावजूद पुस्तक पर चुप्पी बनी रही। इस बीच कुछ समाचार माध्यमों ने इसके अंशों के आधार पर लेख प्रकाशित किए। उन लेखों में सीमा पर हुए संकटों के दौरान लिए गए राजनीतिक और सैन्य निर्णयों का उल्लेख था। संसद में जब इन संदर्भों का उपयोग करने की कोशिश की गई तो भारी हंगामा हुआ और चर्चा रोक दी गई। इसके तुरंत बाद वही डिजिटल प्रति, जिसे अब तक केवल सीमित लोगों ने देखा था, व्यापक रूप से फैलने लगी। यह एक अजीब स्थिति थी, जिसमें एक पुस्तक आधिकारिक



रूप से अस्तित्वहीन मानी जा रही थी, परंतु वास्तविकता में हजारों पाठकों तक पहुंच चुकी थी। अब जांच का केंद्र यह है कि इस अनधिकृत प्रसार के लिए कौन जिम्मेदार है। कानून की दृष्टि से यह कॉपीराइट का उल्लंघन हो सकता है, क्योंकि अप्रकाशित सामग्री को बिना अनुमति साझा किया गया। यदि यह माना जाए कि पुस्तक में संवेदनशील सैन्य जानकारियां हैं, तो उस पर गोपनीयता से जुड़े कानून भी लागू हो सकते हैं। यहां एक गहरा प्रश्न छिपा है। क्या जांच का उद्देश्य वास्तव में कानून का पालन कराना है या फिर उन तथ्यों को नियंत्रित करना है जो असुविधाजनक साबित हो सकते हैं। इस आत्मकथा में जिन घटनाओं का उल्लेख है, वे हाल के वर्षों की सबसे संवेदनशील राष्ट्रीय घटनाओं में से हैं। सीमावर्ती क्षेत्र में हुई झड़पों में देश ने अपने जवान खोए, परंतु उन घटनाओं के बारे में आधिकारिक विवरण सीमित रहा। सरकार की ओर से एक विशेष प्रकार का आख्यान प्रस्तुत किया गया, जिसमें दृढ़ता और सफलता पर जोर था।

यदि किसी पूर्व थलसेना प्रमुख की पुस्तक उस आख्यान से अलग तस्वीर पेश करती है, तो स्वाभाविक है कि वह राजनीतिक रूप से असहज कर सकती है। क्या असहजता ही किसी रचना को रोकने का पर्याप्त कारण हो सकती है। लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अर्थ केवल सामान्य नागरिकों तक सीमित नहीं है। जिन लोगों ने राज्य की सर्वोच्च जिम्मेदारियां निभाई हैं, उनका अनुभव और दृष्टिकोण भी सार्वजनिक विमर्श का हिस्सा होना चाहिए। निश्चित रूप से राष्ट्रीय सुरक्षा एक गंभीर विषय है और किसी भी प्रकार की जानकारी का प्रकाशन सावधानी से होना चाहिए, परंतु सुरक्षा और सेंसरशिप के बीच की रेखा बहुत महीन होती है।

जब सुरक्षा के नाम पर हर असुविधाजनक प्रश्न को दबाया जाने लगे, तब वह लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए खतरा बन जाती है। यह भी ध्यान देने योग्य है कि इस मामले में न तो लेखक ने अपनी बात से पीछे हटने का प्रयास किया और न ही प्रकाशक ने यह कहा कि सामग्री गलत है। इसका अर्थ यह हुआ कि समस्या सामग्री में नहीं, बल्कि उसके सार्वजनिक होने में है। यही विरोधाभास इस पूरे विवाद को और गहरा बनाता है। डिजिटल युग में किसी रचना को पूरी तरह रोक पाना लगभग असंभव है। इस घटना ने यह भी दिखा दिया कि प्रतिबंध और देरी कभी-कभी विपरीत प्रभाव डालते हैं। जिस पुस्तक को कुछ कार्यालयी फाइलों में दबाकर रखा गया था, वह अब कहीं अधिक लोगों तक पहुंच चुकी है, वह भी बिना किसी आधिकारिक संदर्भ और विमर्श के। इससे गलत व्याख्याओं और अफवाहों की संभावना भी बढ़ जाती है। बेहतर यह होता कि पुस्तक को आवश्यक संपादन और स्पष्ट चेतावनियों के साथ प्रकाशित होने दिया जाता, ताकि पाठक उसे पूरे संदर्भ में समझ सकें। जांच और प्रतिबंध के रास्ते ने न केवल लेखक और प्रकाशक को असमंजस में डाला है, बल्कि पाठकों को भी अधूरी और असंतुलित जानकारी के भरोसे छोड़ दिया है।

यह प्रकरण केवल एक आत्मकथा का नहीं है। यह उस बड़े संघर्ष का प्रतीक है, जिसमें राज्य की शक्ति और नागरिक समाज की जिज्ञासा आमने-सामने खड़ी होती हैं। इतिहास बताता है कि सत्य को लंबे समय तक दबाया नहीं जा सकता। वह कभी दस्तावेज के रूप में, कभी स्मृति के रूप में और कभी डिजिटल प्रति के रूप में सामने आ ही जाता है। प्रश्न केवल यह है कि क्या हम उसे खुली बहस और परिपक्व संवाद के साथ स्वीकार करेंगे या डर और नियंत्रण के माध्यम से उसे और रहस्यमय बना देंगे। जनरल नरवणे की आत्मकथा आज भले ही औपचारिक रूप से प्रकाशित न हो, परंतु उसने यह स्पष्ट कर दिया है कि कहानियां केवल अनुमति से नहीं, आवश्यकता से जीवित रहती हैं।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## संसद में संग्राम
लक्ष्मण सिंह



# देश को जिम्मेदार 'नेता प्रतिपक्ष' की जरूरत...



पिछले कुछ वर्षों से यह देखने में आ रहा है कि चुनाव विकास और राष्ट्रीय मुद्दों के बजाए जाति और धर्म के आधार पर लड़े जा रहे हैं, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। बेरोजगारी, शहरी एवं ग्रामीण विकास, वन संरक्षण, बजट, रक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय विषय संसद में पर्याप्त चर्चा से वंचित रह जाते हैं। संसद का प्रत्येक दिन चलना देश की जनता के करोड़ों का प्रश्न है। संसद के ठप होने का सीधा आर्थिक बोझ जनता पर पड़ता है। मैं स्वयं 15 वर्षों तक संसद सदस्य रहा हूं आज संसद में जिस प्रकार का व्यवहार और अवरोध देखने को मिल रहा है, वह न केवल मुझे बल्कि पूरे देश को, विशेषकर उन नागरिकों को,अत्यंत पीड़ा और निराशा देता है जिन्होंने अपने प्रतिनिधियों को चुनकर भेजा है। वर्तमान में भाजपा एवं उसके सहयोगी दल सत्ता में हैं, जबकि कांग्रेस विपक्ष में है। विपक्ष का आरोप है कि उन्हें बोलने नहीं दिया जाता, वहीं सत्ता पक्ष एवं लोकसभा-राज्यसभा के पीठासीन अधिकारियों का कहना है कि विपक्ष विषय से भटककर जानबूझकर अवरोध उत्पन्न करता है।


हाल ही में हमने देखा कि बजट पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष को बोलने का अवसर दिया गया, किंतु वे विषय से हटकर अन्य मुद्दों पर बोलने लगे, जिससे सदन में हंगामा हुआ और कार्यवाही बाधित हो गई। हालिया सत्र में तो स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि विपक्षी सदस्य प्रधानमंत्री की सीट तक पहुंच गए। ऐसा दृश्य मैंने अपने 15 वर्षों के संसदीय जीवन में कभी नहीं देखा, और संभवतः आज़ादी के बाद भी ऐसा पहले कभी नहीं हुआ होगा। यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है।

और भी अधिक दुखद तब हुआ जब नेता प्रतिपक्ष द्वारा एक सदस्य को राष्ट्रविरोधी कहा गया, जबकि उस सदस्य के दादा स्वर्गीय बेअंत सिंह स्वयं कांग्रेस के मुख्यमंत्री रहे और देश के लिए शहीद हुए। क्या हम शहीदों का इस प्रकार अपमान करेंगे? यह न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि राष्ट्रीय हित के भी विरुद्ध है। युवा पीढ़ी यह सब देखकर अत्यंत चिंतित है, क्योंकि उनका भविष्य देश के बजट और नीतियों से जुड़ा है। रोजगार की सभी योजनाएं बजट पर निर्भर करती हैं। फिर भी यह सब समझने और समझाने वाले लोग मौन हैं या अवरोध में सहभागी बने हुए हैं।

अब केवल फूलमालाओं, स्वागत समारोहों और नेताओं के लंबे काफिलों से जनता संतुष्ट नहीं होगी। अब सादगीपूर्ण, अध्ययनशील और गंभीर राजनीति की आवश्यकता है। जनता सत्ता परिवर्तन पर भी विचार कर रही है, किंतु एक कमजोर विपक्ष, जो तथाकथित अदृश्य हाईकमान पर निर्भर है और सरकार की कमियों को प्रभावी ढंग से उठाने में असफल है, उसका लाभ सत्ता पक्ष को मिल रहा है। यही कारण है कि लगभग दो दशकों से मध्य प्रदेश सहित देश के अनेक राज्यों में एक ही दल का वर्चस्व बना हुआ है। देश और लोकतंत्र को एक मजबूत, जिम्मेदार और गंभीर नेता प्रतिपक्ष की आवश्यकता है। क्या यह संभव होगा। यह भविष्य बताएगा, परंतु वर्तमान में इसकी संभावना कम ही दिखाई देती है। आइए, हम सब मिलकर संवाद को जीवित रखें, लोकतंत्र को मजबूत करें और विचार-विमर्श के इस अभियान से जुड़ें।

( लेखक पूर्व सांसद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# सत्य परमात्मा है, यह प्रभु से भिन्न नहीं



संकलित
**दर्शन**

सत्य ही सर्वस्व है। सत्य के बिना सदाचार, दान, कीर्ति, धन किसी काम के नहीं। जहां सत्य होगा, वहां ये सभी होंगे। सत्य परमात्मा है। सत्य प्रभु से भिन्न नहीं है। सत्य के द्वारा मनुष्य ईश्वर के निकट जा सकता है। जंगलों, पहाड़ों और वीराने में एकांतवास करना तपस्या नहीं है। जीवन में सच बोलना और सच की राह पर चलना ही सबसे बड़ी तपस्या है। धर्म के चार पद हैं- सत्य, तप, दया और पवित्रता। इन चार चरणों में सत्य सर्वोपरि है। महाभारत में राजा सत्यदेव की कथा आती है। एक दिन राजा ने स्वप्न देखा कि चंचला लक्ष्मी उनके महल से कुछ समय पश्चात चली जाएगी। एक दिन सुबह जब सत्यदेव उठे, तो उन्होंने एक सुंदर स्त्री को घर से निकलते देखा। राजा ने आश्चर्य से उस स्त्री से पूछा, 'आप कौन हैं?' जवाब मिला, 'मेरा नाम लक्ष्मी है। अब मैं इस घर से जा रही हूं।' राजा ने कहा कि आप जा सकती हैं। लक्ष्मीजी चली गईं। उसके पीछे एक सुंदर पुरुष को बाहर जाते देखकर राजा ने पूछा, 'आप कौन हैं?' उत्तर मिला, 'मेरा नाम दान है। लक्ष्मी के जाने के बाद आप दान नहीं कर सकेंगे, इसलिए मैं आपका घर छोड़ कर जा रहा हूं।' राजा ने कहा कि आप भी जा सकते हैं। इसके बाद तीसरा सदाचार और चौथा यश, पुरुष के रूप में बाहर आए। राजा के पूछने पर लक्ष्मी तथा दान के साथ जाने की कहने पर राजा ने दोनों को जाने दिया। जब पांचवां पुरुष सत्य जाने लगा, तो राजा ने हाथ जोड़ विनयपूर्वक कहा, 'मैंने तो आपका कभी त्याग नहीं किया। आप मुझको किसलिए छोड़ रहे हैं?

# दुख से मुक्ति ही है असली जीत



संकलित
**प्रेरणा**

हमारे जीवन में बहुत अव्यवस्था है। उसे ठीक किए बिना ध्यान का कुछ भी अर्थ नहीं। यदि आप यह सोचकर ध्यान में बैठ जाएं कि इससे व्यवस्था आ जाएगी, तो ऐसा नहीं हो सकता। पहले अपने दैनिक जीवन में सुव्यवस्था स्थापित करें, तब ध्यान की गहराइयों में उतरने का लाभ होगा। सब युद्ध की तैयारियों में लगे हुए हैं। इन तैयारियों से विश्व में कहीं-न-कहीं, किसी-न-किसी प्रकार का विस्फोट अवश्य होगा। हम एक-दूसरे के साथ शांतिपूर्वक कभी भी नहीं रह पाए हैं। शांति के बारे में हम बातें खूब करते हैं। सारे धर्मों ने शांति का ही संदेश दिया है, लेकिन इस धरती पर शांति कभी भी संभव नहीं हो पाई है। यह धरती, जिस पर हम सब रहते हैं, किसी एक देश की नहीं है। यह हम सबकी और हमारी धरती है। इस नफरत का संभवतः एक प्रमुख कारण यह है कि हमारे हृदय हिंसा से भरे हैं। हम कभी भी शत्रुता के भाव से, प्रतिशोध के भाव से मुक्त नहीं रहे। कभी भी अपने भय, दुख, घावों और प्रतिदिन के जीवन की पीड़ा से मुक्त नहीं हो पाए। हमें कभी शांति नहीं मिली। हम हमेशा परेशानियों में घिरे रहते हैं। यह सब हमारे जीवन का हिस्सा हैं। हमारे प्रतिदिन के दुखभोग का हिस्सा है। इस प्रेम विरहित दुखभोग से मुक्ति पाने के लिए मनुष्य ने कई रास्ते आजमाए हैं। उसने इसका दमन करके देख लिया। किसी श्रेष्ठतर तत्व से अपना तादात्म्य करके देख लिया। किसी आदर्श के लिए, किसी विश्वास के लिए, किसी आस्था के लिए अपने आपको समर्पित कर के देख लिया। फिर भी यह दुख कभी समाप्त नहीं होता। हम इसके अभ्यस्त हो चुके हैं।

## सटाका




## आज की पाती

### आवारा मवेशियों की समस्या का हल जरूरी

देशभर में आवारा मवेशियों की समस्या दिनोंदिन विकराल होती जा रही है। जहां एक ओर आवारा मवेशी सड़क हादसों का सबब बन रहे हैं, तो दूसरी ओर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। आज शहर हो या गांव, आवारा मवेशियों के आतंक से कोई अछूता नहीं हैं। इनके सर्वत्र घूमने से आमजन का अपने घर से बाहर निकलना दूभर हो रहा है। सड़क हादसों में होने वाली मौतों का एक बड़ा कारण आवारा मवेशी भी हैं, जो यातायात व्यवस्था को तो बाधित करते ही हैं साथ ही उनके अचानक बीच सड़क पर आ धमकने से सड़क हादसे भी अंजाम लेते हैं। ऐसे में सवाल है कि आखिर कैसे घूम रहे हैं आवारा मवेशी और कौन है इनका असली मालिक? साथ ही इनसे होने वाले नुकसान के लिए कौन जिम्मेदार है।

*-सूरज कुमार, रायपुर*

## ट्रेंड

### जयंती पर नमन



स्वराज, स्वदेशी व स्वावलंबन के प्रणेता महर्षि दयानंद ने आर्य समाज की स्थापना की और सामाजिक कुरीतियों के त्याग व स्त्री शिक्षा के लिए लोगों को जागरूक किया। उन्होंने 'सत्यार्थ प्रकाश' से वैदिक मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाया। स्वामी की जयंती पर कोटि-कोटि नमन।
**- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### वन भूमि पर अतिक्रमण



जो लोग पूर्व कांग्रेस सरकार द्वारा हमें सौंपे गए संकट की भयावहता से अनभिज्ञ हैं, उनके लिए स्थिति को स्पष्ट करना आवश्यक है। 2,676 वर्ग किलोमीटर वन भूमि पर अतिक्रमण हो चुका है! इसे ठीक करने के लिए भाजपा काम कर रही है!
**-हिमंता बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

### एक हाट में दो दुकान



बात ये नहीं है कि बवाल हुआ, बात ये है कि किसने होने दिया, कहीं ये मामला 'एक म्यान में दो तलवार' या 'एक हाट में दो दुकान' के झगड़े वाला तो नहीं है? अपने गृह-नगर में ही अपना विरोध देखकर उनको भी दुख हुआ, जो दूसरों के दुख दूर करने की बात करते हैं।
**- अखिलेश यादव, सांसद, सपा**


### बजट निराशाजनक



राजस्थान विस में पेश किया गया बजट न सिर्फ निराशाजनक है, बल्कि प्रदेश की जनता में भविष्य को लेकर चिंताएं पैदा करने वाला है। बजट में कोई घोषणा ऐसी नहीं है जिसे व्यापक जनहित में कहा जा सके।
**- अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान**

## करंट अफेयर

# सिएटल ने भारतीय छात्रा की मौत के मामले में किया समझौता



अमेरिका के सिएटल शहर ने 2023 में एक पुलिस अधिकारी की तेज रफ्तार गाड़ी की टक्कर लगने से जान गंवाने वाली भारत की 23 वर्षीय स्नातकोत्तर छात्रा जाह्नवी कंदुला के परिवार के साथ 2.9 करोड़ अमेरिकी डॉलर के समझौते पर सहमति जताई है। कंदुला को अधिकारी केविन डेव की गाड़ी ने उस समय टक्कर मारी थी, जब वह मादक पदार्थ संबंधी एक कॉल के बाद कार्रवाई के लिए 40 किलोमीटर प्रति घंटे की सीमा वाले क्षेत्र में 119 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से जा रहे थे। उनकी गाड़ी की आपातकालीन लाइट जल रही थीं और चौराहों पर सायरन का इस्तेमाल भी किया जा रहा था। सिटी अटॉर्नी एरिका इवांस ने बुधवार को जारी बयान में कहा, जाह्नवी कंदुला की मौत हृदयविदारक है और शहर को उम्मीद है कि यह वित्तीय समझौता कंदुला परिवार को कुछ हद तक संतोष प्रदान करेगा। जाह्नवी कंदुला का जीवन महत्वपूर्ण था। यह उनके परिवार, मित्रों और हमारे समुदाय के लिए मायने रखता था।कंदुला सिएटल स्थित नॉर्थईस्टर्न यूनिवर्सिटी परिसर में सूचना प्रणाली (इन्फॉर्मेशन सिस्टम्स) में मास्टर डिग्री के लिए पढ़ाई कर रही थीं। कंदुला के परिवार के वकीलों ने तत्काल प्रतिक्रिया नहीं दी। दोनों पक्षों ने पिछले शुक्रवार को किंग काउंटी सुपीरियर कोर्ट में समझौते की सूचना दाखिल की।

## ऑफ बीट

# जीवित कोई भी जीव 'आदिम' नहीं, फिर भी ऐसी मान्यता क्यों



हम मनुष्य लंबे समय से स्वयं को विकास (इवोल्यूशन) की पराकाष्ठा मानते रहे हैं। अन्य प्रजातियों को अक्सर आदिम या प्राचीन कहा जाता है और उच्च एवं निम्न जीव जैसे शब्दों का उपयोग किया जाता है। मानव-केंद्रित इस दृष्टिकोण को 1866 में और बल मिला, जब जर्मन वैज्ञानिक अन्र्स्ट हैकेल ने जीवन-वृक्ष (ट्री ऑफ लाइफ) का एक प्रारंभिक चित्र बनाया, जिसमें मनुष्य को स्पष्ट रूप से शीर्ष पर दिखाया गया। इस चित्रण ने यह धारणा लोकप्रिय बनाई कि विकास का अंतिम लक्ष्य मनुष्य हैं। आधुनिक विकासवादी जीवविज्ञान इस सोच को नकारते हैं। उनके अनुसार विकास में कोई पदानुक्रम नहीं है। आज जीवित सभी प्रजातियां-चिंपैंजी से लेकर बैक्टीरिया तक-एक-दूसरे की संबंधी हैं, जिनकी विकास-रेखाएं समान रूप से लंबी हैं; वे किसी की पूर्वज या उत्तराधिकारी नहीं हैं। इसके बावजूद आदिम जैसी अवधारणाएं वैज्ञानिक पत्रिकाओं और विज्ञान पत्रकारिता में अब भी दिखाई देती हैं। मैंने अपनी नयी पुस्तक अंडरस्टैंडिंग द ट्री ऑफ लाइफ में लिखा है कि किसी भी वर्तमान प्रजाति को आदिम, प्राचीन या सरल कहना मूलतः भ्रामक है और विकास का इतिहास जटिल, गैर-पदानुक्रमित और परस्पर जुड़ा हुआ है। अंडे देने वाले स्तनधारी मोनोट्रीम कहलाते हैं।

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।



# कलरव में दिव्यांग बच्चों ने बिखेरा अपनी प्रतिभा का रंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

## रविंद्र भवन में समूह, एकल नृत्य, गायन और नाट्य प्रस्तुतियों ने बांधा समां

रोटरी क्लब भोपाल मिडटाउन द्वारा गुरुवार को रवीन्द्र भवन में दिव्यांग बच्चों के लिए वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम 'कलरव' का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समूह एवं एकल नृत्य, गायन और नाट्य प्रस्तुतियों ने उपस्थित दर्शकों को भावविभोर कर दिया। पूरे सभागार में तालियों की गूंज और उत्साह का माहौल देखने को मिला।




वार्षिक कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देते बच्चे।

### 200 से अधिक छात्र छात्राओं ने भाग लिया

'कलरव' केवल एक सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि दिव्यांग बच्चों की प्रतिभा को मंच देने की एक सशक्त पहल है। कार्यक्रम में भोपाल एवं आसपास के लगभग 20 विद्यालयों के 200 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।



### देशभक्ति, सांस्कृतिक विविधता से सजी प्रस्तुतियां

कार्यक्रम में बच्चों ने देशभक्ति, सामाजिक संदेश और सांस्कृतिक विविधता पर आधारित मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। रंग-बिरंगे परिधानों, भावपूर्ण अभिव्यक्ति और सुर-ताल के समन्वय ने दर्शकों का मन मोह लिया। विशेष रूप से समूह नृत्य प्रस्तुतियों ने समावेश और एकता का संदेश दिया।

## डिजिटल दौर में आज भी जिंदा हैं 'रेडियो श्रोता संघ'

# 'रेडियो' एक आवाज, जो पहुंचे दिल से दिल तक

### ग्रामीण क्षेत्रों में अब भी सूचना का भरोसेमंद माध्यम है रेडियो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रेडियो केवल एक संचार माध्यम नहीं, बल्कि भावनाओं और जानकारी का सशक्त जरिया है। समय के साथ तकनीक बदलती रही, लेकिन रेडियो की आत्मीयता आज भी बरकरार है। सुबह की ताजा खबरें हों, पसंदीदा गीत या आरजे की चुलबुली बातें रेडियो हर उम्र के श्रोताओं का साथी बन जाता है।

डिजिटल दौर में भी एफएम और ऑनलाइन रेडियो की लोकप्रियता कम नहीं हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों में आकाशवाणी आज भी सूचना का भरोसेमंद माध्यम है, तो शहरों में एफएम चैनल युवाओं की धड़कन बने हुए हैं। रेडियो की सबसे बड़ी ताकत है उसकी सरलता और पहुंच। बिना स्क्रीन के, केवल आवाज के जरिए यह श्रोताओं की कल्पना को जगाता है। यही कारण है कि रेडियो को 'थिएटर ऑफ माइंड' भी कहा जाता है।




आकाशवाणी में कार्यक्रम प्रमुख राजेश भट्ट।

### चिट्ठी और पोस्टकार्ड के माध्यम से फरमाइशी गीतों का दौर आज भी

आकाशवाणी में कार्यक्रम प्रमुख राजेश भट्ट ने कहा कि चिट्ठी के माध्यम से फरमाइशी गीतों का दौर अभी खत्म नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग के बावजूद, अभी भी लोग चिट्ठी और पोस्टकार्ड के माध्यम से हमसे जुड़े हैं और नए पुराने फिल्मी गीतों की फरमाइश करते हैं और श्रोताओं की इसी कड़ी को आकाशवाणी के साथ जोड़ने का काम करता है 'रेडियो श्रोता संघ'। जिसमें मप्र में रेडियो प्रेमियों के लिए रेडियो स्वतः संघ बनाया गया है, जिसके अध्यक्ष श्रवण सिंह गिन्नारे श्रोताओं से जुड़े हैं और सक्रिय रूप से अपने कार्यों को निभाते हैं।

## चिट्ठी और पोस्टकार्ड की जगह अब ईमेल, वाट्सएप पर होती फरमाइश



रेडियो स्वतः कल्याण समिति के अध्यक्ष श्रवण सिंह गिन्नारे।

मध्य प्रदेश के 'रेडियो स्वतः कल्याण समिति' के अध्यक्ष एवं कैग में ग्रुप ए ऑफिसर श्रवण सिंह गिन्नारे ने कहा कि मुझे रेडियो सुनना बेहद पसंद है, इसीलिए इस संघ से जुड़ा। संघ में अध्यक्ष के अलावा 15 सदस्य हैं, साथ ही करीब 500 से 600 श्रोता प्रदेश भर के हमारे से जुड़े हैं। अब फरमाइशों का ट्रेंड चेंज हुआ है। चिट्ठी और पोस्टकार्ड की जगह ईमेल, वाट्सएप ने ले ली, लेकिन फरमाइशें कम नहीं हुईं, बल्कि बढ़ी हैं। 50 प्लस और 60 प्लस वाले तो अभी भी रेडियो सुनना पसंद करते हैं, जिसमें ज्यादातर डिमांड 80 और 90 के दशक के गीतों की ही होती है।

### *श्रीलंका सहित कई एशियन देशों के करीब 1300 रेडियो श्रोताओं ने की शिरकत*

गिन्नारे ने कहा कि रेडियो श्रोताओं का ट्रेंड आप ऐसे भी समझ सकते हैं कि अखिल भारतीय रेडियो स्वतः संघ द्वारा खंडवा जिले में सितम्बर 2018 में एक भव्य कार्यक्रम हुआ था। अंतरराष्ट्रीय स्तर के इस कार्यक्रम में भारत भर से ही नहीं, बल्कि श्रीलंका सहित साउथ एशिया के कई देशों से आए करीब 1300 से अधिक रेडियो प्रेमियों का जमावड़ा लगा था।

### पीएम मोदी का मन की बात कार्यक्रम करोड़ों लोग सुनते हैं

गिन्नारे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' के सेशन में आप मानकर चलिए किसी श्रोता समूह को आप उस वक्त फोन नहीं लगा सकते। सभी मन की बात को पूरी तन्मयता से सुनते हैं और उस दिन सुनने वालों की संख्या करोड़ों में होती है। रेडियो श्रोताओं में केवल फरमाइशी गीतों के चाहने वाले ही नहीं, बल्कि कृषि संबंधी समस्याओं पर प्रश्न पूछे जाते हैं। कई बार तो श्रोताओं को लगता है कि हमारा नाम एनाउंस होगा तो ऐसे में भी श्रोता हमसे जुड़ते हैं।

### श्रोता और रेडियो के बीच की कड़ी 'रेडियो श्रोता संघ'

दिल से दिल तक आवाज पहुंचाने का जरिया रेडियो, यह एक ऐसा माध्यम है, जो खबरों, गीतों को श्रोताओं तक पहुंचाता है। लेकिन इसके लिए कड़ी का काम करता है रेडियो श्रोता संघ। रेडियो के इसी अंदाज को ओर भी बेहतरीन रूप देते हैं रेडियो श्रोता और आज भी हमारे प्रदेश और देश में 'रेडियो श्रोता संघ' सशक्त रुप से मौजूद हैं। जहां पहले श्रोता संघ अंतरदेसी, पोस्टकार्ड, पत्र व चिट्ठी से अपनी फरमाइश भेजते थे और फरमाइशी गीतों के सिलसिले में उनके नाम के साथ उनकी फरमाइशी गीत प्ले किया जाता था तो वहीं अब श्रोता संघ ईमेल, वाट्सएप के जरिए अपनी फरमाइश भेजते हैं।

# आवाज की दुनिया के धुरंधर आए माखनपुरम में रेडियो कर्मवीर की री-लॉन्चिंग पर जुटे सितारे

60 और 70 दशक के लोगों के लिए रेडियो विरासत से कम नहीं....



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आज भी रेडियो को सुनने वाले श्रोताओं की कमी नहीं बहुत अच्छा कमी नहीं है। खासकर 60 और 70 दशक के लोग आज भी रेडियो से ही गहरा जुड़ाव महसूस करते हैं। ऐसा उन्हें लगता है कि वह अपनी पुरानी विरासत को संभाल कर रखे हैं। आज यदि मैं एक रेडियो उद्घोषक नहीं होता तो एस्टॉनोमर होता या साइंटिस्ट होता, क्योंकि उस वक्त में एस्ट्रोनॉमी में भी मेरा काफी रुझान था, लेकिन किस्मत मुझे विविध भारती के दरवाजे तक ले आई, जिसमें मेरे द्वारा मुंबई में भारत का पहला 'फोन इन फरमाइश' 1992 में डिजाइन किया गया, जिसे श्रोताओं का भरपूर प्यार मिला।

यह कहना है वरिष्ठ रेडियो उद्घोषक, विविध भारती से गूंजने वाली मखमली आवाज के धनी कमल शर्मा का, जो विश्व रेडियो दिवस की पूर्व संध्या पर माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विवि में रेडियो कर्मवीर की री-लॉन्चिंग के अवसर पर प्रतिभागियों को मार्गदर्शन के लिए आए। कर्मवीर री लांचिंग के अवसर पर दो सत्र आयोजित हुए।

### कहानी हर कहीं, बस हमें सुनाना आना चाहिए

कमल शर्मा ने कहा कि कहानी हर कहीं है, हर किसी की है, बस हमें सुनाना आना चाहिए। आवाज अच्छी या बुरी नहीं होती हमारी प्रस्तुति सही या गलत होती है। आप कितनी तन्मयता से रस लेकर शब्दों के अर्थ को महसूस कर अपने श्रोता तक पहुंचाते हैं, यह महत्वपूर्ण है। शब्दों की भी लम्बाई, चौड़ाई और गोलाई होती है इसे समझ कर बोलने की कला विकसित कीजिए। अपने प्रति निर्मम बनिए, अपने आलोचक खुद बनिए। माइक्रोफोन आपका पहला श्रोता है, उससे बात कीजिए। वही आपका दोस्त है, वही आपकी सहेली।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी सहित रेडियो कर्मवीर के निदेशक डॉ. आशीष जोशी, प्रो. संजय द्विवेदी, प्रो. शिवकुमार विवेक उपस्थित थे। डॉ. लाल बहादुर ओझा ने सत्र संचालन किया और तकनीकी सहयोग डॉ. शलभ श्रीवास्तव ने दिया।

### 'खिड़की मेहंदी वाली' से बताया कि हमारा श्रोता कौन है



प्रथम सत्र में पत्रकार शैफाली चतुर्वेदी ने रेडियो लेखन की कला, क्राफ्ट और साइंस के बारे में जानकारी दी। उन्होंने अत्यंत रोचक अंदाज में एक्टिविटी करवा कर और अपनी प्रस्तुति 'खिड़की मेहंदी वाली' के माध्यम से बताया कि रेडियो की दुनिया में आपका शो कितना सफल होगा, यह इस बात पर निर्भर करता है कि हम यह जानें कि हमारा श्रोता कौन है।



भारत भवन में 44वीं वर्षगांठ के अवसर पर आकर्षक विद्युत साज-सज्जा की गई है।

# भारत भवन में गायन, वादन, नृत्य, नाटक और रचना पाठ का आयोजन आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बहुकला केंद्र भारत भवन में 44वीं वर्षगांठ के अवसर पर 13 फरवरी से कला, संगीत और संस्कृति के उत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

दस दिवसीय इस उत्सव में गायन, वादन, नृत्य, नाटक, रचना पाठ, कला प्रदर्शनी और फिल्म प्रदर्शन जैसी विविध सांस्कृतिक गतिविधियां शामिल हैं। जिसमें आज 13 फरवरी को शाम 6 बजे स्मृति श्रृंखला में पंडित रामसहाय पाण्डेय की प्रणति में संतोष कुमार पाण्डे और साथी कलाकारों द्वारा राई नृत्य की प्रस्तुति और शाम 6.20 बजे अभया श्रृंखला में रुपंकर संग्रह से 44 महिला कलाकारों की कृतियों की प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी।

## महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर भोपाल में पहली बार 'भजन क्लबिंग' का आयोजन

# एआई विजुअल्स में सजीव होगी 12 ज्योतिर्लिंगों की कथा, अध्यात्म, तकनीक का अनूठा संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर इस बार भोपाल एक ऐसे आयोजन का साक्षी बनने जा रहा है, जहां भक्ति, तकनीक और संगीत एक साथ नई परिभाषा गढ़ेंगे। शहर में पहली बार 14 फरवरी को भजन क्लबिंग की भव्य लाइट एंड साउंड प्रस्तुति आयोजित की जा रही है।

यह विशेष आयोजन रवीन्द्र भवन के मुक्ताकाश मंच पर शाम 7 बजे से प्रारंभ होगा, जिसमें भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों की पौराणिक कथा को अत्याधुनिक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित विजुअल्स, हाई-वॉल्टेज साउंड और संगीतमय स्टोरी टेलिंग के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा। मप्र शासन के सहयोग, करुणाधाम आश्रम के मार्गदर्शन में आयोजित इस संगीतमयी आध्यात्मिक यात्रा का नेतृत्व भोपाल के युवा और चर्चित कलाकार मोहित शेवानी करेंगे। मोहित शेवानी अब तक 100 से शो प्रस्तुत कर चुके हैं।



### भगवान शिव की थीम पर सजेगा अत्याधुनिक मंच

मोहित शेवानी ने बताया कि इस प्रस्तुति के लिए विशेष रूप से अत्याधुनिक मंच का निर्माण किया जाएगा। मंच की संकल्पना पूरी तरह भगवान शिव की थीम पर आधारित होगी, जिसमें शिव बारात इस आयोजन का प्रमुख आकर्षण बनेगी। मंच पर प्रकाश, ध्वनि और एआई विजुअल्स का ऐसा समन्वय होगा, जो दर्शकों को आध्यात्मिक यात्रा पर ले जाएगा। यह प्रस्तुति केवल देखने-सुनने का अनुभव नहीं, बल्कि अनुभूति का माध्यम बनेगी। इस भव्य आयोजन में कुल 24 कलाकार भाग लेंगे। पांच प्रमुख गायक कलाकार अभिषेक बरथरे, शुभम नथानी, श्रीजा उपाध्याय, अंकित बरथरे और ऋतुका सुंदरानी भजनों को आधुनिक संगीत संयोजन के साथ प्रस्तुत करेंगे। पारंपरिक भक्ति संगीत में आधुनिक बीट्स और साउंड डिजाइन का समावेश इसे युवाओं के लिए और अधिक आकर्षक बनाएगा।



# लिंग, वर्ग, जाति या उम्र का भेद कार्य में बाधक नहीं होताः दिव्या

## मिसेज भारत यूएसए 2021 मोवार ने बीएसएस में लिया सत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल स्कूल ऑफ़ सोशल साइंसेज में ह्यूमैनिटीज डिपार्टमेंट के द्वारा जेंडर इक्विलिटी पर आधारित एक सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें जिसमें विशेष वक्ता के तौर पर मिसेज भारत एलीट यूएसए 2021 द वॉयस ऑफ इक्विलिटी विषय पर जब दिव्या ने युवा छात्रों से बात की तो सभी ने जाना कि लिंग, वर्ग, जाति या उम्र का भेद किसी भी काम में बाधक नहीं होता है बस जरूरत है आत्मविश्वास बनाए रखने की और स्वयं को अपने कार्य क्षेत्र में साबित करने की। जब भी चुनौतियां आती हैं तो वह व्यक्ति विशेष को अधिक प्रखर बनाती है और विजय की ओर अग्रसर करती हैं।

## 'कलर्स' के नए ड्रामा 'डॉ. आरंभि' के प्रमोशन के लिए ऐश्वर्या खरे, आदित्य रेडिज और अंजूम फकीह पहुंचे भोपाल

# मैं किस्मत को बहुत मानती हूं, क्योंकि इस इंडस्ट्री में सभी की किस्मत चमके, ऐसा जरूरी नहीं: ऐश्वर्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

'कलर्स' के नए ड्रामा 'डॉ. आरंभि' के प्रमोशन के लिए सीरियल की स्टार कास्ट ऐश्वर्या खरे, आदित्य रेडिज और अंजूम फकीह की प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर बहुत हो गया सेटबैक, अब होगा कमबैक के संदेश के साथ ऐश्वर्या ने दर्शकों का अभिवादन किया। ऐश्वर्या ने अपनी जन्मभूमि भोपाल में शो के लांचिग पर कहा कि मैं किस्मत को बहुत मानती हूं, क्योंकि इस इंडस्ट्री में सभी की किस्मत नहीं चमकती। कईयों को बेहद मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।

### उठो, जागो और अपने सपने को पूरा करो

ऐश्वर्या ने कहा कि 4 साल पहले भाग्य लक्ष्मी सीरियल काफी चला और फिर बंद हो गया। ऐसे में मेरे पास घर पर रहने के अलावा और कोई ऑप्शन नहीं था। मुझे लगता है कि अपने सपने को पूरा करने की कोई ऐज नहीं होती। आपको जब लगे उठो, जागो ओर अपने सपने को पूरा करो।

ऐश्वर्या ने अपनी जन्मभूमि भोपाल में की शो की लांचिग

अंजुम फकीह और आदित्य रेडीज ने भी इस दौरान अनुभव किए साझा



ऐश्वर्या खरे, आदित्य रेडिज, अंजूम फकीह ने प्रेसवार्ता को संबोधित किया।

### खाने के पैसे बचाने बांद्रा से अंधेरी तक पैदल जातीः अंजुम

सीरियल की को-स्टार अंजुम फकीह ने कहा कि मैं मॉडलिंग की दुनिया से सीरियल की दुनिया में आई। मैं मुस्लिम बैकग्रांउड की हूं तो फैमिली ने इंडस्ट्री में आने की मनाही की, लेकिन मैं नहीं मानी, भागकर आ गई और अनेक संघर्षों का सामना किया। ऑडिशन के लिए बांद्रा से अंधेरी तक पैदल जाती, ताकि खाने को पैसे बच जाएं। लेकिन मेरे संघर्ष ने सफलता का द्वार खोला और मुझे इंडस्ट्री में काम मिला।

### हमेशा खुद को खुश रखकर रहता हूं फिटः आदित्य

'न आना इस देश में लाडो' से अपने करियर की शुरुआत करने वाले सीरियल के लीड कास्ट आदित्य रेडीज ने कहा कि मैं हमेशा खुद को खुश रखकर अपने आपको मेंटेन या फिट रख पाता हूं। वहीं ग्रे शेड का रोल करने के सवाल पर उन्होंने कहा कि मेरे ज्यादातर रोल पॉजिटिव ही हैं, लेकिन इस सीरियल को मैं काफी इंजॉय भी कर रहा हूं।

भारत बंद का देशभर में मिलाजुला रहा असर

# कई राज्यों में कर्मचारियों, श्रमिकों और वामपंथी दलों ने किया प्रदर्शन

देश के कुछ राज्यों में भारत बंद का असर दिखाई दिया। कोलकाता में कुलियों ने काम बंद रखा और सोते रहे। पंजाब में केवल ट्रेड यूनियनों के सदस्यों ने विरोध प्रदर्शन किया।

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

### गाड़ियों में सोते रहे कुली



प्रयागराज और देहरादून में भी ट्रेड यूनियनों के सदस्यों का विरोध प्रदर्शन

केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच द्वारा चार श्रम संहिताओं को निरस्त करने और कई सरकारी नीतियों को वापस लेने की मांग को लेकर बुलाई गई राष्ट्रव्यापी हड़ताल के बीच कोलकाता में कुली अपनी गाड़ियों पर सोते रहे।

### पंजाब में उठी नीतियां वापस लेने की मांग



**अमृतसर।** केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच द्वारा चार श्रम संहिताओं को निरस्त करने और कई सरकारी नीतियों को वापस लेने की मांग को लेकर बुलाई गई राष्ट्रव्यापी हड़ताल के दौरान अमृतसर में विभिन्न ट्रेड यूनियनों के सदस्यों ने विरोध प्रदर्शन किया।

### श्रम संहिताओं को निरस्त किया जाए



**प्रयागराज।** केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच द्वारा श्रम संहिताओं को निरस्त करने और नीतियों को वापस लेने की मांग को लेकर बुलाई गई हड़ताल के दौरान गुरुवार को प्रयागराज में कर्मचारियों, श्रमिकों और विभिन्न ट्रेड यूनियनों के सदस्यों ने विरोध प्रदर्शन किया।

### पुलिस ने यूनियनों को सचिवालय जाने से रोका



**देहरादून।** केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच ने श्रम संहिताओं को निरस्त करने और कई सरकारी नीतियों को वापस लेने की मांग को लेकर बुलाई गई राष्ट्रव्यापी हड़ताल के दौरान पुलिसने देहरादून में यूनियनों के सदस्यों को उत्तराखंड सचिवालय की ओर मार्च करने से रोका।

### सरकारी नीतियों वापस लेने की मांग दोहराई



**हैदराबाद।** केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच द्वारा चार श्रम कानूनों को निरस्त करने और कई सरकारी नीतियों को वापस लेने की मांग को लेकर बुलाई गई राष्ट्रव्यापी हड़ताल के दौरान कर्मचारियों, श्रमिकों और वामपंथी दलों के सदस्यों ने हैदराबाद में गुरुवार को प्रदर्शन किया।

## खबर संक्षेप

### शिवम को 20 हजार के मुचलके पर जमानत



**कानपुर।** यहां के हाई-प्रोफाइल लैंबॉर्गिनी हादसे के मुख्य आरोपी शिवम मिश्रा को बुधवार को कोर्ट से बड़ी राहत मिल गई। वकीलों की हड़ताल और अदालती कामकाज के बहिष्कार के बीच विशेष सुनवाई में कोर्ट ने न केवल शिवम की जमानत मंजूर की, बल्कि पुलिस द्वारा मांगी गई रिमांड अर्जी को भी खारिज कर दिया।

### प्रसन्ना कुमार बने आईसीएआई के अध्यक्ष



**नई दिल्ली।** देश में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की शीर्ष संस्था, इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया ने गुरुवार को नए नेतृत्व का ऐलान किया है। आईसीएआई की काउंसिल ने वर्ष 2026-27 के कार्यकाल के लिए प्रसन्ना कुमार डी को अपना नया अध्यक्ष चुना है।74वें अध्यक्ष के तौर पर वे अपना कार्यभार संभालेंगे।

### ईडी के खिलाफ अर्जी वापस ली: केजरीवाल



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने गुरुवार आप संयोजक अरविंद केजरीवाल को ईडी की ओर से जारी समन को चुनौती देनी वाली याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी। केजरीवाल की ओर से पेश वरिष्ठ वकील ने कहा, इस मामले को आगे नहीं बढ़ाना चाहते क्योंकि उन्हें पेश न होने के आपराधिक मामलों में बरी कर दिया गया है।

### पंचोली को राहत नहीं मिली, नोटिस जारी



**मुंबई।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने गुरुवार को बॉलीवुड एक्टर आदित्य पंचोली की एक याचिका पर सुनवाई की। इसमें उन्होंने 2019 में मुंबई के वर्सोवा पुलिस स्टेशन में उनके खिलाफ दर्ज दुष्कर्म मामले की एफआईआर को रद्द करने की मांग की थी। वकील प्रशांत पाटिल ने याचिका को रद्द करने की मांग की।

श्रमिक संगठनों की एक दिवसीय देशव्यापी हड़ताल के बीच...


# लोकसभा में हंगामे-स्थगन के बाद ध्वनिमत से 'औद्योगिक संबंध संहिता संशोधन विधेयक' पास

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

देश में गुरुवार (12 फरवरी) का दिन सड़क से लेकर संसद तक श्रमिकों की एक दिनी देशव्यापी हड़ताल और सरकार द्वारा संसद में लाए गए 'औद्योगिक संबंध संहिता संशोधन विधेयक-2026 (आईआरसी)' के नाम रहा। लोकसभा में विपक्ष के हंगामे और एक बार के स्थगन के बाद दोपहर 12 बजे से विधेयक पर चर्चा शुरू हुई, करीब 3 घंटे से अधिक समय तक चली। विधेयक सदन में ध्वनिमत से पारित हो गया। लेकिन इस बीच सत्ता पक्ष और विपक्ष ने एक-दूसरे पर जमकर आरोप-प्रत्यारोप लगाए। विपक्ष ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि ये विधेयक श्रम संहिता सुधार नहीं बल्कि कोरोना महामारी में जल्दबाजी में बना कानून व बाद में स्वीकार की गई गलती है। जिससे श्रमिकों-कामगारों के हितों की सुरक्षा होने की जगह पर उनके मन में अस्थिरता की भावना बढ़ेगी। उद्योगपतियों को बल्ले-बल्ले हो जाएगी। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने विपक्ष के आरोपों को सिरे से नकारते हुए उनके विरोध को राजनीतिक करार दिया और कहा, संशोधित विधेयक देश में श्रमिकों और कामगारों के हितों की पूरी तरह से रक्षा करता है।

### सरकार का दावा, राजनीतिक विरोध से विपक्ष को नहीं होगा कोई फायदा, विधेयक से श्रमिकों को मिलेगी समय पर वेतन

श्रम एवं रोजगार मंत्री ने कहा यह देश में श्रमिकों और कामगारों के हितों की पूरी तरह से रक्षा करेगा



संसद में केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया

### हरदीप पुरी के खिलाफ हुई नारेबाजी

सदन में सुबह 11 बजे कार्रवाई की शुरुआत के साथ ही कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी सांसदों ने तख्तियां लेकर अध्यक्ष के आसन के समीप आकर जमकर नारेबाजी की। लेकिन आज उनके मुद्दों में भारत-अमेरिका ट्रेड डील, कांग्रेस के 8 निष्कासित सांसदों की वापसी, एपस्टीन फाइल्स के साथ आईआरसी का मामला भी शामिल रहा। पीठासीन सभापति केपीतेन्नेटी ने कई बार हंगामा कर रहे सांसदों को अपनी जगह पर जाकर बैठने की अपील की। जो पूरी तरह से बेअसर साबित हुई। इस बीच केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी सदन में आ गए। तभी शोर-शराबा कर रहे सांसदों ने अपना पूरा ध्यान उनकी ओर केंद्रित हुए पुरी को सदन से वापस जाने और उनके खिलाफ शेम-शेम की नारेबाजी की जाने लगी। हंगामे-शोरगुल के बीच पीठासीन सभापति ने 11 बजकर 7 मिनट पर कार्रवाई को 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया।

**अब होगी तालमेल से तरक्की**

सत्ता पक्ष से विधेयक के समर्थन में भाजपा सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि सितंबर 2020 में राष्ट्रपति ने विधेयक से जुड़ी संहिता को मंजूरी दी थी। अब संशोधन से देश के मजदूरों का हित होगा, उन्हें नए कोड को जानना चाहिए। केंद्र का उद्देश्य तालमेल से तरक्की का है। गैर-कानूनी हड़ताल व तालाबंदी पर रोक लगेगी। देशहित में काम हो सकेगा।

### अपने भरण-पोषण के लिए चिंतित श्रमिक

विपक्ष से विधेयक पर विरोध जताते हुए कांग्रेस सांसद के. सुरेश ने कहा कि आज एक सामान्य दिन नहीं है। क्योंकि एक ओर संसद में श्रम संहिता सुधार बिल पर चर्चा हो रही है। वहीं, इसके खिलाफ देश की सड़कों पर हजारों की तादाद में फैक्ट्रियों में काम करने वाले मजदूर, श्रमिक, बैंक-बीमा कर्मी हड़ताल पर हैं। यह सुधार नहीं है। बल्कि इसे महामारी के दौर में जल्दबाजी में पास किया गया था। जिससे सरकार ने खासकर श्रमिक वर्ग के मन में सुरक्षा की जगह पर अस्थिरता की भावना को बढ़ा दिया है। अब देश में बिना नोटिस के हड़ताल नहीं की जा सकेगी। सपा के अफजाल अंसारी ने कहा कि 2020 में सरकार ने श्रम संहिता से बड़े सुधारों का दावा किया था। लेकिन ये पहले जल्दबाजी में बना कानून और बाद में मानी गई गलती है। देश में 90 फीसदी मजदूर असंगठित क्षेत्र के हैं। संशोधनों के जरिए नौकरी में कटौती, छंटनी को आसान बनाने के साथ ही यूनियनों की आवाज को दबाने का काम किया गया है। जिससे बदलाव बाद मजदूरों की स्थिति और भी दयनीय हो जाएगी। सरकार मजदूरों को असुरक्षा और उद्योगों को ढील दे रही है। उन्होंने शायराना अंदाज में कहा, 'ये (मजदूर) हैं बुनियाद के पत्थर, इन्हें ना छेड़ो तुम। ये हट जाएंगे तो पूरी इमारत ही ढह जाएगी'। टीएमसी नेता कल्याण बेनर्जी ने कहा, इस विधेयक से श्रमिकों की पूरी आजीविका खत्म हो जाएगी।

### श्रमेव जयते ने दिया श्रमिकों को सम्मान

केंद्रीय मंत्री डॉ. मांडविया ने विधेयक पर हुई चर्चा के जवाब में विपक्ष के तमाम आरोपों को एक स्वर में नकारते हुए कहा, विपक्ष का विरोध राजनीतिक है। जिसमें उन्हें कभी सफलता नहीं मिलेगी। क्योंकि देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मजबूती से खड़ा है। संशोधनों से श्रमिकों, कामगारों के हितों की रक्षा होगी। महिला-पुरुष को समय पर समान वेतन की गारंटी प्रदान की गई है। पूर्व में इसे लेकर कोई कानूनी पाबंदी नहीं थी। तब की सरकारों (कांग्रेस, टीएमसी) में मजदूरों और उद्योगपतियों को आमने-सामने रखने की कोशिश की गई। जिससे देश का भला नहीं हुआ।

राहुल का ट्रेड डील और वीडियो संदेश

# किसानों, कृषि के साथ देश की खाद्य सुरक्षा पर आघात किया

भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर एक वीडियो संदेश जारी किया



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार के भारत-अमेरिका व्यापार (ट्रेड) समझौते पर एक वीडियो संदेश जारी करते हुए किसानों, कृषि और देश की खाद्य सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने कहा है कि कोई भी ऐसा ट्रेड डील जो किसानों की आजीविका छीने या खाद्य सुरक्षा कमजोर करे, वह किसान-विरोधी है और इसके खिलाफ वे पूरी ताकत से लड़ेंगे। वीडियो संदेश में राहुल गांधी ने स्पष्ट कहा, चाहे सरकार मेरे खिलाफ एफआईआर दर्ज करे, विशेषाधिकार प्रस्ताव लाए या कोई मुकदमा दायर हो, मैं किसानों के अधिकारों और हितों के लिए संघर्ष जारी रखूंगा। किसी भी तरह की ऐसी डील जिसे किसानों की रोजी-रोटी नुकसान पहुंचता हो, मैं उसे स्वीकार नहीं करूंगा।

### याचिकाकर्ता को पहले हाई कोर्ट जाना था

राहुल गांधी ने अपने संदेश में केंद्र सरकार के इंडिया-यूएस ट्रेड डील को किसानों के हितों के खिलाफ और देश की खाद्य सुरक्षा को कमजोर करने वाला करार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि अमेरिका के साथ हुई इस डील में भारतीय कृषि बाजार के दरवाज़े खोल दिए गए हैं, जिससे विदेशी कृषि वस्तुओं के आयात को प्रोत्साहन मिल सकता है। कपास, सोया, सेब और अन्य फल-सब्जियों पर आयात के दरवाज़े खोल दिए गए हैं जिसका प्रतिकूल असर भारतीय किसानों पर पड़ेगा। राहुल ने कहा कि अमेरिकी किसानों को अत्यधिक सब्सिडी प्राप्त है और उनके पास बड़े मशीन-संचालित फार्म हैं।

### सरकार को चेतावनी: संघर्ष जारी रहेगा

अपने वीडियो संदेश में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार को चेतावनी दी कि विपक्ष और कांग्रेस कृषि समुदाय के हितों से समझौता नहीं होने देंगे। राहुल गांधी ने कहा कि जो भी व्यापार समझौता किसानों की आजीविका को छीने या भारत की खाद्य सुरक्षा को कमजोर करे, वह किसान-विरोधी है और हम उसे रोकेंगे। केंद्र ने कहा है कि यह नई ट्रेड डील भारत के हित में है और इसे वैश्विक आर्थिक संबंधों को मजबूत करने वाला समझौता बताया है, लेकिन राहुल गांधी ने इसे भारत के हितों से समझौता करार दिया है।

पीएम मोदी कल असम को देंगे कई सौगातें

# मोरन के पास हाईवे पर इमरजेंसी लैंडिंग सुविधा का करेंगे लोकार्पण

## मानवीय सहायता और आपदा राहत अभियानों में होगा सहायक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी डिब्रूगढ़ जिले के मोरान बाईपास पर 14 फरवरी को आपातकालीन लैंडिंग सुविधा का उद्घाटन करेंगे। यह दूरस्थ क्षेत्रों में मानवीय सहायता और आपदा राहत अभियानों के दौरान भी अहम होगा। रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी है। यह पूर्वोत्तर क्षेत्र में अपनी तरह की पहली सुविधा होगी। यह सुविधा राजमार्ग के एक चिन्हित हिस्से को आपात स्थिति में वैकल्पिक रनवे के रूप में उपलब्ध कराएगी, जो लड़ाकू विमानों, परिवहन विमानों और हेलीकॉप्टरों के आपातकालीन लैंडिंग और टेक-ऑफ संचालन में सक्षम होगा। इस दौरान राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य और मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा भी उपस्थित रहेंगे।



### सेवा तीर्थ और कर्तव्य भवन भी करेंगे समर्पित

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को दिल्ली में सेवा तीर्थ और कर्तव्य भवन-1 और 2 का उद्घाटन करेंगे। वे शाम करीब 6 बजे सेवा तीर्थ में कार्यक्रम को संबोधित भी करेंगे। पीएमओ ने कहा कि शुक्रवार को दोपहर करीब 1:30 बजे सेवा तीर्थ बिल्डिंग कॉम्प्लेक्स का नामकरण करेंगे। वे सेवा तीर्थ और कर्तव्य भवन-1 और 2 का औपचारिक उद्घाटन करेंगे। यह प्रशासनिक संरचना में बड़ा बदलाव होगा।

बंगाल में सियासी सरगर्मी

### हुमायूं कबीर ने बाबरी मस्जिद बनाना शुरू की



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में गरमी बढ़ी है। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) से निलंबित विधायक हुमायूं कबीर ने बुधवार को अयोध्या की बाबरी मस्जिद की तर्ज पर एक नई मस्जिद का निर्माण शुरू कर दिया है। यह मस्जिद बेलडांगा के रेजीनगर में बनाई जा रही है। कबीर ने हाल ही में टीएमसी से निकाले जाने के बाद अपनी नई पार्टी 'जनता उन्नयन पार्टी' (जेयूपी) बनाई है।

माघ मेले में विवादों में रहे शंकराचार्य पर नया विवाद

# अविमुक्तेश्वरानंद के आश्रम में बच्चों के साथ यौन शोषण का आरोप, जांच शुरू

## श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति निर्माण ट्रस्ट के अध्यक्ष ने लगाया आरोप

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज



माघ मेले में विवादों में रहे ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को लेकर नया विवाद सामने आया है। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती पर श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति निर्माण ट्रस्ट के अध्यक्ष और शाकुंभरी पीठाधीश्वर आशुतोष ब्रह्मचारी ने उनकी सेवा में लगे आश्रम के बच्चों के साथ यौन शोषण के गंभीर आरोप लगाए हैं। इन आरोपों को लेकर उन्होंने प्रयागराज जिला कोर्ट में 28 जनवरी को 173(4)के तहत कंप्लेंट रजिस्टर करने के लिए अर्जी दाखिल की है। इस अर्जी पर अब तक दो तारीखों पर एडीजे रेप एंड पोक्सो स्पेशल कोर्ट में सुनवाई भी हो चुकी है। इस मामले में वादी आशुतोष ब्रह्मचारी के कोर्ट में बयान दर्ज हो चुके हैं। कोर्ट के आदेश पर प्रयागराज पुलिस भी मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

### तब नाबालिग ने कुकर्म का लगाया था आरोप

गौरतलब है श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति निर्माण ट्रस्ट के अध्यक्ष और शाकुंभरी पीठाधीश्वर आशुतोष ब्रह्मचारी ने आरोप लगाया है कि माघ मेले के दौरान एक नाबालिग और एक बालिग बच्चा उनके पास आया था। उसने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती पर कुकर्म का गंभीर आरोप लगाया था। हालांकि जो बच्चा बालिग हो गया है उसके साथ कुकर्म की घटना उस समय हुई थी, जब वह नाबालिग था।

इतालवी रिपोर्ट पर एएआईबी की दो टूक

# अहमदाबाद विमान हादसे की जांच जारी मीडिया में चल रही खबरें अटकलबाजी

## अभी कोई अंतिम निष्कर्ष नहीं बिना पुष्टि से जांच प्रभावित हो सकती

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पिछले साल अहमदाबाद में जून महीने में भीषण विमान हादसे की जांच पूरी होने की खबरों पर विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो ने साफ कहा है कि हादसे की जांच अभी जारी है और जो भी खबरें चल रही है वो अटकलबाजी पर आधारित है। वहीं नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने साफ किया है कि एअर इंडिया की उड़ान संख्या एआई-171 दुर्घटना की जांच पूरी होने संबंधी खबरें गलत और अटकलों पर आधारित हैं। मंत्रालय के अनुसार विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) ने स्पष्ट कहा है कि जांच



अभी चल रही है और कोई अंतिम निष्कर्ष नहीं निकाला गया है। एएआईबी ने मीडिया संस्थानों से अपील की है कि वे संयम बरतें और समय से पहले अनुमान लगाने वाली खबरें न चलाएं। बिना पुष्टि की रिपोर्टिंग से लोगों में अनावश्यक चिंता पैदा होती है और चल रही पेशेवर जांच की विश्वसनीयता प्रभावित हो सकती है।

### इतालवी रिपोर्ट में दावा

इटली के समाचार पत्र ने पश्चिमी विमानन एजेंसियों के सूत्रों का हवाला देते हुए अपनी रिपोर्ट में कहा था कि दुर्घटना की जांच पूरी होने की ओर अग्रसर है और विमान दुर्घटनाग्रस्त इसलिए हुआ क्योंकि पायलटों में से एक ने दो ईंधन स्विच बंद कर दिए थे। अखबार ने नई दिल्ली और वाशिंगटन के बीच हुई ताजा बातचीत से वाकिफ दो सोर्स के हवाले से यह रिपोर्ट दी। उसने कहा यह दुर्घटना तकनीकी फेलयर की वजह से नहीं हुई।

आईसीएआर-आईएआरआई का 64वां दीक्षांत समारोह आज

# शिवराज 470 विद्यार्थियों को उपाधि देकर करेंगे सम्मानित

## भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के निदेशक ने दी जानकारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) के निदेशक डॉ. सीएच श्रीनिवास राव ने बताया कि शुक्रवार को नई दिल्ली में आईसीएआर के राष्ट्रीय कृषि विज्ञान परिसर (एनएएससी) स्थित भारत रत्न सी. सुब्रह्मण्यम सभागार में दीक्षांत समारोह में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान मुख्य अतिथि के रूप में छात्र-छात्राओं को उपाधियां प्रदान करेंगे। इस अवसर पर 470 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की जाएंगी।



निदेशक डॉ. सीएच श्रीनिवास राव

### 12,000 छात्र देश- विदेश में दे रहे सेवाएं



केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान

डॉ. श्रीनिवास राव ने बताया कि अब तक संस्थान के 12,000 से अधिक छात्र देश-विदेश में कृषि क्षेत्र में योगदान दे रहे हैं। शोध के वातावरण को सुदृढ़ करते हुए विद्यार्थियों को ऐसे शोध विषयों के चयन हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है, जो जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के बीच किसानों को उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाने में सहायक हों।उन्होंने कहा कि देश के लगभग 70 प्रतिशत कृषि वैज्ञानिक आईसीएआर संस्थानों से ही निकलते हैं और कृषि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में आईसीएआर देश में अग्रणी स्थान रखता है।

### शैक्षणिक कार्य के साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया

डीन डॉ. अनुपमा सिंह ने बताया कि संस्थान में शैक्षणिक कार्य के साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया जाता है जिससे विद्यार्थी पाठ्यक्रम पूर्ण करते ही ज्ञान एवं कौशल से संपन्न हो सकें। संस्थान में एक पृथक प्लेसमेंट सेल सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है तथा स्टार्टअप संस्कृति को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। यहां के छात्र-छात्राएं सरकारी संस्थानों में नियुक्ति प्राप्त कर रहे हैं।



डॉ. अनुपमा सिंह

बांग्लादेश में हिंसा के बीच चुनाव संपन्न

# वोटिंग के दौरान दो पोलिंग सेंटरों में धमाका, एक बच्चे सहित 3 घायल

एजेंसी ▶▶ढाका

बांग्लादेश में 13वें संसदीय चुनाव और रेफरेंडम-2026 के लिए देश भर के 299 चुनाव क्षेत्रों में वोटिंग हो रही है। देश भर में 42,651 मतदान केंद्रों पर वोटिंग हुई। वोटिंग के दौरान दो मतदान केंद्रों गोपालगंज और मुंशीगंज में क्रूड बम धमाका हुआ जिसमें 3 लोग घायल हो गए। गोपालगंज के एक पोलिंग सेंटर पर हुए क्रूड बम धमाके में 13 वर्ष की एक बच्ची समेत तीन लोग घायल हो गए।

एडिशनल सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस मोहम्मद सरवर हुसैन ने बताया कि सुबह करीब 9:00 बजे निचुपाड़ा इलाके में रेशमा इंटरनेशनल स्कूल पोलिंग सेंटर पर धमाका हुआ। इस घटना में चुनाव सुरक्षा के लिए जिम्मेदार अर्द्धसैनिक सहायक बल 'अंसार' के दो सदस्य भी घायल हुए हैं। घायलों को अस्पताल ले जाया गया है। मतदान केंद्र के पीठासीन अधिकारी जहिरुल इस्लाम ने बताया कि घायलों को मामूली चोट आई थी और मतदान थोड़ी देर बाद फिर से शुरू हो गया।

इसके अलावा, मुंशीगंज सदर उपजिला के मखाती गुरुचरण हाई स्कूल में सुबह एक क्रूड बम धमाका हुआ, जिसके बाद हमलावरों का पीछा करने और जवाबी हमले की घटना हुई। सदर पुलिस स्टेशन के ऑफिसर-इन-चार्ज (ओसी) मोहम्मद मोमिनुल इस्लाम ने पुष्टि की कि यह झड़प सुबह करीब 10:00 बजे दो विरोधी उम्मीदवारों के समर्थकों के बीच हुई।

*मुंशीगंज में मतदान केंद्र के सामने कई बम विस्फोट*

*कई जगहों पर उम्मीदवारों के समर्थकों के बीच झड़प*


मुंशीगंज–3 निर्वाचन क्षेत्र के एक मतदान केंद्र के बाहर बम विस्फोट

### 10 से 12 देसी बमों के सिलसिलेवार धमाके

*एक अन्य घटना में मुंशीगंज-3 निर्वाचन क्षेत्र के एक मतदान केंद्र के बाहर सिलसिलेवार बम विस्फोट हुए, जिससे मतदान अस्थायी रूप से बाधित हो गया। बृहस्पतिवार सुबह करीब 10 बजकर 15 मिनट पर मखाती गुरुचरण हाई स्कूल में बने मतदान केंद्र के सामने विस्फोट हुए। अधिकारियों ने बताया कि 10 से 12 देसी बमों में धमाका हुआ। केंद्र पर मतदान करीब 15 मिनट के लिए रोक दिया गया। पीठासीन अधिकारी मोहम्मद तितुमिर ने कहा कि विस्फोटों से मतदाताओं में दहशत फैल गई।*

### झड़प के दौरान बीएनपी नेता की मौत

खुलना में एक मतदान केंद्र के बाहर जमात-ए-इस्लामी कार्यकर्ताओं के साथ झड़प के दौरान एक बीएनपी नेता की मौत हो गई। बीएनपी का कहना है कि जमात के एक नेता के धक्का देने की वजह से पेड़ से टकराकर वह घायल हो गए थे, जिससे उनकी मौत हुई। हालांकि जमात नेता का दावा है कि इस अशांति के दौरान बीएनपी नेता बीमार पड़ गए थे। मृतक की पहचान मोहिबुज्जमान कोचि (55) के रूप में हुई है, जो बीएनपी की खुलना शहर इकाई के पूर्व कार्यालय सचिव थे।

### महिला पोलिंग एजेंट्स को किया परेशान

निर्दलीय उम्मीदवार तस्नीम जारा ने आरोप लगाया कि ढाका-9 चुनाव क्षेत्र में कई जगहों पर महिला पोलिंग एजेंट्स को परेशान किया जा रहा है और पोलिंग सेंटरों में घुसने से रोका जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे पोलिंग एजेंट्स को अलग-अलग बहानों से पोलिंग सेंटरों में घुसने से रोका जा रहा है। उन्हें अंदर नहीं जाने दिया जा रहा है।

### चाय बागान में हिंदू युवक की हत्या

मौलवीबाजार जिले में आम चुनाव से एक दिन पहले एक 28 वर्षीय हिंदू युवक की हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान रतन शुवो कर के रूप में हुई है। वह इस्लामपुर यूनियन के चंपारा चाय बागान में काम करता था। पुलिस को उसकी लाश हाथ-पैर बंधी हुई हालत में मिली। रतन के शरीर पर चोट के कई निशान थे।

### जमात-ए-इस्लामी लोकतंत्र के लिए खतरा



बांग्लादेश चुनाव को लेकर मशहूर लेखिका और एक्टिविस्ट तस्लीमा नसरीन ने कहा कि जमात के लोग धर्म के नाम पर प्रचार कर रहे हैं। वे दावा कर रहे हैं कि उनके चुनाव निशान तराजू पर वोट देने से जन्नत मिलेगी और यह अल्लाह का आदेश है। अगर यह पार्टी सत्ता में आई, तो बांग्लादेश में लोकतंत्र खत्म हो जाएगा और कट्टरपंथ हावी हो जाएगा। अल्पसंख्यकों पर जुल्म बढ़ेगा।


## खबर संक्षेप

### फर्जी पुलिस स्टेशन से भारतीयों से धोखाधड़ी



**फोनों पेन्ह।** कंबोडिया में अधिकारियों ने धोखाधड़ी केंद्रों पर कार्रवाई के दौरान एक फर्जी पुलिस स्टेशन का पर्दाफाश किया है, जिसमें गांधी और आंबेडकर की तस्वीर लगी हुई थी। अधिकारियों के मुताबिक, इसका इस्तेमाल भारतीयों को 'डिजिटल अरेस्ट' करने के लिए किया जा रहा था। एक अधिकारी ने बताया कि हाल के हफ्तों में अंतरराष्ट्रीय धोखाधड़ी पर नकेल कसने के अभियान में लगभग 200 घोटाले के केंद्रों को बंद किया है। इस दौरान 173 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया।

### चीन में सड़क धंसी, 20 मीटर चौड़ा गड्ढा बना



**शंघाई।** चीन के शंघाई में एक व्यस्त सड़क अचानक धंस गई और 10 से 20 मीटर चौड़ा गड्ढा बन गया। घटना मिनहांग जिले के किक्सिन रोड के पास हुई। इससे पहले यहां पानी के रिसाव की सूचना दी गई थी। निर्माण एजेंसियों ने 11 फरवरी को सड़क के नीचे पानी के रिसाव की पहचान की थी। इसमें किसी की मौत नहीं हुई है, लेकिन आसपास की इमारतों में दरारें आ गईं और इलाके में दहशत फैल गई। कुछ ही सेकंड में सड़क की सतह भीतर की ओर धंस गई। स्थानीय प्रशासन ने तुरंत सड़क बंद कर दी।

### नील नदी में नौका पलटी, 15 की मौत



**काहिरा।** सूडान में नील नदी में एक यात्री नौका पलट जाने से कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई। चिकित्सकों के एक समूह ने यह जानकारी दी। देश में जारी युद्ध पर नजर रखने वाले चिकित्सकों के समूह 'सूडान डॉक्टर्स नेटवर्क' ने बताया कि महिलाओं और बच्चों सहित कम से कम 27 लोगों को लेकर जा रही नौका उत्तरी नील नदी प्रांत में डूब गई। समूह ने कहा कि कम से कम 15 लोगों के शव बरामद किए गए हैं तथा स्थानीय निवासी एवं बचाव दल अब भी कम से कम छह अन्य लोगों की तलाश कर रहे थे।

## वायुसेना की बढ़ेगी ताकत, नौसेना की समुद्री निगरानी भी होगी मजबूत

# 3.25 लाख करोड़ रु. के रक्षा सौदे को मंजूरी 114 राफेल, 6 पी-8आई विमान खरीदे जाएंगे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶नई दिल्ली

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के 17-20 फरवरी के भारत दौरे पर डील

कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी प्रस्ताव को अंतिम मंजूरी देगी

देश की सशस्त्र सेनाओं की ताकत बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए रक्षा मंत्रालय के अधीन रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने गुरुवार एक ऐतिहासिक खरीद को मंजूरी दी है। डीएसी ने भारतीय वायुसेना के लिए फ्रांस से 114 राफेल लड़ाकू विमानों और नौसेना के लिए 6 पी-8आई पोसीडॉन समुद्री निगरानी विमानों की खरीद के प्रस्ताव पर मुहर लगा दी है।

इसे भारत की अब तक की सबसे बड़ी रक्षा खरीद योजनाओं में से एक माना जा रहा है, जिसकी अनुमानित लागत लगभग 3.25 लाख करोड़ रुपए बताई गई है। अब यह प्रस्ताव अंतिम मंजूरी के लिए कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी (सीसीएस) के पास भेजा जाएगा। वहीं, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के 17-20 फरवरी के 3 दिवसीय भारत दौरे पर सौदा हो सकता है। प्रस्ताव को 16 जनवरी को रक्षा खरीद बोर्ड से मंजूरी मिल चुकी थी।

### कॉम्बैट मिसाइलों और हाई एल्टीट्यूड स्यूडो सैटेलाइट्स के प्रपोजल को भी मंजूरी


लड़ाकू विमान राफेल



रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, नए राफेल विमानों की खरीद से एयर डिफेंस और बॉर्डर एरिया में तैनाती की क्षमता मजबूत होगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली कमेटी ने कॉम्बैट मिसाइलों और एयर-शिप बेस्ड हाई एल्टीट्यूड स्यूडो सैटेलाइट्स के प्रपोजल को भी मंजूरी दी है। इन सभी सौदों की कुल कीमत 3.60 लाख करोड़ रुपए है। डीएसी ने नौसेना के बेड़े में 6 नए पी-8आई एयरक्राफ्ट जोड़ने को मंजूरी दी है। भारतीय नौसेना पहले से ही 12 पी-8आई विमानों का संचालन कर रही है। इन नए विमानों के आने से हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री निगरानी और पनडुब्बी रोधी (एंटी सबमरीन) क्षमता को और अधिक मजबूती मिलेगी।

### मेक इन इंडिया' के तहत होगा सौदा

यह सौदा 'मेक इन इंडिया' के तहत किया जाएगा। डसॉल्ट एविएशन एक भारतीय कंपनी के साथ मिलकर इन विमानों को बनाएगी। हाल ही में डसॉल्ट ने डसॉल्ट रिलायंस एयरोस्पेस लिमिटेड में अपनी हिस्सेदारी 49% से बढ़ाकर 51% कर ली है। इस जॉइंट वेंचर में अनिल अंबानी की रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर भी भागीदार है। डसॉल्ट सभी 114 राफेल जेट में भारतीय हथियार, मिसाइल और गोला-बारूद को इंटीग्रेट करेगा। साथ ही सुरक्षित डेटा लिंक भी उपलब्ध कराएगा, जिससे विमानों को भारतीय रडार और सेंसर सिस्टम से जोड़ा जा सकेगा। कंपनी एयरफ्रेम निर्माण के लिए टेक्नोलॉजी ट्रांसफर भी देगी।

### रक्षा बजट के लिए 7.8 लाख करोड़ रुपए का आवंटन

केंद्रीय बजट 2026-27 में रक्षा मंत्रालय को 7.8 लाख करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं, जो कुल बजट का 14.67% है। आधुनिकीकरण के लिए निर्धारित 2.19 लाख करोड़ रुपए में से 1.85 लाख करोड़ रुपए पूंजीगत खरीद के लिए तय किए गए हैं, जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में लगभग 24% अधिक है।

### वायुसेना को मिलेंगे 6 से 7 नए स्क्वाड्रन

इस सौदे का सबसे अहम पहलू वायुसेना की गिरती स्क्वाड्रन संख्या को संभालना है। 114 नए राफेल विमानों के शामिल होने से भारतीय वायुसेना को 6 से 7 नए स्क्वाड्रन मिलेंगे। वर्तमान में वायुसेना के पास लगभग 30 स्क्वाड्रन हैं, जबकि देश की सुरक्षा जरूरतों को पूरा करने के लिए 42 स्क्वाड्रन की आवश्यकता है। वायुसेना ने सितंबर 2025 में 114 अतिरिक्त राफेल जेट की मांग रक्षा मंत्रालय को भेजी थी। एयरफोर्स के पास पहले से 36 राफेल विमान है, जबकि नौसेना ने 26 मरीन वेरिएंट राफेल का ऑर्डर दिया है। अंबाला एयरबेस पर राफेल का ट्रेनिंग, मेंटेनेंस, रिपेयर और ओवरहॉल सेंटर पहले से चालू है। एयरफोर्स के पास तुरंत दो स्क्वाड्रन (36–38 विमान) शामिल करने के लिए जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर, स्पेयर पार्ट्स और प्रशिक्षित स्टाफ मौजूद है।

## यूएन की रिपोर्ट में सनसनीखेज दावा

# दिल्ली बम धमाके में आतंकी संगठन जैश शामिल, महिला विंग भी बनाई



एजेंसी ▶▶न्यूयॉर्क

संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की आतंकवाद निगरानी टीम की ताजा रिपोर्ट ने इस हमले से पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के जुड़े होने का दावा किया है। रिपोर्ट में संगठन की नई साजिशों पर भी चिंता जताई गई है, जिसमें महिलाओं के लिए अलग विंग बनाना और आतंकी गतिविधियों में उनकी भागीदारी शामिल है। इससे संगठन का नेटवर्क बढ़ सकता है और सुरक्षा एजेंसियों की नजर से बचने में मदद मिल सकती है।

यूएन सुरक्षा परिषद को सौंपी गई रिपोर्ट में एनालिटिकल सपोर्ट एंड सैंक्शंस मॉनिटरिंग टीम ने बताया कि जैश-ए-मोहम्मद ने 9 नवंबर को पुरानी दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किले पर हुए हमले की जिम्मेदारी ली थी।

### 'जमात उल-मुमिनात' नामक महिला विंग

रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि 8 अक्तूबर को जैश प्रमुख मसूद अजहर ने 'जमात उल-मुमिनात' नाम से महिलाओं के लिए एक अलग विंग बनाने की घोषणा की। यूएन टीम के अनुसार, इस विंग का मकसद आतंकी गतिविधियों में सहयोग करना है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह महिलाओं को शामिल करना संगठन की नई साजिश का हिस्सा हो सकता है, ताकि वह अपने नेटवर्क को बढ़ा सके और सुरक्षा एजेंसियों की नजर से बच सके। बता दें कि जैश-ए-मोहम्मद को संयुक्त राष्ट्र ने अल-कायदा से जुड़ा आतंकी संगठन घोषित कर रखा है। इसकी स्थापना साल 2000 में हुई थी और यह खासकर जम्मू-कश्मीर और भारत के अन्य हिस्सों में कई बड़े हमलों के लिए जिम्मेदार रहा है। इसके सरगना मसूद अजहर पर यूएन ने यात्रा प्रतिबंध और संपत्ति फ्रीज जैसी पाबंदियां लगा रखी हैं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि सदस्य देशों के बीच जैश की मौजूदा स्थिति को लेकर अलग-अलग राय है। कुछ देश इसे अभी भी सक्रिय और खतरनाक मानते हैं, जबकि एक सदस्य देश ने इसे निष्क्रिय बताया।

### मध्य और दक्षिण एशिया आतंकी खतरे में

यूएन की रिपोर्ट में मध्य और दक्षिण एशिया में बदलते आतंकी खतरे का भी जिक्र है। इसमें कहा गया है कि कई चरमपंथी संगठन क्षेत्रीय अस्थिरता और सीमापार नेटवर्क का फायदा उठा रहे हैं। लगातार दबाव के बावजूद जैश जैसे संगठन नए तरीके अपनाकर खुद को फिर से संगठित करने और बड़े हमले करने की क्षमता दिखा रहे हैं। इसके साथ ही अलग से, रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए एक अन्य हमले में शामिल तीन संदिग्धों को जुलाई में सुरक्षा बलों ने मार गिराया था।

## द्विपक्षीय संबंधों पर अहम चर्चा

# अमेरिकी राजदूत गोर और विदेश सचिव मिसरी की हुई 'मुलाकात'

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने गुरुवार को विदेश सचिव विक्रम मिसरी से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने भारत-अमेरिका द्विपक्षीय साझेदारी को आगे बढ़ाने और हाल ही में घोषित अंतरिम ट्रेड डील पर चर्चा की। मिसरी से मुलाकात के बाद गोर ने 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए लिखा कि विदेश सचिव विक्रम मिसरी से मिलकर हमेशा खुशी होती है। उन्होंने कहा कि यूएस-भारत साझेदारी को आगे बढ़ाने पर सकारात्मक चर्चा हुई और ट्रेड डील फाइनल होने के बाद भविष्य में अवसरों की कमी नहीं होगी। शुक्रवार को जारी एक संयुक्त बयान में कहा गया कि वे 'पारस्परिक रूप


सर्जियो गोर और विक्रम मिसरी

से लाभकारी व्यापार' के संबंध में एक रूपरेखा पर सहमत हो गए हैं। भारत ने अगले पांच साल में 500 अरब डॉलर के अमेरिकी ऊर्जा उत्पाद, विमान और विमान कलपुर्जे, कीमती धातु, प्रौद्योगिकी उत्पाद और कोकिंग कोयला खरीदने का इरादा जताया है। यह रूपरेखा व्यापक अमेरिका-भारत द्विपक्षीय व्यापार समझौता (बीटीए) वार्ताओं के प्रति दोनों देशों की प्रतिबद्धता की पुनः पुष्टि करती है।

## माल्या को बॉम्बे हाईकोर्ट की चेतावनी

# भारत नहीं लौटे तो भगोड़ा होने के ठप्पे के खिलाफ सुनवाई नहीं होगी

एजेंसी ▶▶मुंबई

बॉम्बे हाई कोर्ट ने कारोबारी विजय माल्या को कड़ी चेतावनी दी है। कोर्ट ने कहा कि जब तक माल्या भारत वापस नहीं लौटते, तब तक अदालत उनकी याचिका पर सुनवाई नहीं करेगी। इस याचिका में उन्होंने भगोड़े आर्थिक अपराधी अधिनियम (एफईओ) के प्रावधानों को चुनौती दी है। अदालत ने स्पष्ट किया कि जो व्यक्ति खुद को न्यायिक प्रक्रिया से दूर रखे हुए है, उसे अदालत से राहत की उम्मीद नहीं करनी चाहिए।

मुख्य न्यायाधीश शचंद्रशेखर और न्यायमूर्ति गौतम अंखड़ की पीठ ने कहा कि माल्या को पहले यह स्पष्ट करना होगा कि वह भारत


विजय माल्या बॉम्बे हाईकोर्ट

लौटेंगे या नहीं। कोर्ट ने कहा कि आपको (माल्या) वापस आना होगा, अगर आप वापस नहीं आ सकते तो हम इस याचिका पर सुनवाई नहीं कर सकते। 2016 से ब्रिटेन में रह रहे माल्या ने उच्च न्यायालय में दो याचिकाएं दायर की हैं, एक में उन्हें भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित करने के आदेश को चुनौती दी गई है और दूसरी में 2018 के अधिनियम की संवैधानिक वैधता पर सवाल उठाया गया है।

## 'ताला' लगाकर महादेव को मना रहे


**प्रयागराज।** रविवार को देशभर में महाशिवरात्रि पर्व मनाया जाएगा। वहीं, यूपी के प्रयागराज के नागेश्वर नाथ महादेव मंदिर के बाहर के लोग अपनी इच्छाओं को पूरी करने के लिए ताला लगाते हैं और उस पर अपनी पहचान अंकित कर देते हैं। मान्यता है कि महादेव की कृपा से इच्छा पूरी होती है। इच्छा पूरी होने के बाद लोग ताला खोल देते हैं।

## आरोपः इजराइल ने गाजा में प्रतिबंधित रासायनिक बमों का किया था प्रयोग

# 3500 से ज्यादा लोग भाप बनकर गायब, कोई अता-पता नहीं

एजेंसी ▶▶वॉशिंगटन

इजराइल पर गाजा में 'वैक्यूम बम' इस्तेमाल करने का आरोप लगा है। रिपोर्ट 'द रेस्ट ऑफ द स्टोरी' के मुताबिक, ये बम पहले हवा में ईंधन जैसा एक बादल फैलाते हैं और फिर उसमें आग लगा देते हैं। इससे बहुत बड़ा आग का गोला बनता है और आसपास की हवा खिंचकर एक तरह का जीरो (वैक्यूम) पैदा हो जाता है। इन धमाकों से तापमान 3,500 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है। इन बमों में एल्यूमिनियम और मैग्नीशियम जैसे तत्व होते हैं, जो कुछ ही सेकंड में शरीर को जला देते हैं। मिलिट्री एक्सपर्ट्स और चश्मदीदों का भी कहना है कि इजराइल ने वहां ऐसे हथियारों का इस्तेमाल किया, जिन्हें 'वैक्यूम बम', 'थर्मल' या 'थर्मोबैरिक' बम कहा जाता है। रिपोर्ट के मुताबिक, हमलों में मारे गए कई लोगों के शव तक नहीं मिले। गाजा की सिविल डिफेंस टीम ने 2,842 ऐसे फिलिस्तीनियों का रिकॉर्ड दर्ज किया है, जिनके बारे में कहा गया कि दफनाने के लिए उनका कोई हिस्सा तक नहीं बचा। वहीं 3,500 से ज्यादा लोग अब भी लापता हैं।

बमों से तापमान 3,500 डिग्री तक जा पहुंचा


शवों को दफनाने के लिए कोई हिस्सा नहीं बचा

### वैक्यूम बम को बम और रॉकेट के रूप में गिरा सकते हैं



वैक्यूम बम एक एडवांस हथियार है जो अपने प्रभाव से इमारतों को नष्ट करने और मानव शरीर को भाप बनाकर उड़ाने में सक्षम है। यह बम एरोसोल बम भी कहलाता है और जर्नल ऑफ मिलिट्री एंड वेटरन्स हेल्थ के अनुसार, ये स्प्रे वातावरण में चारों ओर फैल जाते हैं। खासकर शहरी इलाकों और दुश्मनों के बंकर के अंदर तक आसानी से घुस जाता है। इसे रॉकेट के रूप में लॉन्च किया जा सकता है या विमान से बम के रूप में गिराया जा सकता है। जब यह अपने टारगेट से टकराता है, तो पहला विस्फोटक चार्ज कंटेनर को खोलता है और मिश्रण को बादल के रूप में बिखेरता है। इसके बाद बम में लगा इग्निशन सोर्स आग को पैदा करता है, जो बहुत तेजी से पूरे इलाके में फैलकर एक जबरदस्त वैक्यूम बनाता है। इस कारण हुए विस्फोट की ताकत इतनी ज्यादा होती है कि घरों की छतें तक उड़ जाती हैं। बंकर बर्बाद हो जाते हैं और उसमें मौजूद लोगों के शरीर से चिथड़े उड़ जाते हैं। पास में मौजूद इंसान तो तुरंत भाप में बदल जाता है। दूर के लोगों पर भी इसका इतना प्रभाव पड़ता है कि आंतरिक अंगों में खून बहने लगता है।

### *व्हाइट हाउस में नेतन्याहू से मिले ट्रंप*



*अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू की बुधवार को व्हाइट हाउस में मुलाकात हुई। ये बैठक करीब 2 घंटे तक बंद कमरे में चली। ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा कि मैंने नेतन्याहू से साफ कहा है कि अमेरिका को ईरान के साथ परमाणु समझौते पर बातचीत जारी रखनी चाहिए। उन्होंने लिखा कि बैठक बहुत अच्छी रही, लेकिन कोई अंतिम फैसला नहीं हुआ। ईरान के साथ अच्छा समझौता हो सकता है तो यह बेहतर होगा, लेकिन नहीं हुआ तो आगे क्या करना है, यह देखा जाएगा। ट्रंप ने यह भी याद दिलाया कि पिछली बार ईरान ने समझौता नहीं किया था, जिसके बाद अमेरिका ने उस पर सैन्य कार्रवाई 'ऑपरेशन मिडनाइड हैमर' किया था। उन्होंने नेतन्याहू से गाजा की स्थिति और क्षेत्र में शांति प्रयासों पर भी बात की है। नेतन्याहू ने ट्रंप से मुलाकात से पहले अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो से भी मुलाकात की।*

## पश्चिम बंगाल में बेलडांगा हिंसा मामला

# 36 आरोपियों को एनआईए कोर्ट नहीं ला सकी, नहीं मिली 'पुलिस' सुरक्षा

एजेंसी ▶▶कोलकता

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) पश्चिम बंगाल के अल्पसंख्यक बहुल मुर्शिदाबाद जिले के बेलडांगा में हुई हिंसा की जांच कर रही है। एनआईए की टीम गुरुवार सुबह हिंसा मामले में गिरफ्तार किए गए 36 आरोपियों को विशेष एनआईए अदालत में पेश करने में विफल रही। यह दूसरी बार है जब एनआईए आरोपियों को अदालत में पेश करने में विफल रही है। इसका कारण है कि मुर्शिदाबाद जिला पुलिस एक बार फिर पर्याप्त पुलिस सुरक्षा प्रदान करने में असफल रही। इससे पहले, 5 फरवरी को, एनआईए की टीम आरोपी को अदालत में पेश करने में


मुर्शिदाबाद हिंसा फाइल फोटो

विफल रही थी, और उस समय, राज्य पुलिस इस उद्देश्य के लिए पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करने में सक्षम नहीं थी, जो इस मामले में एक बाधा बन गई। एनआईए ने मुर्शिदाबाद जिला पुलिस को एक अनुरोध दिया था, लेकिन पुलिस ने पश्चिम बंगाल उच्च माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित उच्च माध्यमिक परीक्षाओं का हवाला देते हुए उस अनुरोध को पूरा करने से इनकार कर दिया।



स्पेशलः वर्ल्ड रेडियो-डे

## ज्ञान-विज्ञान-मनोरंजन का खजाना

# रेडियो का सफर है बहुत सुहाना

बच्चो, एक समय था, जब घर-घर में लोग रेडियो सुनते थे। रेडियो के माध्यम से देश-विदेश के समाचार मिलते थे। ज्ञान-विज्ञान का खजाना होता था रेडियो। मनोरंजन का एक बहुत बड़ा साधन था रेडियो। आज भी लोग रेडियो सुनते हैं, इसका अपना एक अलग महत्व है। रेडियो की शुरुआत कैसे हुई, तुम्हारे लिए इससे जुड़ी कुछ जानकारियां।

जानकारी
शिखर चंद जैन

बच्चो, तुमने घर में अपने दादा जी को बड़े ध्यान से रेडियो सुनते देखा होगा। यही नहीं तुम भी कार या कैब में एफएम रेडियो पर सुरीले गीत और मनोरंजक कार्यक्रम सुनते होगे। तुम्हारे मन में कभी-कभी यह सवाल आता होगा, रेडियो की शुरुआत कैसे और कब हुई? यह कैसे इतना लोकप्रिय हो गया? आज विश्व रेडियो दिवस (13 फरवरी) के अवसर पर जानो, रेडियो से जुड़ी कुछ रोचक बातें।

**संचार का सशक्त माध्यमः** बच्चो, रेडियो सिर्फ एक मशीन नहीं, बल्कि एक ऐसा दोस्त है, जो बिना चेहरा दिखाए हमें दुनिया से जोड़े रखता है। हर साल 13 फरवरी को दुनिया भर में विश्व रेडियो दिवस मनाया जाता है, ताकि संचार के इस पुराने सशक्त माध्यम के महत्व को समझा और सराहा जा सके।

**स्वतंत्रता आंदोलन का साथी रेडियोः** बच्चो, भारत की आजादी की लड़ाई में रेडियो का बड़ा योगदान रहा है। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान रेडियो ने स्वतंत्रता सेनानियों के संदेश प्रसारित कर आम नागरिकों को जागरूक किया था। 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में उषा मेहता के 'कांग्रेस रेडियो' और नेताजी सुभाष चंद्र बोस के 'आजाद हिंद रेडियो' जैसे प्रयासों ने जन-जागरण में अहम भूमिका निभाई थी। नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने जर्मनी से और बाद में सिंगापुर/रंगून से रेडियो के जरिए ही देशवासियों को आजादी की लड़ाई के लिए प्रेरित किया, साथ ही स्वतंत्रता संघर्ष को नई दिशा दी। रेडियो ने गांवों तक आजादी के संघर्ष की खबरें पहुंचाईं, जिससे देश भर में एकजुटता बढ़ी। बच्चो, जरा सोचो रेडियो बिना लाखों लोगों तक हमारे स्वतंत्रता सेनानियों की आवाज भला कैसे पहुंचती?



**ज्ञान के प्रसार में सहायकः** आजादी के बाद रेडियो ने साक्षरता, स्वास्थ्य, जागरूकता और कृषि ज्ञान के प्रसार में बड़ी भूमिका निभाई। यह दूर-दराज के गांवों, पहाड़ी इलाकों और रेगिस्तानी क्षेत्रों में भी स्थानीय भाषाओं में समाचार और मनोरंजन प्रसारित करने वाला सबसे प्रभावी माध्यम बना। स्वतंत्रता की घोषणा से लेकर, महात्मा गांधी, पंडित नेहरू के भाषण और ऐतिहासिक पलों की कमेंट्री रेडियो ने ही घर-घर में पहुंचायी।

**संकटमोचन की भूमिका में रेडियोः** बच्चो, प्राकृतिक आपदाओं जैसे बाढ़, चक्रवात आदि के समय जब अन्य संचार साधन ठप हो जाते हैं, तब रेडियो ही दूर-दराज में रहने वाले देशवासियों को जरूरी सूचनाएं देता है। वर्तमान समय में आकाशवाणी और एफएम चैनलों के माध्यम से प्रधानमंत्री की 'मन की बात' जैसे कार्यक्रमों के जरिए रेडियो देश के हर तबके तक जुड़ा हुआ है।

**रेडियो के विकास में भारत का योगदानः** वैसे तो पहला व्यावहारिक रेडियो 1895 में गुग्लिएल्मो मार्कोनी द्वारा बनाया गया था, लेकिन भारतीय वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बसु ने 1895 में बिना तार के सिग्नल भेजने का प्रदर्शन कर दिया था। भारत में पहला रेडियो प्रसारण जून 1923 में बॉम्बे रेडियो क्लब द्वारा किया गया था। अपने देश का ऑल इंडिया रेडियो 99 प्रतिशत जनसंख्या तक पहुंच के साथ दुनिया के सबसे बड़े प्रसारकों में से एक है।



जगदीश चंद्र बसु

**जमीन से लेकर अंतरिक्ष तक रेडियोः** बच्चो, रेडियो तरंगें अंतहीन होती हैं। यदि इन्हें कोई अवशोषित नहीं करता है तो ये अनंत काल तक यात्रा कर सकती हैं। रेडियो बिजली के बिना भी काम करता है। पुराने ट्रांजिस्टर (रेडियो) बैटरी या सेल से चलते थे। रेडियो तरंगें न केवल ध्वनि, बल्कि खगोलीय पिंडों (ग्रहों, तारों) से भी उत्सर्जित होती हैं, जिनका अध्ययन रेडियो टेलीस्कोप से किया जाता है।

**भारत में आकाशवाणीः** ऑल इंडिया रेडियो को 1957 में आधिकारिक तौर पर 'आकाशवाणी' का नाम दिया गया। 14-15 अगस्त 1947 की मध्यरात्रि को नेहरू जी का भाषण ऑल इंडिया रेडियो से ही प्रसारित हुआ था। मां दुर्गा की लोकप्रिय 'महिषासुर मोर्दिनी' (महालया) भारत के सबसे पुराने रेडियो कार्यक्रमों में से एक है, जो 1931 से प्रसारित हो रहा है। *

### कुछ रोचक तथ्य



**दुनिया का पहला रेडियो स्टेशनः** बच्चो, दुनिया का पहला व्यावसायिक रेडियो स्टेशन 1920 में अमेरिका में शुरू हुआ था, जबकि भारत में बड़े स्तर पर रेडियो प्रसारण 23 जुलाई 1927 को मुंबई से शुरू हुआ था।

**पहली सिग्नेचर धुनः** ऑल इंडिया रेडियो की मशहूर धुन किसी भारतीय ने नहीं बल्कि एक यहूदी शरणार्थी वाल्टर कॉफमैन ने बनाई थी, जो आज भी ऑल इंडिया रेडियो की पहचान है।

**रेडियो सुनने के लिए लाइसेंसः** आज लोग भले ही कभी भी कहीं भी रेडियो सुन सकते हैं, लेकिन 1920 के दशक में भारत में रेडियो सुनने के लिए बाकायदा लाइसेंस लेना पड़ता था। 1927 में अपने देश में रेडियो लाइसेंस धारकों की संख्या मात्र 3,594 थी।



# बहुत अनोखी झील है ब्लैक सी

बच्चो, दक्षिण-पूर्व यूरोप और पश्चिमी एशिया के बीच स्थित ब्लैक सी, कई मायने में सामान्य झीलों से अलग है। ब्लैक सी के निर्माण और इसकी कुछ विशेषताओं के बारे में तुम भी जानो।

यह भी जानो
नयनतारा

बच्चो, ब्लैक सी यानी काला सागर, वास्तव में कोई समुद्र नहीं बल्कि एक विशाल झील है। यह चारों तरफ से जमीन से घिरी हुई है। यह दक्षिण पूर्वी यूरोप और पश्चिमी एशिया के बीच स्थित है। ब्लैक सी के तट छह देशों की सीमाओं को स्पर्श करते हैं। ये देश हैं- यूक्रेन, रूस, जॉर्जिया, तुर्की, बुल्गारिया और रोमानिया।



**संसार का सबसे बड़ा मेरोमिक्टिक बेसिनः** भौतिक दृष्टि से ब्लैक सी संसार का सबसे बड़ा मेरोमिक्टिक बेसिन है। 'मेरोमिक्टिक' का अर्थ यह है कि इसका गहरा पानी अनॉक्सिक है यानी उसमें ऑक्सीजन का अभाव है। इस कारण उसका गहरा पानी, ऊपरी परत के ऑक्सीजन युक्त पानी में मिश्रित नहीं होता है। पानी में ऑक्सीजन न होने की वजह से यह 'डेड जोन' बन जाता है, जिसमें 150 मीटर के नीचे कोई समुद्री जंतु या पौधा जीवित नहीं रह पाता है।

**इसलिए कहते हैं ब्लैक सीः** बच्चो, तुम्हारे मन में सवाल उठता होगा कि इस झील को ब्लैक सी क्यों कहते हैं? दरअसल, अधिक ठंड के मौसम में ब्लैक सी में तेज तूफान उठता है, जिससे वह काले रंग के खतरनाक जल प्रवाह के रूप में दिखता है, इसीलिए इस झील को 'ब्लैक सी' नाम से जाना जाता है। इसके अतिरिक्त, प्राचीन समय में तुर्की देश के नाविक उत्तर दिशा (जहां यह सागर स्थित है) को अपने कलर-कोडेड दिशा सूचक व्यवस्था में 'ब्लैक' कलर से प्रदर्शित करते थे, इसलिए भी इसे 'ब्लैक सी' कहा जाता है।

**ऐसे हुआ ब्लैक सी का निर्माणः** भू-वैज्ञानिकों का मानना है कि ब्लैक सी लगभग 7,500 साल पहले बनी, जब मेडिटेरिनियन यानी भूमध्य सागर में जबर्दस्त उफान आया और उसका विशाल जल प्रवाह बोस्फोरस स्ट्रेट (तुर्की के इस्तांबुल शहर में स्थित एक स्थल) को पार कर एक ताजा पानी की झील में पहुंच गया। इस प्रकार इस अनोखी झील, ब्लैक सी का निर्माण हुआ। *

### ब्लैक सी से जुड़े कुछ अन्य तथ्य

**ब्लैक सी** के गहरे पानी में चूंकि ऑक्सीजन नहीं है इसलिए उसमें मौजूद कोई भी लकड़ी हजारों साल तक गलती नहीं है। यही वजह है कि करीब 2,000 साल पहले इसमें डूबे पानी के जहाजों की लकड़ियां आज भी मौजूद हैं। इस सागर में लहरें नहीं उठती हैं, पानी किसी झील या तालाब की तरह शांत रहता है। नीचे का खारा पानी और ऊपर का ताजा पानी आपस में मिलते नहीं हैं। ऐसा लगता है जैसे दो अलग सागर एक-दूसरे के करीब हों।

कविता / सूर्यकुमार पांडेय

## दांत बन गए नेल कटर

अटर-पटर चटर-पटर,
गेहूं, चावल, दाल, मटर,
फल, मेवे, गुड़ और शक्कर,
चूहे खाते कुतर-कुतर।
झटपट ये बिल के अंदर,
चटपट आ जाते बाहर।
रोटी, बिस्कुट, ब्रेड, बटर,
चूहे खाते कुतर-कुतर।
खाते प्लास्टिक की चेयर,
नरम पुराने फर्नीचर,
प्लास्टिक के पाइप, वायर,
चूहे खाते कुतर-कुतर।
तकिया, गद्दे और चादर,
कोट, शर्ट, ऊनी स्वेटर,
काट रहे पेपर-वेपर,
चूहे खाते कुतर-कुतर।
बड़े चटोरे, बड़े जबर,
मूंगफली, अखरोट कुतर,
दांत बन गए नेल कटर,
चूहे खाते कुतर-कुतर।



## बूझो तो जानें



1. गुजर सके हर एक वस्तु से
पर नजरों से गुम,
कहो कौन-सी किरणें हैं ये
जल्दी बूझो तुम।



2. एक मशीन इलेक्ट्रॉनिक है
बिजली से है चलता,
चित्र खींचता, खेल खिलाता
गणनाएं भी करता।।

3. चाहे हों ये दाएं-बाएं
अथवा ऊपर-नीचे,
लोहे की चीजों को झटपट
पलक झपकते खींचे।।

-डॉ. घमंडीलाल अग्रवाल

उत्तर : 1.एक्स-रे, 2.कंप्यूटर, 3.चुंबक

## जीके क्विज-192



1. भारतीय टीम ने किस देश की टीम को हराकर अंडर-19 क्रिकेट वर्ल्ड कप जीता?
2. 'हैरी पॉटर' किसकी रचना है?
3. भारत के वर्तमान रेलमंत्री कौन हैं?
4. रामकृष्ण मिशन की स्थापना किसने की थी?
5. मानव शरीर की सबसे छोटी अस्थि (बोन) का नाम क्या है?
6. गुरुत्वाकर्षण की खोज किस वैज्ञानिक ने की थी?
7. भारत के पहले फील्ड मार्शल कौन थे?
8. सौरमंडल के किस ग्रह को 'लाल ग्रह' भी कहा जाता है?
9. नमक का रासायनिक नाम क्या है?
10. हाइड्रोजन की खोज किसने की थी?



**बच्चो, जीके क्विज-192 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-191 का उत्तरः** 1.निर्मला सीतारमण, 2.कलिंगा लांसर्स, 3.सुभाष चंद्र बोस, 4.पीवी सिंधु, 5.साइरस, 6.अजमेर और दिल्ली, 7.आर.के. षणमुखम चेट्टी, 8.बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय, 9. प्लेटिनम, 10.ओडिशा

**जीके क्विज-191 का सही उत्तर देने वालेः** सतीश-रायपुर, आरसी-कोरबा, आदित्य-मुंगेली, श्रेया-गैसाबाद, कबीर-हिसार, विशाल-रोहतक, राजेश-रायपुर, पंकज-बिलासपुर, पल्लवी-बलौदा बाजार, हर्षित-महासमुंद, चंदन-रायगढ़



कहानी
हरीश कुमार अमित

परीक्षाएं क्या पास आईं, शशांक खेलना-कूदना बंद करके दिन-रात पढ़ाई में जुट गया। उसके दादा जी को इस तरह हमेशा पढ़ाई करते रहना सही नहीं लगा। एक दिन दादा जी ने शशांक को जो बातें समझाईं, अच्छे नंबर लाने के लिए, ये बातें हर बच्चे को जाननी चाहिए, तुम भी जानो।

# परीक्षा का तनाव



एआई इमेज

परीक्षा करीब आने से शशांक बड़े तनाव में था। कुछ दिनों बाद ही उसकी वार्षिक परीक्षाएं, जो शुरू होने वाली थीं। परीक्षा की तैयारी के लिए उसके स्कूल में छुट्टियां घोषित कर दी गई थीं। शशांक पढ़ने में होशियार था। हमेशा अच्छे अंक लाता था। उसके तनाव का कारण यह डर था कि कहीं इस बार उसके अंक कम न आ जाएं। परीक्षा में अच्छे अंक लाने के लिए वह सारा दिन पढ़ाई करता रहता। ज्यादा पढ़ाई करने के लिए उसने अपनी नींद भी कुछ कम कर दी थी।

एक दिन दोपहर के समय शशांक पढ़ाई कर रहा था कि तभी उसके होम टाऊन से दादा जी आ गए। साल में एक-दो बार वह कुछ दिनों के लिए शशांक के पास जरूर आ जाया करते हैं। दादा जी का साथ उसे बहुत भाता है। उनसे शशांक का दोस्त जैसा रिश्ता है।

शाम को दादा जी पार्क में सैर करने के लिए जाने लगे तो उन्होंने शशांक से पूछा, 'बेटा, क्या आज तुम्हें अपने दोस्तों के साथ खेलने नहीं जाना?'

'नहीं दादा जी, मुझे परीक्षा की तैयारी करनी है न, इसलिए इन दिनों शाम को दोस्तों के साथ खेलने के लिए नहीं जा रहा हूं।'

दादा जी सैर करके वापस आए, तो उन्होंने देखा कि शशांक अब भी अपनी किताब लिए बैठा है। यह देखकर उन्होंने हैरानी से पूछा, 'अरे बेटा, क्या बात है? तुम शाम को टीवी नहीं देख रहे? तुम तो शाम को टीवी देखा करते थे।'

'दादा जी, परीक्षाएं आने वाली हैं न, इसलिए इन दिनों टीवी देखना भी बंद है।' शशांक का जवाब सुनकर दादा जी चुप रहे, कुछ बोले नहीं। रात का खाना खाने के बाद दादा जी घर में ही थोड़ी देर टहलते जरूर हैं। उन्होंने शशांक को भी अपने साथ टहलने के लिए कहा, लेकिन उसने यह कहते हुए टहलने से मना कर दिया कि पढ़ाई करनी है, परीक्षाएं करीब हैं।

दादा जी हमेशा शशांक के कमरे में ही सोते हैं। रात को शशांक काफी देर बिस्तर पर ही बैठकर पढ़ाई करता रहा और फिर पढ़ते-पढ़ते ही सो गया। आधी रात को जब दादा जी की नींद खुली तो उन्होंने उठकर ट्यूबलाइट बंद की।

शशांक ने सुबह पांच बजे उठकर पढ़ने के लिए अलार्म लगाया हुआ था। सुबह जब अलार्म बजा तो वह बड़ी मुश्किल से उठ पाया। उसकी आंखों में नींद भरी थी। रात को देर से सोने के कारण वह ठीक तरह से पढ़ नहीं पा रहा था। बीच-बीच में उसे झपकी आ जाती।

छह बजे सैर करने जाते समय दादा जी ने शशांक से कहा कि वह भी थोड़ी देर सैर करने चले, लेकिन वह बोला, 'दादा जी, अब मुझे नींद आ रही है। मैं थोड़ी देर सोऊंगा।' दादा जी सैर करके घर वापस आए तब भी शशांक सो रहा था। वह तभी उठा जब मम्मी ने उससे कहा कि वह नाश्ता बनाने जा रही हैं, अब वह उठ जाए।

नाश्ता करने के बाद दादा जी ने शशांक को अपने पास बुलाया और बोले, 'बेटा, तुम परीक्षा की तैयारी के लिए मेहनत तो बहुत कर रहे हो, लेकिन अगर तुम कुछ बातों का ध्यान रखोगे तो इससे तुम्हें दो फायदे होंगे। एक तो तुम्हारी तैयारी और बढ़िया होगी और दूसरा, तुम्हें जो यह परीक्षा का डर सता रहा है, वह भी कम हो जाएगा।'

शशांक बड़े ध्यान से दादा जी की बात सुन रहा था। दादा जी आगे बोले, 'देखो बेटा, एक तो सारा दिन किताबें लेकर बैठने की बजाय बीच-बीच में थोड़ा ब्रेक ले लिया करो। थोड़ी देर दोस्तों के साथ खेलो, थोड़ी देर टीवी देखो, थोड़ी देर घर के लोगों से बातचीत करो। इसके अलावा इन दिनों अपनी नींद में भी कमी करने की जरूरत बिल्कुल नहीं है। पूरी नींद लो।'

'जी, दादा जी।' शशांक ने हामी भरी। 'इन बातों का ध्यान रखोगे तो इससे तुम्हारा दिमाग तरोताजा रहेगा, याद भी अच्छी तरह होगा और परीक्षा की ओर अच्छी तैयारी कर पाओगे। परीक्षा का डर भी तुम्हें कम लगेगा।' दादा जी ने शशांक को समझाया।

'मैं समझ गया, दादा जी।' शशांक कहने लगा। दादा जी की इन बातों का पालन शशांक ने उसी दिन से करना शुरू कर दिया। परीक्षाओं से लगने वाला उसका डर-तनाव कम हो गया था। अब वह शांत मन से और अच्छी तरह पढ़ाई कर पा रहा था।

कुछ दिनों बाद जब उसका परीक्षा परिणाम आया, तो उसके अंक उसकी उम्मीद से बहुत ज्यादा अच्छे थे। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## समझदारी सिखाती प्यारी कहानियां

बच्चो, अभी कुछ समय पहले ही एक बालकथा संग्रह 'दिन में सौ चांद' छपकर आया है। इसमें कुल पंद्रह कहानियां हैं। इनमें से अधिकतर कहानियों के पात्र पशु-पक्षी हैं। इन कहानियों को पढ़कर तुम्हारा मनोरंजन तो होगा ही, इनसे तुम्हारे भीतर समझदारी भी विकसित होगी।


'दिन में सौ चांद' कहानी में तुम पढ़ोगे कि किस तरह चतुर खरगोश, शेर को दिन में सौ चांद दिखाकर अपनी बात सही साबित कर देता है। सोनू, मोनू बकरियों और जंगू भेड़िए की कहानी 'सोनू की चालाकी' पढ़कर तुम सीख सकते हो कि अगर मुसीबत में भी धीरज और बुद्धि से काम लिया जाए तो मुसीबत से पार पाया जा सकता है। कुछ पक्षियों और एक सांप की कहानी 'हम अच्छे बने रहेंगे' यह सिखाती है कि अगर कोई हमारे साथ अच्छा व्यवहार न करे तो भी हमें अपना व्यवहार अच्छा ही रखना चाहिए। हमारा रूप-रंग कितना भी अच्छा क्यों न हो अगर हम परिश्रम नहीं करेंगे तो हमारा सम्मान नहीं होगा, यह सीख 'मेहनत का सम्मान' कहानी देती है। एक मछली और एक चिड़िया की दोस्ती की प्यारी सी कहानी है 'सोनचिड़ी और सोन मछली', जिसमें तुम पढ़ोगे कि सच्चा दोस्त वही होता है, जो मुसीबत में अपने दोस्त का साथ नहीं छोड़ता। इसी तरह 'सवाल का बवाल' कहानी पढ़कर तुम अपनी हंसी नहीं रोक पाओगे। कई रंगों की कहानियों से सजी यह किताब तुमको जरूर पसंद आएगी। *




**किताबः** दिन में सौ चांद (कहानी संग्रह),
**लेखकः** गोविंद शर्मा, **मूल्यः** 175 रुपए,
**प्रकाशकः** साहित्यागार, जयपुर

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां पपी हाउस के बाहर बैठे एक क्यूट से पपी के दो चित्र दिए हैं। एक जैसे दिखने वाले इन चित्रों में पांच अंतर हैं। तुम तीन मिनट में सभी पांच अंतर ढूंढ कर बताओ।





**उत्तरः** 1.पपी हाउस के ऊपर बाईं तरफ पेड़ की टहनी में एक पत्ती कम है। 2.पीछे बाईं तरफ शैडो कम दिख रही है। 3.पपी के बाएं पैर के ऊपर ब्राउन स्पॉट है। 4.पपी हाऊस में ऊपर दाईं तरफ चिमनी बनी हुई है। 5.नीचे दाईं तरफ पत्तियों का रंग अलग है।

## रास्ता बताओ

बच्चो, यहां दिए गए चित्र में हिरण के एक भूखे बच्चे को घास तक पहुंचना है। लेकिन वहां तक पहुंचने का रास्ता जरा टेढ़ा-मेढ़ा है। तुम हिरण के बच्चे को घास तक पहुंचने का सही रास्ता बताओ, ताकि वह घास खाकर अपनी भूख मिटा सके।








## इशान, पंड्या और चक्रवर्ती चमके, नामीबिया को 93 रन से रौंदा

# भारत ने रचा इतिहास, टी-20 विश्व कप में दर्ज की अपनी सबसे बड़ी जीत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सलामी बल्लेबाज इशान किशन और हार्दिक पंड्या के तूफानी अर्धशतक के बाद वरुण चक्रवर्ती के फिरकी के जादू से भारत ने आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप ए के एकतरफा मैच में बृहस्पतिवार को यहां नामीबिया को 93 रन से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। टी-20 विश्व कप में यह रनों के लिहाज से भारत की सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले भारत ने 2012 के संस्करण में इंग्लैंड को 90 रन से हराया था।

दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए मैच में इशान (61 रन, 24 गेंद, पांच छक्के, छह चौके) और पंड्या (52 रन, 28 गेंद, चार छक्के, चार चौके) के अर्धशतक से भारत ने नौ विकेट पर 209 रन बनाए। जिसके जवाब में नामीबिया की टीम चक्रवर्ती (सात रन पर तीन विकेट), (21 रन पर दो विकेट) और अक्षर पटेल (20 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 18.2 ओवर में 116 रन पर सिमट गई।



### ईशान किशन ने रचा इतिहास

पारी की शुरुआत करने आए किशन ने 24 गेंदों में 61 रन बनाए। वह टी-20 विश्व कप के इतिहास में अर्धशतक लगाने वाले पहले भारतीय विकेटकीपर बने। बता दें कि टी-20 विश्व कप 2007 में महेंद्र सिंह धोनी ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 45 रन की पारी खेली थी। 2024 में खेले गए पिछले संस्करण में ऋषभ पंत ने पाकिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाफ 42 रन बनाए थे।

### पांड्या का ऑलराउंड प्रदर्शन बने प्लेयर ऑफ द मैच

भारत ने जब 120 रन के स्कोर पर अपना तीसरा विकेट खोया, तब पांड्या क्रीज पर आए। उन्होंने नामीबिया की कम अनुभवी गेंदबाजी के सामने आकर्षक शॉट लगाए। अरुण जेटली स्टेडियम में भारतीय ऑलराउंडर ने 27 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया। वह 28 गेंदों में 52 रन बनाकर आउट हुए। अपनी अर्धशतकीय पारी में उन्होंने 4 चौके और इतने ही छक्के भी लगाए। गेंदबाजी में उन्होंने 21 रन देते हुए 2 विकेट लिए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

### इस तरह से जीती भारतीय टीम

भारत को संजू सैमसन (22) और किशन (61) ने आक्रामक शुरुआत दिलाई। इसके बाद तिलक वर्मा (25), शिवम दुबे (23) और पांड्या (52) ने मिलकर टीम का स्कोर 200 के पार पहुंचाया। नामीबिया के कप्तान गेरहार्ड इरास्मस ने 4 विकेट लिए। चुनौतीपूर्ण लक्ष्य का पीछा करते हुए नामीबिया के लौरेन स्टीनकैंप (29) और जान फ्राइलिंक (22) ने सधी हुई शुरुआत दिलाई। इसके बाद निरंतर गिर रहे विकेटों के बीच नामीबिया की टीम लक्ष्य हासिल नहीं कर सकी।

### स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| इशान का शिकोंगो बो इरास्मस | 61 | 24 | 6 | 5 |
| सैमसन का स्टीनकैंप बो शिकोंगो | 22 | 08 | 1 | 3 |
| तिलक वर्मा का स्मिट बो इरास्मस | 25 | 21 | 3 | 0 |
| सूर्यकुमार स्टं ग्रीन बो स्कोल्ट्ज | 12 | 13 | 0 | 1 |
| हार्दिक पंड्या का स्था. बो इरास्मस | 52 | 28 | 4 | 4 |
| शिवम दुबे रन आउट | 23 | 16 | 1 | 1 |
| रिंकू सिंह का इरास्मस बो स्मिट | 01 | 06 | 0 | 0 |
| अक्षर पटेल बो इरास्मस | 00 | 01 | 0 | 0 |
| वरुण चक्रवर्ती नाबाद | 01 | 01 | 0 | 0 |
| अर्शदीप सिंह रन आउट | 02 | 02 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 10, कुल: 20 ओवर में 209/9 रन
गेंदबाजी: ट्रंपलमैन 4-0-38-0, शिकोंगो 3-0-41-1, स्मिट 4-0-50-1, हेइंगो 1-0-18-0, इरास्मस 4-0-20-4, स्कोल्ट्ज 4-0-41-1 4-0-38-1.

| नामीबिया | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| लॉरेन स्टीनकैंप बो चक्रवर्ती | 29 | 20 | 3 | 1 |
| जेन फ्राइलिंक का दुबे बो अर्शदीप | 22 | 15 | 3 | 1 |
| जेन निकोल का अक्षर को चक्रवर्ती | 13 | 13 | 1 | 0 |
| गेरहार्ड इरास्मस का तिलक बो अक्षर | 18 | 11 | 0 | 2 |
| जेजे स्मिट बो चक्रवर्ती | 00 | 02 | 0 | 0 |
| जेन ग्रीन हिट विकेट दुबे | 11 | 19 | 0 | 0 |
| मलान क्रूगर का बुमराह बो अक्षर | 05 | 10 | 1 | 0 |
| रूबेन ट्रंपलमैन बो बुमराह | 06 | 16 | 0 | 0 |
| बर्नार्ड स्कोल्ट्ज का अक्षर बो पंड्या | 04 | 04 | 1 | 0 |
| बेन शिकोंगो पगबधा बो पंड्या | 00 | 01 | 0 | 0 |
| मैक्स हेइंगो नाबाद | 00 | 02 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 08, कुल:18.2 ओवर में 116/10 रन
गेंदबाजी: पंड्या 4-0-21-2, अर्शदीप 3-0-36-1, दुबे 2.2-0-11-1 बुमराह 4-0-20-1, चक्रवर्ती 2-0-7-3, अक्षर 3-1-20-2

## श्रीलंका ने ओमान को 105 रनों से हराया



**पल्लीकल।** टी-20 विश्व कप 2026 के 16वें मुकाबले में श्रीलंका क्रिकेट टीम ने ओमान क्रिकेट टीम को 105 रनों से हरा दिया। ये टी-20 विश्व कप के इतिहास में श्रीलंका की रनों के लिहाज से मिली दूसरी सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले उसने साल 2007 में केन्या क्रिकेट टीम को 172 रन से हराया था। नीदरलैंड क्रिकेट टीम को श्रीलंका 2024 के विश्व कप में 83 रन से हरा चुकी है। ओमान ने मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। उनका ये फैसला गलत साबित हुआ। श्रीलंका के लिए पवन रत्नायके (60), कुसल मेंडिस (61) और दासुन शनाका (50) ने शानदार अर्धशतकीय पारी खेली और 225/5 का पहाड़ जैसा स्कोर खड़ा कर दिया। जवाब में ओमान के लिए कोई भी बल्लेबाज मैच जिताऊ पारी नहीं खेल पाया। मोहम्मद नदीम ने सबसे ज्यादा 53 रन बनाए। ओमान की पूरी टीम 120/9 का स्कोर ही बना पाई।

### मेंडिस 2,500 रन पूरे करने वाले श्रीलंका के पहले बल्लेबाज बने

मेंडिस ने 45 गेंदों का सामना किया और 61 रन बनाए। उनके बल्ले से 7 चौके निकले और उनकी स्ट्राइक रेट 135.56 की रही। इस पारी के दौरान उन्होंने टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने 2,500 रन भी पूरे कर लिए। वह ऐसा करने वाले श्रीलंका के पहले बल्लेबाज बने हैं। इस प्रारूप में 2,000 से ज्यादा रन बनाने वाले अन्य श्रीलंकाई बल्लेबाज केवल पथुम निसांका और कुसल परेरा हैं। मेंडिस के बल्ले से 102 पारियों में 2,542 रन निकले हैं।

## टी-20 विश्व कप इतिहास में इटली ने दर्ज की अपनी पहली जीत, नेपाल को दी शिकस्त



**मुंबई।** टी-20 विश्व कप 2026 के 17वें मैच में इटली क्रिकेट टीम ने नेपाल क्रिकेट टीम को 10 विकेट से हराते हुए अपनी पहली जीत दर्ज की। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में हुए मुकाबले में नेपाल की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.3 ओवर में सभी विकेट खोकर 123 रन बनाए। जवाब में इटली की टीम ने 13वें और में लक्ष्य हासिल किया। मोस्का बंधुओं ने शतकीय साझेदारी करते हुए इतिहास रच दिया। दरअसल, यह टी-20 विश्व कप के इतिहास में 2 भाइयों द्वारा बनाई गई पहली शतकीय साझेदारी है।

**जस्टिन और एंथनी ने लगाए अर्धशतक**

लक्ष्य का पीछा करते हुए जस्टिन मोस्का और एंथनी मोस्का ने अपने-अपने अर्धशतक लगाए। बाएं हाथ के बल्लेबाज जस्टिन ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय का अपना चौथा अर्धशतक 37 गेंदों में पूरा किया।

### इटली ने आसानी से जीता मैच

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए नेपाल ने 49 रन तक अपने 3 विकेट गंवाए। इसके बाद भी नेपाल के विकेटों के गिरने का क्रम जारी रहा। इस बीच आरिफ शेख ने सर्वाधिक 27 रन बनाए। अंत में करन केसी ने 11 गेंदों में 18 रन का योगदान देते हुए टीम का स्कोर 100 के पार पहुंचाया। जवाब में इटली को जस्टिन मोस्का (61*) और एंथनी मोस्का (61*) ने अर्धशतक लगते हुए जीत दिलाई।

### क्रिशन ने लिए 3 विकेट

इटली की ओर से क्रिशन कलुगामागे सबसे सफल गेंदबाज रहे। इस स्पिनर ने अपने 4 ओवर के कोटे में 18 रन देते हुए 3 विकेट लिए।अपने टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर में उन्होंने 20 पारियों में 17.95 की औसत और 6.46 की इकॉनमी रेट के साथ 23 विकेट लिए। दाएं हाथ के ऑफ स्पिनर बेन मानेंटी ने बेहद किफायती गेंदबाजी की। उन्होंने 4 ओवर में सिर्फ 9 रन देते हुए 2 विकेट चटकाए।

### मोस्का बंधुओं ने साझेदारी में बनाया विश्व रिकॉर्ड

मोस्का बंधुओं ने शतकीय साझेदारी करते हुए इतिहास रच दिया। दरअसल, यह टी-20 विश्व कप के इतिहास में 2 भाइयों द्वारा बनाई गई पहली शतकीय साझेदारी है। इससे पहले कामरान अकमल और उमर अकमल की भाइयों की जोड़ी ने 2014 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 96 रन की साझेदारी की थी। इस सूची में तीसरे पायदान पर इटली के बेंजामिन मनेन्टी और हैरी मनेन्टी ने स्कॉटलैंड (2026) के खिलाफ 73 रन की साझेदारी की थी।

## खबर संक्षेप




### खेलो इंडिया का दूसरा चरण 23 से गुलमर्ग में

**नई दिल्ली।** खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों का दूसरा चरण 23 से 26 फरवरी तक गुलमर्ग में खेला जायेगा जिसमें करीब 400 खिलाड़ी भाग लेंगे। खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि पहला चरण 20 से 26 जनवरी के बीच लद्दाख में खेला गया था । मांडविया ने कहा लेह में पहला चरण काफी कामयाब रहा था जिसमें फिगर स्केटिंग को शामिल किया गया था। गुलमर्ग में चार पदक खेलों स्की पर्वतारोहण, अल्पाइन स्कीइंग, नोर्डिक स्कीइंग (क्रॉसकंट्री) और स्नोबोर्डिंग की स्पर्धायें होंगी। पिछली बार भारतीय सेना ने सर्वाधिक 18 पदक जीते थे जबकि हिमाचल प्रदेश दूसरे, लद्दाख, महाराष्ट्र और तमिलनाडु तीसरे स्थान पर रहे थे।

### बैसोया ने छह अंडर 64 स्कोर के साथ बढ़त बनाई

**नई दिल्ली।** हनी बैसोया ने छह अंडर 64 स्कोर करके डीपी वर्ल्ड प्लेयर्स गोल्फ चैम्पियनशिप के तीसरे दौर के बाद पांच शॉट की बढत बना ली। कुतुब गोल्फ कोर्स पर चल रहे टूर्नामेंट में कल दूसरे स्थान पर काबिज बैसोया ने सात बर्डी लगाये और एक बोगी किया। उनका कुल स्कोर 18 अंडर 192 है। सात बार डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई पर खिताब जीत चुके 29 वर्ष के बैसोया ने पांच साल से कोई खिताब नहीं जीता है।



### अफगान के खिलाड़ियों ने पीएसएल नीलामी से लिए नाम वापस

**कराची।** अफगानिस्तान के खिलाड़ियों ने पीएसएल के 11वें चरण से पहले हुई खिलाड़ियों की नीलामी से अपने नाम वापस ले लिए। एक फ्रेंचाइजी के मालिक ने शुरू में पुष्टि की थी कि मुजीबुर रहमान, सेद्दीकुल्लाह अटल, मुहम्मद नबी, वकार सलामखेल, फजल हक फारूकी ने बुधवार को लाहौर में हुई नीलामी के लिए पंजीयन कराया था लेकिन पेशावर जाल्मी द्वारा अफगानिस्तान के सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज से सीधा करार करने पर हुए विरोध के बाद उन्होंने अपने नाम वापस ले लिए।

### मेस्सी चोटिल, इंटर मियामी के पहले मैच में खेलना संदिग्ध



**फोर्ट लॉडरडेल।** स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी की बायीं हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आ गया है जिसके कारण उनका इंटर मियामी की तरफ से एमएलएस कप में 21 फरवरी को एलएएफसी के खिलाफ होने वाले सत्र के पहले मैच में खेलना संदिग्ध है। एमएलएस के लगातार दो बार के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी मेस्सी ने पिछले सप्ताहांत इक्वाडोर में सत्र से पहले खेले गए मैच में एक गोल किया, लेकिन दूसरे हाफ के लगभग 12 मिनट बाद उन्हें संभवतः हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण मैदान छोड़ना पड़ा था।

## भारत का मुकाबला जापान, ऑस्ट्रेलिया, लेबनान से

अंडर-17 महिला एशिया कप



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत को चीन में होने वाले एएफसी अंडर-17 महिला एशिया कप फुटबॉल टूर्नामेंट के लिए चार बार के चैंपियन जापान, ऑस्ट्रेलिया और लेबनान के साथ ग्रुप बी में रखा गया है। किर्गिज़ गणराज्य और उज्बेकिस्तान को हराकर 21 वर्षों में पहली बार एएफसी अंडर-17 महिला एशिया कप के लिए क्वालीफाई करने वाली भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी, जिसके बाद वह जापान और लेबनान का सामना करेगी।

चीन में यह टूर्नामेंट एक से 17 मई तक सूज़ौ शहर में सूज़ौ स्पोर्ट्स सेंटर स्टेडियम और सूज़ौ ताइहू फुटबॉल स्पोर्ट्स सेंटर में आयोजित किया जाएगा।

### ग्रुप ए और सी में ये देश शामिल

मेजबान चीन को थाईलैंड, वियतनाम और म्यांमार के साथ ग्रुप ए में रखा गया है। ग्रुप सी में उत्तर कोरिया, कोरिया गणराज्य, फिलीपींस और चीनी ताइपे शामिल हैं। प्रत्येक ग्रुप की शीर्ष दो टीमें तथा तीसरे स्थान पर रहने वाली सर्वश्रेष्ठ दो टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंचेंगी।

## जिम्बाब्वे से मुकाबला आज, ऑस्ट्रेलिया के सामने जीत की लय बनाए रखना चुनौती

एजेंसी ▶▶| कोलंबो

टी-20 विश्व कप 2026 के 19वें मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम का सामना जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम से होगा। जहां कंगारू टीम की नजर जीत की लय बरकरार रखने पर होगी, तो वहीं जिम्बाब्वे 18 साल पुराने इतिहास को दोहराने के इरादे से मैदान में उतरेगा। टी-20 विश्व कप में आखिरी बार जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया को साल 2007 में हराया था, जब उसे 5 विकेट से यादगार जीत मिली थी। ऑस्ट्रेलिया और जिम्बाब्वे के बीच यह मैच कोलंबो के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में 13 फरवरी को सुबह 11 बजे से खेला जाएगा। जिम्बाब्वे और ऑस्ट्रेलिया के बीच 3 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले हुए हैं।



### टीमें इस प्रकार हैं

**ऑस्ट्रेलिया एकादश :** ट्रेविस हेड (कप्तान), जोश इंग्लिस (विकेटकीपर), कैमरून ग्रीन, मैट रेनशॉ, कूपर कॉनॉली, ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टोइनिस, नाथन एलिस, जेवियर बार्टलेट, मैथ्यू कुहनेमैन और एडम जैम्पा।

**जिम्बाब्वे एकादश:** ब्रायन बेनेट, ताडिवानाशे मारुमानी, डियोन मायर्स, ब्रेंडन टेलर (विकेटकीपर), सिकंदर रजा (कप्तान), रायन बर्ल, ताशिंगा मुसेकिवा, ब्रैड इवांस, वेलिंगटन मसाकाद्ज़ा, रिचर्ड नगारावा और ब्लेसिंग मुजरबानी।

## मोहम्मद नबी पर अंपायर का फैसला न मानने पर लगा जुर्माना

**अहमदाबाद।** टी-20 विश्व कप 2026 में अफगानिस्तान क्रिकेट टीम को अपने दूसरे मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। इस शिकस्त के बाद अफगान टीम के लिए एक और बुरी खबर है। दरअसल, अफगानिस्तान के प्रमुख ऑलराउंडर मोहम्मद नबी पर मैच के दौरान अंपायर का फैसला न मानने के लिए जुर्माना लगाया गया है।

**OFFICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION, BHOPAL (M.P.)**
**ZONE NO. 10**
**Notice Inviting e-Tenders**

N.I.T. NO.: 42/ES/BMC/2026 DATED: 09.02.2026

Online percentage / item rate bids for the following works are invited from registered contractors and firms of repute fulfilling registration criteria:-

| S.N | Tender ID | Name of Work | Probable Amount of Contract (Rs.in lakh) | Earnest Money Deposit (EMD)(In Rs) | Cost of Bid Document (In Rs) | Period of Completion (in Months) | SOR |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026 _UAD_ 473448_2 | FANCING WORK AT OPEN AREA NEAR BY I TYPE COLONY ISHWAR NAGAR WARD 50 ZONE 10 | 417964.00 | 4180.00 | 2,000/- | 06 months | MPUADD ISSR 2021 |
| 2. | 2026_UAD _473624_2 | CONSTRUCTION OF CC ROAD AT BDA COLONY NEAR BY ISHWAR NAGAR WARD 50 ZONE 10 (MIC FUND GAD) | 969,662.30 | 9697.00 | 2,000/- | 06 months | MPUADD ISSR 2021 |

1. Interested bidders can view the NIT on website https://www.mptenders.gov.in/
2. Amendments to NIT, if any, would be published on website https://www.mptenders.gov.in/ only, and not in newspaper.

Assistant Engineer
Municipal Corporation Bhopal
District Bhopal

T.N. 3130/025/026

**कार्यालय कलेक्टर (जनजातीय कार्य विभाग) नर्मदापुरम**

क्रमांक/आ.वि./नि. 2026/ नर्मदापुरम दिनांक..................
TRD/1/0007/2026-O/oTRIB-NDPM-COLL क्रमांक : 1148/2026/NDPM-COLL

:: ई-निविदा विज्ञप्ति ::

निविदा आमंत्रण सूचना (आन लाईन ई-निविदा प्रथम आमंत्रण)

म.प्र. के राज्यपाल की ओर से जिले में संचालित छात्रावासो/आश्रमों/शैक्षणिक संस्थाओं में सुद्दणीकरण कार्यो मरम्मत कार्यों हेतु आनलाईन प्रतिशत दर निविदायें फार्म "ए" पर लोक निर्माण विभाग की केंद्रीयकृत प्रणाली में समतुल्य/सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न तालिका में अंकित निर्माण कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग की भवन निर्माण एवं विद्युत कार्य हेतु प्रचलित दर सूची दिनांक 01.01.2024 से प्रचलित प्रभावशील पर कार्यालय सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग नर्मदापुरम म.प्र. द्वारा ऑनलाईन पध्दति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | ई-टेण्डर क्रमांक | कार्य का विवरण | ठेके की अनुमानित लागत (लाखों में) | अमानत राशि (रु. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में) | कार्य पूर्णता अवधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_ TAD_ 481165 | जिले के विकासखण्ड केसला अंतर्गत संचालित अनुसूचित जाति / जनजाति के छात्रावासो / आश्रमों एवं शैक्षणिक संस्थाओं / आवासीय विद्यालयों में विभाग व्दारा प्रदाय विभिन्न मद अंतर्गत वार्षिक मरम्मत कार्य, सुद्दणीकरण, कार्य अनुरक्षण कार्य, लघु निर्माण कार्य (बाउन्ड्रीवाल निर्माण कार्य, अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य, शौचालय एवं स्नानागार निर्माण कार्य नलकूप खनन कार्य) अन्य कार्य | 150/- | 1,50,000/- | 12,500/- | 365 दिवस | 'स' श्रेणी से ठेकेदार या उससे ऊपर |

उपरोक्त कार्य के निविदा प्रपत्र (टेंडर डाक्यूमेंट) https.//www.mptenders.gov.in पर आनलाईन भुगतान कर कय एवं प्रस्तुत किए जा सकेगें। निविदा प्रपत्र क्रय एवं जमा करने की अंतिम तिथि 21.02.2026 सांय 6.00 बजे तक निर्धारित है। विस्तृत सूचना व जानकारी बेबसाईट पर देखी जा सकती ।

सहायक आयुक्त
जनजातीय कार्य नर्मदापुरम

G-25729/25 " स्वच्छता ही सेवा "

**संचालनालय**
**खेल और युवा कल्याण**
टी.टी. नगर स्टेडियम, भोपाल, मध्यप्रदेश

**ई-निविदा सूचना**

संचालनालय खेल और युवा कल्याण, मध्यप्रदेश द्वारा **''समय-समय पर आयोजित विभागीय कार्यक्रमों, आयोजनों हेतु फ्लॉवर डेकोरेशन, स्टेज सजावट व्यवस्था आदि हेतु राउंड फ्लॉवर पाट, वोट शेप फ्लॉवर पाट, पोडियम सजावट, रेलिंग सजावट, गेट सजावट, मंच सजावट, हॉल सजावट, स्वागत बुके, स्वागत माला, रोज बड्स, गुलाब की पंखुड़ियां, पुरस्कार के साथ खिलाड़ियों को दिये जाने वाले पुष्प गुच्छ, दीप, स्टेण्ड सजावट एवं रंगोली आदि कार्य हेतु''** ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र व निविदा की विस्तृत शर्तें **www.mptenders.gov.in** पर उपलब्ध है। ई-निविदा प्रकाशन उपरांत निविदा में कोई संशोधन व परिवर्तन किया जाता है तो वह मात्र उपरोक्त उल्लेखित ई-टेण्डर पोर्टल पर ही उपलब्ध रहेगा।

म.प्र. माध्यम/124446/2026 **संचालक**

**माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय**
**माखनपुरम परिसर, म.प्र. राज्य शूटिंग अकादमी के पास बिसनखेड़ी, भोपाल-462044 (म.प्र.), फोन नंबर 0755-2552574**

**विश्वविद्यालय में किराये पर फोटोकॉपी मशीन लगाने हेतु निविदा**

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल बिसनखेड़ी परिसर में किराये पर फोटोकॉपी मशीन लगाने हेतु एक वर्ष के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र, शर्तें एवं विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.mcu.ac.in** से डाउनलोड की जा सकती है या विश्वविद्यालय के बिशनखेड़ी परिसर स्थित भण्डार शाखा से प्राप्त की जा सकती है।

निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. 1180/- (रुपये एक हजार एक सौ अस्सी मात्र) 18 प्रतिशत जीएसटी सहित तथा सुरक्षा निधि राशि रु. 25,000/- (रुपये पच्चीस हजार) मात्र हैं। निविदाएं निर्धारित समय सीमा में भण्डार शाखा में जमा करने पर मान्य होंगी। निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होने की स्थिति में संशोधन की जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर दी जाएगी। निविदा जमा करने की **अंतिम तिथि 27.02.2026 अपरान्ह 3.00 बजे** एवं खोलने की तिथि 27.02.2026 अपरान्ह 4.00 बजे निर्धारित है।

म.प्र. माध्यम/124452/2026 **कुलसचिव**

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं उप वनमंडलाधिकारी उपवनमंडल (उत्पादन) सीहोर**

E-Mail : sdofpseh@mp.gov.in

क्रमांक/47 सीहोर, दिनांक 05/02/2026

:: विज्ञप्ति ::

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वन अपराध प्रकरण में निम्नानुसार वाहन अवैध सागौन इमारती वनोपज परिवहन करते हुए मध्य प्रदेश वनोपज व्यापार विनियमन अधिनियम 1969 की धारा 5(1)15,16 भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 52,41 के अन्तर्गत जप्त किये गये हैं। कुछ प्रकरणों में वाहन मालिकों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के उपरान्त भी वे उपस्थित नही हो रहे हैं। प्रकरण ज्ञात/अज्ञात में पंजीबद्ध हुये हैं। अतः विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर प्राधिकृत अधिकारी एवं उपवनमंडलाधिकारी उपवनमंडल (उत्पादन) सीहोर के कार्यालय में उपस्थित होकर जप्त वाहनों में हित/हक रखने वाले अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यया प्रकरण में जप्त वाहनों को राजसात करने की एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी, प्रकरण का विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र. | परिक्षेत्र का नाम | वन अपराध प्रकरण क्रमाक / दिनांक | वाहन का विवरण | वाहन का पंजीयन क्रमांक | वाहन मालिक /आरोपी का नाम/पता | अपराध का प्रकार | जप्ती स्थल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | इछावर | 42249/20 22.01.2026 | वाहन मारूति 800 कार। | MP04 HA 2453 | अज्ञात | सागौन इमारती चरपट का अवैध परिवहन | बीट नादान कक्ष क्रमांक आर. एफ. 280 मंडलगढ़ से नादान के रास्ते पर वाहन मारूति 800 कार द्वारा सागौन इमारती चरपट का अवैध रूप से परिवहन करते हुए जप्त। |
| 2 | आष्टा | 42706/13 27.01.2026 | मोटर साइकिल हीरो होण्डा स्पलेण्डर प्लस काला रंग। | MP37 B 4468 | अज्ञात | सागौन इमारती चरपट का अवैध परिवहन | ग्राम नौगाँव से मोटर साइकिल हीरो होण्डा स्पलेण्डर प्लस काला रंग द्वारा सागौन इमारती चरपट का अवैध रूप से परिवहन करते हुए जप्त। |

(राजेश शर्मा)
प्राधिकृत अधिकारी /
उपवनमंडलाधिकारी (सा.) सीहोर

G-25741/25 " स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता "




## छह साल पहले बनी स्मार्ट पार्किंग सुविधाएं अब बदहाल, करोड़ों रुपए की योजना पर उठ रहे सवाल

# ये है नगर निगम की स्मार्ट पार्किंग... एंट्री बूथ के अंदर सूख रहे अंडरवियर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में करीब छह वर्ष पहले शुरू की गई स्मार्ट पार्किंग योजना बदहाल हो चुकी है। संचालन में लापरवाही और निगरानी की कमी के कारण अधिकांश पार्किंग अब बंद पड़ी हैं या अव्यवस्थित ढंग से संचालित हो रही हैं। कई स्मार्ट पार्किंग में ये हाल है कि एंट्री बूथ में अंडरवियर और कपड़े सूखाए जा रहे हैं। कही अतिक्रमण है तो कही सीसीटीवी कैमरे गायब है।

बता दें कि शहर के विभिन्न स्थानों पर आधुनिक सुविधाओं से युक्त पार्किंग स्थल विकसित किए गए थे। उद्देश्य था कि ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारना और व्यवस्थित पार्किंग सुनिश्चित करना, लेकिन एमपी नगर में ही चार स्मार्ट पार्किंग टपरा वाला, झूमरवाला, केपी प्लाजा और शिवबार वर्तमान में से तीन बंद हैं। सिर्फ़ टपरा वाला पार्किंग शुरू है।


ये कैसी स्मार्ट पार्किंग है, जिसमें बैरियर ही नहीं हे।

### स्मार्ट सुविधाएं हुई फ्लॉप

बंद पार्किंग में लोग अपने वाहन खड़े करने को मजबूर हैं, लेकिन न तो वहां कोई शुल्क वसूली की व्यवस्था है और न ही सुरक्षा प्रबंधन। इससे वाहन चोरी और अव्यवस्था की आशंका बढ़ गई है। जोन-टू में केवल एक पार्किंग का संचालन किसी तरह जारी है, लेकिन वहां भी स्मार्ट सुविधाएं फेल हैं।

### 40 में से 22 पार्किंग के संचालन की प्रक्रिया अधर में

नगर निगम के आंकड़ों के अनुसार, शहर में कुल करीब 40 पार्किंग स्थल हैं। इनमें से 22 पार्किंग के संचालन की प्रक्रिया शुरू की गई है, लेकिन यह प्रक्रिया अभी तक पूरी नहीं हो सकी है। निगम कमिश्नर ने हाल ही में सभी पार्किंग को तुरंत चालू करने के निर्देश दिए थे। मगर एक माह बीत जाने के बाद भी जमीनी स्तर पर हालात में कोई खास सुधार नजर नहीं आ रहा।

### टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी

पार्किंग संचालन के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। जल्द ही व्यवस्थित संचालन शुरू किया जाएगा।

**प्रेम शंकर शुक्ला,** जनसंपर्क अधिकारी नगर निगम

## एमडी ड्रग्स व अवैध अफीम की खेती का भंडाफोड़

# राजगढ़ और नीमच में 21 करोड़ 97 लाख से अधिक के मादक पदार्थ जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश पुलिस ने प्रदेश में मादक पदार्थों के अवैध निर्माण, तस्करी और खेती के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत दो बड़ी कार्रवाइयों में 21 करोड़ 97 लाख रुपये से अधिक के मादक पदार्थ जब्त किए हैं। यह कार्रवाई राजगढ़ और नीमच जिलों में की गई. प्रदेश पुलिस द्वारा 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत नशे के अवैध कारोबार पर लगातार शिकंजा कसा जा रहा है।

### मप्र पुलिस की बड़ी कार्रवाई

दोनों कार्रवाइयों में 21.510 किलो ड्रग्स जब्त



### 9.76 क्विंटल अवैध अफीम के हरे पौधे जब्त

नीमच जिले की पुलिस चौकी जाट को 11 फरवरी को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम लुहारिया जाट में कपास की फसल की आड़ में अवैध अफीम की खेती की जा रही है। सूचना की पुष्टि तकनीकी साधनों और ड्रोन सर्चिंग के माध्यम से की गई। कार्रवाई के दौरान पुलिस टीम ने मौके से 11,600 नग हरे अफीम के पौधे (कुल वजन 9 क्विंटल 76 किलोग्राम) जब्त किए। बरामद पौधों की अनुमानित कीमत 97 लाख 60 हजार रुपये आंकी गई है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### राजगढ़: 21.510 किलोग्राम एमडी ड्रग्स बरामद, कीमत करीब 21 करोड़ रुपए

राजगढ़ जिले में पुलिस ने दो अलग-अलग कार्रवाइयों में बड़ी मात्रा में एमडी ड्रग्स जब्त की। थाना माचलपुर पुलिस ने 11 फरवरी को ग्राम माणा के पास से एक आरोपी को पकड़ा। पूछताछ में आरोपी ने ग्राम अरनिया स्थित अपने घर में एमडी ड्रग्स छिपाकर रखने की जानकारी दी। घर की तलाशी में किचन में रखे एक कार्टून से 10.160 किलोग्राम एमडी ड्रग्स बरामद की गई, जिसकी कीमत लगभग 10 करोड़ रुपये आंकी गई। इसके बाद आरोपी की निशानदेही पर सहआरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। उसने खेत में मादक पदार्थ छिपाकर रखने की जानकारी दी। पुलिस टीम ने सरसों के खेत में हरे रंग के कार्टून से 11.350 किलोग्राम एमडी ड्रग्स बरामद की। दोनों कार्रवाइयों में कुल 21.510 किलोग्राम एमडी ड्रग्स जब्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 21 करोड़ रुपये बताई गई है।

### 30 हजार के इनामी डायरेक्टर ऋषिकेश को नोएडा से दबोचा

**भोपाल।** मप्र एसटीएफ ने फर्जी फोरेक्स और क्रिप्टो निवेश घोटाले में गैर-पंजीकृत कंपनियों से जुड़े मामले में फरार चल रहे डायरेक्टर ऋषिकेश राय को नोएडा से गिरफ्तार कर लिया है। 3 आरोपी पर 30 हजार रुपये का इनाम घोषित था। जांच में सामने आया है कि मुख्य आरोपी नवाब उर्फ लवीश चौधरी अपने एजेंटों के साथ मिलकर निवेशकों को अपंजीकृत कंपनियों में निवेश करने पर प्रतिमाह 6 से 8 प्रतिशत निश्चित रिटर्न देने का झूठा प्रलोभन देता था। निवेशकों से फोरेक्स ट्रेडिंग और अन्य अविनियमित निवेश योजनाओं के नाम पर रकम ली जाती थी। यह राशि के बैंक खातों में जमा कराई जाती थी।

इसके साथ ही तकनीकी जांच में खुलासा हुआ है कि के बैंक खातों में करीब 2062 करोड़ रुपये से अधिक का लेनदेन हुआ है, जिससे घोटाले के विशाल नेटवर्क का अंदाजा लगाया जा सकता है। अपराध दर्ज होने के बाद से ही डायरेक्टर ऋषिकेश राय फरार चल रहा था।


## पीएनटी चौराहा स्थित गीतांजलि काम्प्लेक्स के फ्लैट में हुआ हादसा

# फ्लैट में रखे फ्रिज में ब्लास्ट होने से लगी आग, धुएं में पालतू कुत्ते का घुट गया दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पीएनटी चौराहा स्थित गीतांजलि काम्प्लेक्स के फ्लैट में गुरुवार दोपहर फ्रिज के कंप्रेशर में ब्लॉस्ट हो गया, जिससे आग लग गई और घर में रखा सामान जल गया। आग लगने के समय घर में एक बुजुर्ग मौजूद थीं। हालांकि आग दूसरे कमरों में नहीं फैलने से उन्हें नुकसान नहीं हुआ। फ्लैट मालिक नरेंद्र उनकी पत्नी और बच्चे घर से बाहर थे, जबकि पालतू कुत्ता आग से झुलस गया, जिससे उसकी मौत हो गई। ग्राउंड फ्लोर के फ्लैट में आग लगने से धुएं का गुबार ऊपरी हिस्सों के फ्लैटों में फैल गया, जिससे पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई।

आग की भनक पड़ोसी आशीष धोरे की बेटी को लगी। बच्ची ने फ्लैट से धुआं निकलते देख शोर मचाया, जिसके बाद आशीष ने तुरंत फायर कंट्रोल रूम को जानकारी देकर बुलाया। इधर, आग निजी



अस्पताल के समीप वाले ब्लॉक में लगी थी, जिसे देख अस्पताल के स्टाफ ने अस्पताल के फायर सिस्टम से आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन दूरी अधिक होने की वजह से सफलता नहीं मिली। जिसके बाद कर्मचारियों ने बाल्टियों से पानी डालकर आग को रोकने का प्रयास किया। माता मंदिर और पुल बोगदा से पहुंचीं फायर ब्रिगेड की दमकलों ने करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

### पालतू कुत्ते की गई जान

*इस घटना में फ्लैट के अंदर बंद एक पालतू कुत्ते की आग की चपेट में आने से मौत हो गई। गनीमत रहा कि आग केवल उसी कमरे तक सीमित रही जहां फ्रिज रखा था, लेकिन कमरे में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। फायर आफिसर सौरभ कुमार पटेल ने बताया कि आग का कारण फ्रिज में ब्लास्ट होना सामने आया है।*



## राजस्थान, उत्तर प्रदेश और सागर सहित राहतगढ़ से भोपाल पहुंची पुलिस

# ईरानी डेरे से गिरफ्तार 39 आरोपियों में 27 को भेजा जेल, 11 पुलिस रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अपराधियों का गढ़ कहा जाने वाले ईरानी डेरे में पुलिस की कांबिंग गस्त में गिरफ्तार हुए 39 आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया। वहां से 27 आरोपियों को न्यायायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। 11 आरोपियों की पुलिस ने रिमांड मांगी थी। पुलिस को उनकी रिमांड मिल गई है। रिमांड के दौरान पुलिस राजधानी में हुए अलग अलग थाना क्षेत्रों में अपराध के बारे में पूछताछ कर रही है। इधर, कांबिंग गस्त की जानकारी मिलते ही एक बार फिर प्रदेश के बाहर की पुलिस का जमावड़ा भोपाल में लग गया। राजस्थान, उत्तर प्रदेश और सागर और राहतगढ़ से पुलिस की अलग अलग टीम पहुंची है। यह सभी टीम अपने इलाके में हुए अपराधों की पूछताछ के लिए आरोपियों को रिमांड पर लेकर जा सकती है। फिलहाल पुलिस रिमांड पर लिए गए आरोपियों से पूछताछ कर रही है। कुख्यात बदमाश काला ईरानी पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ सका। अब पुलिस की टीम काला ईरानी की तलाश में जुटी है।

### 400 पुलिसकर्मियों ने की थी कार्रवाई

इस कांबिंग गश्त में 283 स्थाई वारंट, 125 गिरफ्तारी वारंट और 121 जमानती वारंट की तामिली की गई। गश्त के दौरान 8 एसीपी, 16 टीआई और 400 पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया। डेरे से पुलिस ने 17 दो पहिया वाहन, 644.56 ग्राम गोल्ड, 240 ग्राम चांदी और 29 मोबाइल सहित 1 लाख 34 हजार की नगदी और 1 किलो 700 ग्राम गांजा जब्त किया।

# लोडिंग ऑटो की टक्कर से घायल बाइक सवार की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सूखी सेवनिया थाना क्षेत्र में बुधवार की सुबह एक तेज रफ्तार लोडिंग आटो ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां देर रात उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इस मामले में टक्कर मारने वाले लोडिंग आटो चालक के खिलाफ एक्सीडेंट का केस दर्ज किया गया था। घायल की मौत के बाद आरोपी चालक पर धाराएं बढ़ाई जा रही हैं। दरअसल, विपिन सेन ग्राम पिपलिाय बाज खां थाना सूखी सेवनिया में रहते हैं और सैलून चलाते हैं। बुधवार की सुबह वह देवलखेड़ी चौराहा स्थित अपने पिता की चाय की दुकान पर चाय पीने पहुंचे थे। उसी समय उनका साला विकास सेन अपनी बाइक से शिवनगर के लिए निकला था। सुबह करीब 9 बजे विकास बाइक लेकर देवलखेड़ी चौराहा क्रास कर रहा था, तभी लांबाखेड़ा की से आ रहे लोडिंग आटो ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर घायल हो गया। लोगों ने उसे निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां देर रात उसने दम तोड़ दिया।

# एमपी पॉवर मैनेजमेंट कंपनी की 47वीं अंतर क्षेत्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिताएं शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एम.पी. पॉवर मैनेजमेंट कंपनी जबलपुर एवं मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के संयुक्त तत्वावधान में 47वीं अंतरक्षेत्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का गुरूवार को केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) मैदान बीएचईएल में शुभारंभ मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक ऋषि गर्ग ने किया। दो दिवसीय एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में जबलपुर क्षेत्र, उज्जैन, जबलपुर सेंट्रल, ग्वालियर क्षेत्र, भोपाल क्षेत्र, सिरमौर, इंदौर, सारणी, सागर, तथा सिंगाजी की टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता का शुभारंभ 800 मीटर की लंबी दौड़ से हुआ, जिसमें भूरिया अंसारी (इंदौर) प्रथम, शुभम भलावी (जबलपुर सेंट्रल) द्वितीय तथा विजय तिवारी (इंदौर) तृतीय स्थान पर रहे। इसके बाद 200 मीटर की दौड़ हुई जिसमें प्रथम स्थान पर धर्मेंद्र खरे (सारनी) द्वितीय संजय लाल बैगा (चचाई )तथा तृतीय स्थान पर सूर्या बैगा चचाई रहे।

### भेल के मैदान में प्रबंध संचालक ऋषि गर्ग ने किया शुभारंभ



## एलएनसीटी में तृतीय फैकल्टी ओलंपियाड ग्रैंड फिनाले का सफल आयोजन

# क्रिकेट में एलएनसीटी, रस्साकसी में जेएनसीटी, बैडमिंटन टीटी में ऋषिराज कैंपस की जीत


एलएनसीटी डायरेक्टर अनुपम चौकसे के साथ फैकल्टी के खिलाड़ी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एलएनसीटी ग्रुप के शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा तृतीय फैकल्टी ओलंपियाड ग्रैंड फिनाले का एलएनसीटी कैंपस, रायसेन रोड, में किया गया। इस प्रतियोगिता में ऋषिराज डेंटल कॉलेज, जेएनसीटी कैंपस, एलएनसीटी यूनिवर्सिटी एवं एलएनसीटी रायसेन कैंपस की फैकल्टी टीमों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस ओलंपियाड के अंतर्गत बैडमिंटन, टेबल टेनिस, कैरम, शतरंज, रस्साकशी एवं क्रिकेट जैसी विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। बैडमिंटन में डॉ. क्षितिज गुप्ता (ऋषिराज कॉलेज) ने डॉ. अशोक सिंह (एलएनएमसी) को 11–9 एवं 11–10 के स्कोर से हराकर विजेता का खिताब अपने नाम किया। बैडमिंटन में डॉ. गरिमा निचलानी (ऋषिराज डेंटल कॉलेज) ने बरखा सिंह (एलएनसीटी) को 11–7 एवं 11–8 से पराजित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। टेबल टेनिस में डॉ. क्षितिज गुप्ता ने डॉ. अमोल बारवे को हराकर विजेता बने। वहीं टेबल टेनिस (महिला वर्ग) में डॉ. संगीता कपूर ने डॉ. गरिमा निचलानी को 11–8, 11–6 एवं 11–5 के स्कोर से हराकर विजेता का खिताब जीता।

बैद्यनाथ नागपूर असली आयुर्वेद
आयुर्वेद अपनाए..स्वस्थ रहें!

असहनीय जोड़ों का दर्द
इसके लिए चाहिए एक्स्ट्रा केयर



• जोड़ों की पुरानी तकलीफ़
- पीठ दर्द
- घुटनों का दर्द
- कंधो व गर्दन का दर्द
• माँसपेशियों में अकड़न और मोच



रुमार्थो गोल्ड+ कॅप्सूल
स्वर्ण भस्म युक्त

**श्रीमती शकूंतला गोयल, बिलासपूर : प्र.** मेरी बेटी की उम्र 19 वर्ष है, उसे गले में खराश के साथ बार–बार खाँसी आ रही है। कृपया उपचार बताये।
**उ. बैद्यनाथ सितोपलादि चूर्ण** 1 चम्मच सुबह–शाम शहद के साथ दे। **बैद्यनाथ खदिरादी बटी** 1–1 टॅबलेट दिन में 3 बार चुसे तथा **बैद्यनाथ कासामृत** 2–2 चम्मच सुबह–शाम लें।

**श्री राज शाहू, दुर्ग : प्र.** मुझे 3–4 दिन से बुखार है तथा पुरे शरीर में दर्द व अकड़न लग रही है।
**उ. बैद्यनाथ महासुदर्शन काढ़ा** 3 चम्मच बराबर पानी के साथ भोजन पश्चात सुबह–शाम लें। साथ में **बैद्यनाथ महायोगराज गुग्गुलु तथा सर्वज्वरहर लौह** 1–1 टॅबलेट सुबह–शाम भोजन पश्चात पानी के साथ लें।

**श्री राजेश गांधी, राजनांदगांव : प्र.** मुझे 1 सप्ताह से सर्दी, जुकाम है तथा शरीर में बुखार है एसा लगता है।
**उ. बैद्यनाथ लक्ष्मीविलास रस तथा त्रिभुवनकिर्ती रस** 1–1 टॅबलेट सुबह–शाम भोजन के पश्चात पानी के साथ लें। **बैद्यनाथ सितोपलादि चूर्ण** 1 चम्मच सुबह–शाम शहद के साथ लें।

**श्रीमती अशोक बोदनकर, रायपूर : प्र.** मेरी उम्र 58 वर्ष है, मुझे चलते समय घुटनों में बहुत दर्द होता है। उठते–बैठते कमर दर्द भी रहता है, कृपया उपचार बतायें।
**उ. बैद्यनाथ महारास्नादि काढ़ा** 3–3 चम्मच समभाग पानी के साथ सुबह–शाम भोजन के बाद लें। साथ में **बैद्यनाथ रुमार्थो टॅबलेट** 1–1 टॅबलेट सुबह–शाम पानी के साथ लें। **बैद्यनाथ रुमा ऑईल** दर्द की जगह लगायें।

वैद्य रमेश शर्मा, एम. डी. (आयु.) प्रधान वैद्य

बैद्यनाथ के दवाइयों के साथ जानकारी हेतू सेवनविधी दी है। इस का प्रयोग वैद्यकिय परामर्श से करें। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें 844 844 4935 I www.baidyanath.co




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930